सूर्योदय 5:59 सूर्यास्त 6:42
आज का तापमान
शिमला 17.1 न्यू 27.4 अधि
धर्मशाला 18.5 न्यू 30.5 अधि
बाजार
सेंसेक्स 82134.61
निफ्टी 25235.90
सोना 71,450 चांदी 88,400

www.anantgyaan.in

# अनंत ज्ञान




गत चैंपियन नोवाक उलटफेर का शिकार

पृष्ठ 14 पर

आरएनआई नं. HPHIN01099 | कांगड़ा | रविवार, 1 सितंबर 2024 | 17 भाद्रपद, विक्रमी संवत 2081 | वर्ष 1, अंक 255, कुल पृष्ठ 14 | मूल्य : 5 रुपए | follow us on: | 8894521702

## न्यूज शॉर्ट्स

### बेगूसराय में गिरिराज पर हमला, आरोपी गिरफ्तार



**बेगूसराय।** बेगूसराय के सांसद एवं केंद्रीय मंत्री गिरिराज सिंह पर एक युवक ने हमला कर दिया। यह घटना तब हुई जब जनता दरबार में वह लोगों की बात सुन रहे थे और युवक ने माइक को कब्जे में ले लिया और अनाप-शनाप बयानबाजी की। इसके बाद मुक्का जड़ दिया, जिससे सुरक्षाकर्मियों ने रोक लिया। सुरक्षाकर्मियों ने आरोपी युवक को गिरफ्तार कर लिया है। गिरफ्तार आरोपी की पहचान मोहम्मद सैफी के रूप में की गई है।

### एयरलिफ्ट किया जा रहा हेलिकॉप्टर गिरा



**नई दिल्ली।** केदारनाथ से एयरलिफ्ट किए जा रहे हेलिकॉप्टर को शनिवार सुबह गिराना पड़ गया। केस्ट्रल एविएशन के इस हेलिकॉप्टर को रिपेयरिंग के लिए एमआई-17 एयरक्राफ्ट से एयरलिफ्ट किया जा रहा था। एयरलिफ्ट के दौरान तेज हवा के चलते एमआई-17 का बैलेंस बिगड़ गया, जिसके बाद पायलट ने हादसे की आशंका को देखते हुए इसे सुरक्षित जगह ड्रॉप कर दिया।

### सुदूर पूर्व क्षेत्र में रूसी हेलिकॉप्टर लापता

**मास्को।** रूस के पूर्वी इलाके में शनिवार को हेलिकॉप्टर लापता हो गया। हेलिकॉप्टर में 22 यात्री सवार थे। रूस की संघीय हवाई परिवहन एजेंसी ने एक बयान में कहा कि एमआई-8 हेलिकॉप्टर ने कामचटका क्षेत्र में वाचकाझेत्स ज्वालामुखी के निकट से उड़ान भरी थी, लेकिन वह निर्धारित समय पर अपने गंतव्य पर नहीं पहुंचा। एमआई-8 दो इंजन वाला हेलिकॉप्टर है, जिसे 1960 के दशक में 'डिजाइन' किया था। इसका इस्तेमाल रूस में व्यापक रूप से किया जाता है, जहां अक्सर दुर्घटनाएं होती रही हैं। पड़ोसी देशों में भी एमआई-8 हेलिकॉप्टर का इस्तेमाल किया जाता है।

### एलन मस्क को झटका ब्राजील में 'एक्स' बैन



**नई दिल्ली।** दुनिया के सबसे अमीर शख्स एलन मस्क को ब्राजील ने बड़ा झटका दिया है। ब्राजील की शीर्ष अदालत ने एलन मस्क की सोशल मीडिया कंपनी 'एक्स' पर देश में रोक लगाने का आदेश दिया है। सुप्रीम कोर्ट का यह आदेश तब आया है, जब एलन मस्क ने ब्राजील में कानूनी प्रतिनिधि का नाम बताने से इनकार कर दिया। जब तक 'एक्स' कोर्ट के सभी आदेशों का पालन नहीं करता है और जुर्माना नहीं भरता है, तब तक इस पर पूरी तरह से बैन रहेगा।

## अंदर के पन्नों पर पढ़ें

- बिजली बिल जमा करने के लिए भेजे जा रहे फर्जी मैसेज -पेज 4
- हरोली में आतंक मचा रहे डकैत पकड़े -पेज 7
- फोरलेन पंडोह बाइपास टकौली प्रोजेक्ट का कार्य 3 माह से ठप -पेज 9
- भारत ने यूपीआई लेनदेन में कई देशों को छोड़ा पीछे -पेज 13
- रोहड़ू की प्रज्ञा ने हिमाचल की बैडमिंटन टीम में बनाई जगह -पेज 14


# त्वरित न्याय से बढ़ेगी आधी आबादी की सुरक्षा : पीएम मोदी

## कहा- सुप्रीम कोर्ट ने 75 वर्ष में संविधान और संवैधानिक मूल्यों की यात्रा की

**एजेंसी, नई दिल्ली**

**प्रधानमंत्री** नरेंद्र मोदी ने दिल्ली के भारत मंडपम में शनिवार को जिला अदालतों की नेशनल कॉन्फ्रेंस का उद्घाटन किया। उन्होंने कहा कि आज महिलाओं के खिलाफ अत्याचार, बच्चों की सुरक्षा समाज की गंभीर चिंता है। देश में महिलाओं की सुरक्षा के लिए कई कठोर कानून बने हैं। महिलाओं के खिलाफ अपराध के मामलों में त्वरित न्याय की आवश्यकता पर जोर देते हुए कहा कि इससे महिलाओं में अपनी सुरक्षा को लेकर भरोसा बढ़ेगा। उन्होंने कहा कि सुप्रीम कोर्ट ने 75 वर्ष में संविधान और संवैधानिक मूल्यों की यात्रा की है। न्यायपालिका को संविधान का संरक्षक माना जाता है और उच्चतम न्यायालय एवं न्यायपालिका ने इस जिम्मेदारी को बखूबी निभाया है।

उन्होंने जिला न्यायालय के न्यायाधीशों से अपील की कि वे मामलों का शीघ्र निपटारा करें, ताकि विशेष रूप से महिलाओं और पूरे समाज में सुरक्षा की भावना पैदा हो सके। इसमें भी डिस्ट्रिक्ट मॉनिटरिंग कमेटी की भूमिका अहम है, जिसमें डिस्ट्रिक्ट जज, डीएम और एसपी शामिल होते हैं। इन कमेटी को और सक्रिय करने की जरूरत है। महिला अत्याचारों से जुड़े मामलों में जितनी तेजी से फैसले आएंगे, आधी आबादी का सुरक्षा पर उतना ही अधिक भरोसा बनेगा। पिछले 10 सालों में अदालतों के आधुनिकीकरण के लिए मिशन स्तर पर काम किया जा रहा है, जिसमें सुप्रीम कोर्ट और न्यायपालिका की महत्वपूर्ण भूमिका रही है। आज का कार्यक्रम भी इसका उदाहरण है। अगले दो दिनों में लंबित मामलों के प्रबंधन, मानव संसाधन और कानूनी बिरादरी की बेहतरी समेत कई महत्वपूर्ण विषयों पर चर्चा होगी। इसमें 'न्यायिक कल्याण' पर एक सत्र भी शामिल किया गया है।



सुप्रीम कोर्ट की स्थापना पर सीजेआई चंद्रचूड़ के साथ डाक टिकट जारी करते पीएम मोदी।

### पीएम ने किया सिक्का और डाक टिकट जारी

**प्रधानमंत्री** मोदी ने सुप्रीम कोर्ट की स्थापना के 75 वर्ष पूरे होने के उपलक्ष्य में एक सिक्का और डाक टिकट जारी किया। इस दौरान मुख्य न्यायाधीश न्यायमूर्ति डॉ. धनंजय वाई चंद्रचूड़, शीर्ष अदालत के अन्य न्यायाधीश, सभी उच्च न्यायालयों के मुख्य न्यायाधीश आदि भी इस मौके पर मौजूद रहे। वहीं, राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू एक सितंबर को सम्मेलन में समापन भाषण देंगी और उच्चतम न्यायालय के ध्वज और प्रतीक चिन्ह का अनावरण भी करेंगी। इस दो दिवसीय सम्मेलन में जिला न्यायपालिका से संबंधित विषयों पर मंथन किया जाएगा।

### तीन वंदे भारत ट्रेनों को दिखाई हरी झंडी

**प्रधानमंत्री** नरेंद्र मोदी ने शनिवार को वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग के माध्यम से 3 नई वंदे भारत ट्रेनों को हरी झंडी दिखाई। ये ट्रेनें चेन्नई से नागरकोइल, मदुरै से बेंगलुरु और मेरठ से लखनऊ के बीच चलेंगी। पीएम ने कहा कि वंदे भारत आधुनिक होती भारतीय रेलवे का नया चेहरा है। आज हर रूट पर वंदे भारत की डिमांड है। देशभर में अब 102 वंदे भारत ट्रेनें चल रही हैं। 3 करोड़ से ज्यादा लोग इन ट्रेनों से यात्रा कर चुके हैं। वंदे भारत ट्रेनों की शुरुआत पहली बार 15 फरवरी 2019 को मेक इन इंडिया स्कीम के तहत की गई थी। इस समय देश में 100 से ज्यादा वंदे भारत ट्रेनें चल रही हैं। वंदे भारत ट्रेनों का रूट देश के 280 से अधिक जिलों को आपस में जोड़ रहा है।

## कर्मचारियों में मचा हड़कंप, धांधलियों को लेकर जांच शुरू

# मंडी के जलशक्ति डिवीजन बग्गी में विजिलेंस की छापेमारी

**आदर्श यादव, नेरचौक**

**मंडी** जिले के जलशक्ति विभाग के बग्गी मंडल कार्यालय में भ्रष्टाचार को लेकर शनिवार को विजिलेंस टीम ने छापेमारी की। इससे कर्मचारियों में हड़कंप मच गया है। विजिलेंस टीम कार्यालय में लगभग साढ़े 12 बजे पहुंची और देर शाम तक दस्तावेजों की जांच सहित विभागीय कर्मियों से पूछताछ की गई।





सूत्रों के मुताबिक, पिछले कुछ समय से कार्यालय में विभागीय अधिकारियों की ओर से नियमों को ताक पर रखकर कार्यों को अंजाम दिया जा रहा था और कुछ चुनिंदा ठेकेदारों को ही लाभ पहुंचने के लिए काम आवंटित किए गए। पिछले लंबे समय से अधिकारियों पर ठेकेदार आरोप लगा रहे थे। अभी हाल ही में सुंदरनगर के एक ठेकेदार ने राज्य भ्रष्टाचार निरोधक ब्यूरो शिमला को उक्त कार्यालय में हो रहे भ्रष्टाचार के बारे में शिकायत की थी, जिसमें आधा दर्जन से भी अधिक आरोप यहां के अधिकारी पर लगाए गए हैं। ठेकेदार ने जलशक्ति विभाग के प्रमुख अभियंता से लेकर संबंधित सभी अधिकारियों को भी शिकायत की कॉपी प्रेषित की गई थी, जिसमें बताया पिछले वित्तीय वर्ष में सभी निविदा प्रक्रिया और बजटीय आवंटन का उल्लंघन करते हुए करीब 1400 निविदाएं की हैं। इनमें सामान्य वित्त नियम की पूरी तरह से अनदेखी की गई है। पंपिंग मशीनरी की तकनीकी जांच किए बिना ही काम सौंप दिया गया है और गलत मशीनरी और सामान का चयन और खरीद की गई है। खुले बाजार से बहुत अधिक दरों पर सामग्री और जनरेटर खरीदे हैं, जबकि ये सभी सामान एचपी दर अनुबंध पर बहुत कम कीमतों पर उपलब्ध हैं। जब भी कोई आरटीआई मांगी जाती है तो वह उपलब्ध नहीं कराई जाती है। (अनंत ज्ञान)

> सतर्कता विभाग को जल शक्ति विभाग के बग्गी मंडल में भारी अनियमितताओं को लेकर शिकायत मिली हैं, जिसके आधार पर शनिवार को सतर्कता विभाग की टीम ने जांच शुरू की है।
> **- कुलभूषण वर्मा, पुलिस अधीक्षक सतर्कता विभाग मंडी।**

## शंभू बॉर्डर पर किसान आंदोलन में पहुंचीं विनेश फोगाट

**एजेंसी, चंडीगढ़**

**पेरिस** ओलिंपिक से डिसक्वालिफाई हुई पहलवान विनेश फोगाट ने शनिवार को शंभू बॉर्डर पहुंच किसानों के प्रति अपना समर्थन व्यक्त किया। उन्होंने कहा कि केंद्र सरकार को उनकी मांगों पर ध्यान देना चाहिए व उन्हें प्राथमिकता के आधार पर हल करना चाहिए। संयुक्त किसान मोर्चा (गैर-राजनीतिक) और किसान मजदूर मोर्चा ने अपने 'दिल्ली चलो' मार्च के 200 दिन पूरे होने के उपलक्ष्य में यहां किसान महापंचायत का आयोजन किया। फोगाट ने कहा कि मैं आपको बताना चाहती हूं कि आपकी बेटी आपके साथ है। किसानों की मांगें 'अवैध' नहीं हैं। केंद्र से अनुरोध किया कि उनकी बात सुनी जाएं। उन्होंने कहा कि हक मांगने वाला हर व्यक्ति राजनेता नहीं होता है। इसे धर्म से भी न जोड़ा जाए।



# पठानकोट से किडनैप 7 साल का बच्चा नूरपुर में बरामद, 2 गिरफ्तार

## अपनी मौत का ड्रामा रचने वाला डिसमिस बीएसएफ जवान मास्टरमाइंड

**अशोक ठाकुर, पठानकोट**

**पठानकोट** से कारोबारी के किडनैप 7 साल के बच्चे को पंजाब पुलिस ने कांगड़ा जिले के नुरपूर से बरामद कर लिया है। पुलिस ने दो आरोपियों को गिरफ्तार किया है।

अपनी मौत का ड्रामा रचने वाले नुरपूर के डिसमिस बीएसएफ जवान अमित राणा मास्टरमाइंड हैं। वह पहले भी चंबा में एक आपराधिक घटना में सलिंप्त था। उसके साथ एक अन्य व्यक्ति भी है। पठानकोट शहर के सैली रोड पर शाह कॉलोनी से स्कूल से लौट रहे एक बच्चे को शुक्रवार दोपहर कार सवारों ने किडनैप कर लिया था। आरोपियों ने एक चिट्ठी भी फेंकी और दो करोड़ रुपए की फिरौती मांगी। इस घटना का सीसीटीवी वीडियो भी सामने आया था। बाद में जांच में पता चला कि कार में हिमाचल का फर्जी नंबर प्लैट लगाया गया था। सूचना मिलते ही पंजाब पुलिस हरकत में आई और फिर हिमाचल प्रदेश पुलिस से भी संपर्क किया। डीआईजी बार्डर रैंज सतिंदर सिंह ने बताया कि दो आरोपियों को गिरफ्तार किया है।



## गुरेज सेक्टर में सुरक्षाबलों और आतंकियों में मुठभेड़

**अनंत ज्ञान, जम्मू**

**जम्मू**-कश्मीर में एलओसी के पास गुरेज सेक्टर में शनिवार को सुरक्षबलों और आतंकियों के बीच मुठभेड़ हुई। सेना ने अतिरिक्त सुरक्षाबलों को भेजा है।



सेना के जवानों ने पूरे इलाके की घेराबंदी कर दी गई है और सर्च ऑपरेशन चलाया गया है। बताया जा रहा है कि मौके पर दो से तीन आतंकी घिरे हुए हैं। हालांकि, आतंकियों की संख्या को लेकर अभी अधिकारिक पुष्टि नहीं हुई है।

# जासूसी नहीं, सतलुज जल विद्युत निगम करवा रहा है ड्रोन से शहर की मैपिंग

## नेता प्रतिपक्ष के आरोप बेबुनियाद और निराधार : नरेश चौहान

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, शिमला**

नेता प्रतिपक्ष जयराम ठाकुर की ओर से प्रदेश सरकार पर जासूसी करने के आरोपों पर मुख्यमंत्री के प्रधान मीडिया सलाहकार नरेश चौहान ने पलटवार किया है।

उन्होंने कहा कि नेता प्रतिपक्ष ने जो आरोप लगाए हैं वे गलत साबित हुए हैं। जिस ड्रोन की वह बात कर रहे हैं, वह जल प्रबंधन निगम का है। जल प्रबंधन निगम शिमला शहर का ड्रोन के जरिए सर्वे कर रहा है। मुख्यमंत्री सुखविंद्र सिंह सुक्खू ने भी विधानसभा में जवाब दिया था कि प्रदेश सरकार किसी की भी जासूसी नहीं करवा रही है। जयराम ठाकुर ने गलत और निराधार आरोप लगाए हैं। नरेश चौहान ने कहा कि पूर्व भाजपा सरकार की गलत नीतियों के कारण प्रदेश में आर्थिक संकट पैदा हुआ है। भाजपा सरकार ने कर्ज का बोझ प्रदेश पर डाला है और सरकारी कर्मचारी पेंशनर की देनदारियां पूर्व सरकार ने चुकता नहीं की और 10 हजार करोड़ की देनदारियां सरकार पर छोड़ी गई है, जबकि पूर्व सरकार को उस समय काफी पैसा मिला था। 50 हजार एरियर का ही भुगतान किया, जोकि काफी कम था।

# सरकार व ईएफएस फेसिलिटीज सर्विसिज लिमिटेड में एमओयू

## सीएम सुक्खू ने पांच उम्मीदवारों को सौंपे नियुक्ति पत्र



**अनंत ज्ञान ब्यूरो, शिमला**

**हिमाचल** के युवाओं को विदेशों में रोजगार के अवसर उपलब्ध करवाने के लिए शनिवार को मुख्यमंत्री ठाकुर सुखविंद्र सिंह सुक्खू की उपस्थिति में राज्य सरकार और दुबई स्थित ईएफएस फेसिलिटीज सर्विसिज ग्रुप लिमिटेड के मध्य समझौता ज्ञापन हस्ताक्षरित किया गया।

प्रदेश सरकार की तरफ से रोजगार विभाग के उपनिदेशक संदीप ठाकुर और ईएफएस फेसिलिटीज सर्विसिज ग्रुप लिमिटेड के मुख्य कार्यकारी अधिकारी तारिक चौहान ने समझौता ज्ञापन हस्ताक्षरित किए। राज्य सरकार की अभिनव पहल के तहत मुख्यमंत्री ने ऊना जिले के रजत कुमार, सुनील कुमार, जसप्रीत सिंह, अभिनव शर्मा और जिला हमीरपुर के दिनेश को विदेश में कार्य करने के लिए नियुक्ति पत्र प्रदान किए।

# कोलकाता रेप-मर्डर केस : पुलिस का सिविक वॉलंटियर गिरफ्तार

**एजेंसी, कोलकाता**

**कोलकाता** आरजी कर मेडिकल कॉलेज अस्पताल में ट्रेनी डॉक्टर के रेप-मर्डर के विरोध में जूनियर डॉक्टरों का प्रदर्शन 23वें दिन शनिवार को भी जारी रहा। पश्चिम बंगाल की मंत्री डॉ. शशि पंजा और टीएमसी कार्यकर्ताओं ने भी प्रदर्शन किया। वहीं, पुलिस के सिविक वॉलंटियर को गिरफ्तार किया गया है।

वॉलंटियर शुक्रवार को रविंद्र भारती यूनिवर्सिटी के पास चल रहे प्रदर्शन के दौरान शराब के नशे में बाइक लेकर में घुस गया था। एक छात्र को टक्कर मार दी, जिसमें उसे चोट आई हैं। पुलिस ने बिना एक्शन लिए आरोपी को छोड़ दिया। इसके बाद डॉक्टरों ने आरोपी की गिरफ्तारी को लेकर 5 घंटे तक बीटी रोड जाम कर दिया। वहीं, केंद्रीय महिला एवं बाल विकास राज्य मंत्री ने बंगाल सीएम ममता बनर्जी को पत्र लिखा है।

### गिरफ्तार छात्र को कोर्ट ने किया रिहा

**कलकत्ता** हाईकोर्ट ने 30 अगस्त को रेप-मर्डर केस के विरोध में प्रदर्शन करने वाले छात्र सायन लाहिड़ी को रिहा करने का आदेश दिया है। सायन पर बिना परमिशन के नबन्ना रैली निकालने का आरोप था। इसी रैली में हिंसा के दौरान कई पुलिसकर्मी घायल हुए थे। कोर्ट ने पुलिस को फटकार लगाते हुए कहा कि अधिकारियों को इस मुद्दे को संवेदनशील तरीके से संभालना चाहिए था, न कि प्रदर्शनकारियों को निशाना बनाकर उन्हें आंदोलन करने से रोकना चाहिए था।





# अयोध्या में दिवाली पर 25 लाख दीये जलाकर बनाया जाएगा विश्व रिकॉर्ड

**एजेंसी, अयोध्या**

**अयोध्या** में इस साल दीपोत्सव को भव्य बनाने की तैयारियां चल रही हैं। इस साल का उत्सव और भी महत्वपूर्ण होगा, क्योंकि यह राम मंदिर में भगवान रामलला की प्राण प्रतिष्ठा के बाद पहला दीपोत्सव है।


अयोध्या में जलाए जाने वाले दीपों की संख्या का एक नया रिकॉर्ड बनने की उम्मीद है, जिसका लक्ष्य शहर को 25 लाख दीपों से रोशन करना है, जो पिछले साल के 21 लाख के रिकॉर्ड को पार कर जाएगा।

सितंबर में इस उत्सव की तैयारियां शुरू हो जाएंगी। अवध विश्वविद्यालय ने दिवाली समारोह के लिए नोडल अधिकारी नियुक्त किया है। एक तरफ सरयू नदी के तट लाखों दीपों से जगमगाएंगे, वहीं दूसरी तरफ उत्सव की खूबसूरती बढ़ाने के लिए 500 स्थानों पर आकर्षक बोर्ड लगाए जाएंगे। अवध विश्वविद्यालय के स्वयंसेवक सरयू नदी के किनारे और सभी घाटों पर 25 लाख दीप जलाकर नया विश्व रिकॉर्ड बनाने का लक्ष्य लेकर चलेंगे।

### पिछले साल 51 घाटों पर जलाए थे 21 लाख से ज्यादा दीपक

इस दीपोत्सव के दौरान सात मशीनीकृत झांकियां, एक कोरियोग्राफ्ड एरियल ग्रीन पटाखा शो, साथ ही एक लेजर शो और कई अन्य आकर्षण होंगे। उत्तर प्रदेश पर्यटन विभाग ने इस आयोजन के लिए एजेंसी के चयन और कार्यों के आवंटन की प्रक्रिया शुरू कर दी है। अयोध्या शहर को सुंदर बनाने के लिए प्रयास चल रहे हैं, जिसमें सरयू नदी के किनारे मिट्टी के दीये जलाना और नदी के किनारों की सुंदरता को बढ़ाना शामिल है।





## न्यूज ब्रीफ

### सरस्वती नगर कॉलेज में खेल प्रतियोगिता आयोजित



**दशमी रावत, जुब्बल।** लाल बहादुर शास्त्री राजकीय स्नातकोत्तर महाविद्यालय सरस्वती नगर में प्राचार्य प्रेम प्रकाश चौहान की अध्यक्षता में नेशनल स्पोर्ट्स-डे के उपलक्ष्य में तीन दिवसीय खेल प्रतियोगिता का आयोजन हुआ। इस प्रतियोगिता के संयोजक प्रो. संजीव रहे। मुख्यतिथि के रूप में महाविद्यालय के प्रॉचार्य प्रेम प्रकाश चौहान रहे। प्रतियोगिताओं में महिला वर्ग में हॉस्टल और डे स्कॉलर की दो टीम थी जिसमें डे स्कॉलर की टीम विजयी रही। योगेश की टीम प्रथम स्थान पर व शुभम की टीम दूसरे स्थान पर रही। चेस में मोनिका प्रथम व आर्यांश दूसरे स्थान पर रहे।

### सीमा कॉलेज में युवा टूरिज्म क्लब का गठन



**दशमी रावत, रोहड़ू।** राजकीय स्नातकोत्तर महाविद्यालय सीमा में युवा टूरिज्म क्लब का गठन किया गया। क्लब की कार्यकारिणी का गठन प्राचार्य डॉ. ललिता रावत के निर्देशन अनुसार किया गया। प्राचार्य डॉ. ललिता रावत ने कहा कि इस क्लब का उद्देश्य छात्रों को पर्यटन के प्रति जागरुक करना और उनमें पर्यटन के हुनर विकसित करना है। छात्र कार्यकारणी के गठन में अध्यक्ष मुकुल, उपाध्यक्ष मनीष व श्रेया, सचिव सुमित एवं कोषाध्यक्ष नीतीश वर्मा को बनाया गया।

### वित्तीय संकट में निकल रही मलाइदार पोस्टिंग : बिहारी

**अनंत ज्ञान, शिमला।** भाजपा प्रदेश महामंत्री बिहारी लाल शर्मा ने कहा की कांग्रेस के कैप्टन और प्लेइंग इलेवन प्रदेश की कमजोर वित्तीय स्तिथि का रोना रोते है और दूसरी ओर उनके कैप्टन एक्स्ट्रा प्लेयर के लिए जगह बनाते है। एक सरकारी नोटिफिकेशन में सरकार बोर्ड के अध्यक्ष का मानदेय 30 हजार से 1 लाख 30 हजार कर दिया यह सरकार का दो चेहरा चरित्र दिखाता है। एक जगह कांग्रेस के मुख्यमंत्री वेतन छोड़ने की बात करते और दूसरी ओर अपने एक और खास मित्र के लिए बड़ी हुई सैलरी वाली पोस्टिंग को उत्पन करना कांग्रेस के चरित्र को दर्शाता है।

### युवाओं को विदेशों में रोजगार के लिए मिलेगा अवसर



**अनंत ज्ञान, शिमला।** प्रदेश के युवाओं को विदेशों में रोजगार के अवसर उपलब्ध करवाने के लिए शनिवार को मुख्यमंत्री सुक्खू की उपस्थिति में राज्य सरकार और दुबई स्थित ईएफएस फेसिलिटीज सर्विसिज ग्रुप लिमिटेड के मध्य समझौता ज्ञापन हस्ताक्षरित किया गया। प्रदेश सरकार की तरफ से रोजगार विभाग के उप-निदेशक संदीप ठाकुर और ई.एफ.एस. फेसिलिटीज सर्विसिज ग्रुप लिमिटेड के मुख्य कार्यकारी अधिकारी तारिक चौहान ने समझौता ज्ञापन हस्ताक्षरित किए। चयनित सभी पांच उम्मीदवारों की वीजा प्रक्रिया प्रगति पर है एवं सभी युवाओं की इस वर्ष के सितम्बर माह तक कार्य करने के लिए सउदी अरब जाने की संभावना है।

### नेहा ऑल इंडिया रजिस्टर्ड नर्सिज फेडरेशन की बनी राष्ट्रीय उपाध्यक्ष




**अनंत ज्ञान, शिमला।** हिमाचल की बेटी नेहा ठाकुर को राष्ट्रीय स्तर पर एक बड़ी जिम्मेदारी मिली है। ऑल इंडिया रजिस्टर्ड नर्सिज फेडरेशन ने नेहा को राष्ट्रीय उपाध्यक्ष नियुक्त किया है। नेहा पेशे से असिस्टेंट प्रोफ़ेसर है और हिमाचल के बिलासपुर ज़िला के छोटे से गाव देलग की रहने वाली है। नेहा ठाकुर ने कहा कि जो उन्हें जिम्मेबारी मिली है उसका वो बखूबी निर्वहन करेंगी।

### बिलासपुर कॉलेज में एड्स बारे किया जागरूक




**अनंत ज्ञान ब्यूरो, बिलासपुर।** राजकीय महाविद्यालय बिलासपुर के रेड रिबन क्लब और एनएसएस के सौजन्य से एचआईवी/एड्स पर फ्लैश मोब और रैली का आयोजन किया गया। इस कार्यक्रम की अध्यक्षता महाविद्यालय के कार्यकारी प्राचार्य डॉ.पीएस कटवाल ने की। उन्होंने विद्यार्थियों को संबोधित करते हुए कहा कि एड्स एक ऐसी जानलेवा बीमारी है, जिसमें एचआईवी संक्रमण के बाद मानवीय शरीर की प्रतिरोधक क्षमता घटने लगती है। एचआईवी संक्रमित व्यक्ति में एड्स की पहचान संभावित लक्षणों के देखने के बाद ही हो पाती है। इसके बाद महाविद्यालय में बच्चों ने फ्लैश मोब के द्वारा नशे से दूर रखने का संदेश दिया। इस अयोजन के संयोजक रेड रिबन क्लब की नोडल अधिकारी प्रोफेसर सोनिया राठौर तथा एनएसएस नोडल अधिकारी डॉक्टर अजीत रहे। इस अवसर पर डॉक्टर सुरेंद्र ठाकुर विशेष रूप से उपस्थित रहे।


### जुखाला कॉलेज में मनाया राष्ट्रीय खेल दिवस



**अनंत ज्ञान, बिलासपुर।** राजकीय महाविद्यालय जुखाला में प्राचार्य डॉ. ध्रुव पाल की अध्यक्षता में मेजर ध्यानचंद की याद में राष्ट्रीय खेल दिवस मनाया गया। सर्वप्रथम शारीरिक शिक्षा विभाग के प्राध्यापक डॉ. विनोद कुमार ने मुख्यातिथि का स्वागत किया। इस अवसर पर मुख्यातिथि के रूप में प्राचार्य ने विद्यार्थियों को संबोधित करते हुए कहा कि भविष्य में आपको मेजर ध्यानचंद के सपनों को साकार करना है। हॉकी के जादूगर के रूप में जाने वाले ध्यानचंद ने खेल क्षेत्र योगदान में भारतीय खेल इतिहास पर एक अमिट छाप छोड़ी है। अपने वक्तव्य में प्राचार्य ने विद्यार्थियों को जीवन में कड़ी मेहनत करने की सलाह दी। उन्होंने कहा कि कड़ी मेहनत करके जीवन में मनचाहे लक्ष्य को हासिल किया जा सकता है। इस अवसर पर महाविद्यालय के छात्रों की वॉलीबॉल प्रतियोगिता करवाई गई। इस प्रतियोगिता में ग्रुप ए टीम विजयी रही। जिसमें कप्तान अविनाश ठाकुर तृतीय वर्ष और ग्रुप बी के कप्तान मानवेंद्र तृतीय वर्ष रहे। इस अवसर पर महाविद्यालय का समस्त शिक्षक व गैर शिक्षक वर्ग उपस्थित रहा।

### कड़ी मेहनत से ही हासिल होता है सही मुकाम

**अनंत ज्ञान, बरठी।** राजकीय महाविद्यालय झंडुता में करियर काउंसिलिंग एंड प्लेसमेंट सेल के संयोजक प्रोफेसर बलवीर चंद द्वारा विद्यार्थियों के लिए व्याख्यान का आयोजन करवाया गया। जिसमें सेवानिवृत्त प्राचार्य प्रोफेसर अशोक ठाकुर ने बतौर मुख्यातिथि शिरकत की। उन्होंने विद्यार्थियों को उनके करियर का चुनाव करने के लिए मार्गदर्शन करते हुए कहा कि वे किस तरह से खुद को किसी से कम न आंकते हुए और समय का सदुपयोग करके जीवन में सफलता प्राप्त कर सकते हैं । उन्होंने विद्यार्थियों को अपना स्वोट विश्लेषण करने के लिए प्रेरित किया, जो कि हम अपनी शक्तियों, कमजोरियों, अवसरों और खतरों के मूल्यांकन के लिए इस्तेमाल कर सकते हैं। अपने वक्तव्य में उन्होंने कहा कि कड़ी मेहनत और शिक्षक के दिखाए हुए रास्ते पर चलते हुए विद्यार्थी अपने जीवन में सही मुकाम को प्राप्त कर सकते हैं। इसके पश्चात महाविद्यालय के प्राचार्य प्रोफेसर सतीश चंदेल ने प्रोफेसर अशोक ठाका धन्यवाद किया और विद्यार्थियों को उनके द्वारा दिए गए प्रेरणादायक व्याख्यान पर अमल करने को कहा ।



# शिमला के तीन मंदिरों की बनेगी वेबसाइट

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, शिमला**

शिमला शहर के तीन प्रमुख मंदिरों की वेबसाइट बनाई जाएगी। ये फैसला उपायुक्त शिमला अनुपम कश्यप ने श्री तारा देवी माता मंदिर, संकट मोचन मंदिर और हनुमान जी मंदिर जाखू की न्यास की बैठकों की अध्यक्षता करते हुए लिया है। डीसी ने कहा कि तीनों मंदिरों की अपनी कोई भी वेबसाइट नहीं है। ऐसे में श्रद्धालुओं को मंदिर के बारे सारी जानकारी एक मंच पर नहीं मिल पाती है।

मंदिर की बेवसाइट, मंदिर की आय व्यय, विकासात्मक कार्य, इतिहास से जुड़ी, भंडारा बुकिंग, दान सुविधा आदि कई प्रकार की सुविधाएं उपलब्ध होगी।

शहर में तीनों मंदिरों में टौर के पत्तल में भंडारा वितरित करने की प्रथा से पर्यावरण के हित में बहुत बड़ा मिसाल साबित हो रही है। बैठक में एसडीएम शहरी भानु गुप्ता, एसडीएम ग्रामीण कविता ठाकुर सहित तीनों मंदिर न्यासों के गैर सरकारी सदस्य विशेष तौर पर मौजूद रहे।



### मंदिर परिसर पर मर्यादित वस्त्रों पर लगेगा होर्डिंग

**जाखू** मंदिर न्यास की बैठक में निर्णय लिया गया है कि मंदिर के भीतर मर्यादित वस्त्र धारण कर के ही श्रद्धालु दर्शनों के लिए आए। इस बारे में मंदिर परिसर में जगह जगह होर्डिंग लगाए जाएंगे। न्यास के सदस्यों ने उक्त सुझाव रखा था, जिस पर सभी ने अपनी सहमति जताई ।

### डीसी करेंगे मंदिर परिसर का दौरा

जाखू मंदिर में बढ़ रही श्रद्धालुओं की संख्या के चलते और पिछले लंबे से समय से मुख्य मंदिर के आसपास विस्तारीकरण को लेकर जिलाधीश अनुपम कश्यप अगले सप्ताह मंदिर का दौरा करेंगे। इस दौरान मंदिर के विस्तारीकरण के लेकर संभावनाएं तलाशी जाएंगी। इसके अलावा मंदिर परिसर में अन्य विकास कार्यों को लेकर भी निरीक्षण किया जाएगा।

### तारादेवी मंदिर में विकास कार्य को मंजूरी

श्री तारा देवी मंदिर में पानी की लीकेज एवं छत से पानी के रिसाव को रोकने के लिए मरम्मत कार्य को मंजूरी दी गई । मंदिर के कुश्ती अखाड़ा के साथ शौचालय एवं स्नानागार निर्माण, 1 लाख लीटर की क्षमता से पानी को स्टोरेज टैंक,पार्किंग एरिया में रेन शेल्टर एंव शौचालय निर्माण कार्य को मंजूरी दी गई । वहीं मंदिर कर्मचारियों को दो नई वर्दी वितरित की जाएगी।

### ये फैसले भी लिए

**जाखू** मंदिर न्यास की बैठक में निर्णय लिया गया है कि श्रद्धालुओं की ओर से चढ़ाएं जाने वाले चमेली के तेल और सिंधुर को वापस श्रद्धालुओं को दिया जाएगा। वहीं इसके साथ मंदिर पुजारियों की पदों को भरने के बारे में प्रस्ताव सरकार को भेजा जाएगा। मंदिर में एक जनवरी से 30 अगस्त 2024 तक कुल 1 करोड़ 99 लाख 47 हजार 571 रूपये की कमाई हुई है। जबकि अभी तक 79 लाख 66 हजार 423 रूपए खर्च किए जा चुके है। मंदिर के विभिन्न बैंकों के बचत खाते में 3 करोड़ 55 लाख 53 हजार 75 रूपए है।

### संकटमोचन मंदिर न्यास

**श्री** संकट मोचन मंदिर न्यास की बैठक में कई फैसले लिए गए। मंदिर में पुजारी की नियुक्ति का प्रस्ताव सरकार को भेजा जाएगा, वहीं पुलिस की तैनाती मंदिर परिसर में की जाएगी ताकि श्रद्धालुओं को बेहतर सुविधाएं मिल सके। मंदिर परिसर में नया जूता घर बनाया जाएगा। इसके लिए जल्द ही भूमि चयनित की जाएगी।

## आर्थिक संकट के बीच प्रदेश सरकार मेहरबान

# एचपीबीओसीडब्ल्यूबी के चेयरमैन की सैलरी एक लाख रुपए बढ़ाई

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, शिमला**

**प्रदेश** सरकार गंभीर आर्थिक संकट के बीच हिमाचल बिल्डिंग एंड अदर कंस्ट्रक्शन वर्कर वेलफेयर बोर्ड (एचपीबीओसीडब्ल्यूबी) के चेयरमैन पर मेहरबान है। कांग्रेस सरकार ने एचपीबीओसीडब्ल्यूबी के चेयरमैन की तनख्वाह में एक लाख रुपए का इजाफा किया है।

चेयरमैन को अब 30 हजार के बजाय 1 लाख 30 हजार रुपए, भत्ते और दूसरी सुविधाएं अलग से मिलेंगी। इसकी अधिसूचना सोशल मीडिया में तेजी से वायरल हो रही है। मुख्यमंत्री सुखविंद्र सिंह सुक्खू ने इसी साल बीते मार्च माह में अपने करीबी एवं कांगड़ा जिले से संबंध रखने वाले कांग्रेस नेता नरदेव कंवर को एचपीबीओसीडब्ल्यूबी में चेयरमैन बनाया था।

न्हें 30 हजार रुपए वेतन मिल रहा था, लेकिन आर्थिक संकट के बीच तनख्वाह लगभग 5 गुना ज्यादा हो गई है। सरकार के इस फैसले से कर्मचारी, पेंशनर, विपक्षी दल सभी भड़क उठे हैं। रिटायर प्रिंसिपल जीवन शर्मा ने कहा कि सुक्खू सरकार में अध्यक्ष मजे ले रहे हैं और पेंशनर कोर्ट कचहरी के चक्कर काट रहे हैं।

### नशे के खिलाफ चलाया जाएगा व्यापक अभियान

**अनंत ज्ञान, शिमला।** जिला स्तरीय नार्को कोर्डिनेशन सेंटर की बैठक उपायुक्त शिमला अनुपम कश्यप की अध्यक्षता में शनिवार को आयोजित की गई। उपायुक्त ने कहा कि आगामी एक महीने के भीतर जिले में नशे के खिलाफ निपटने के लिए विस्तृत अभियान के बारे में रोड़मैप बनाया जाएगा। इसके बाद जिला को नशा मुक्त बनाने के लिए हर संभव प्रयास किये जाएंगे। उपायुक्त ने कहा कि जिले में नशे की चपेट में युवा पीढ़ी धंसती जा रही है। जन सहभागिता को बढ़ाने की दिशा में व्यापक कदम उठाए जाएंगे। उन्होंने जिला के लोगों से अपील की है कि नशे के कारोबार में संलिप्त लोगों की सूचना पुलिस और प्रशासन को दें।

# एसडीएम ने किया मेहंदली फल मंडी का निरीक्षण

**दशमी रावत, रोहड़ू**



एसडीएम मंडी मेहंदली का निरीक्षण करते हुए।

उपमंडलाधिकारी रोहड़ू विजय वर्धन सारस्वत ने मेहंदली फल मंडी का निरीक्षण किया। निरीक्षण का मुख्य उद्देश्य सेब सीजन की प्रगति की समीक्षा और मंडी में चल रहे कार्यों का मूल्यांकन करना था।

निरीक्षण के दौरान वर्धन ने सेब की खरीद, बिक्री और एपीएमसी को होने वाले राजस्व की गहन जांच की। इस जांच के दौरान कई अनियमितताएं पाई गईं, जिन पर उन्होंने एपीएमसी प्रभारी को तत्काल कार्रवाई करने के निर्देश दिए।

वर्धन ने मंडी के कर्मचारियों को स्पष्ट निर्देश दिए कि सभी प्रक्रियाएं पारदर्शी और निष्पक्ष तरीके से संचालित की जाएं। उन्होंने कहा कि सेब सीजन हमारे क्षेत्र की अर्थव्यवस्था के लिए अत्यंत महत्वपूर्ण है। हम यह सुनिश्चित करना चाहते हैं कि मंडी की सभी गतिविधियां सुचारू रूप से चलें और किसी भी प्रकार की अनियमितता बर्दाश्त नहीं की जाएगी।

एसडीएम ने एपीएमसी और मार्केटिंग बोर्ड के अधिकारियों को निर्देश दिया कि मंडी में चल रहे कार्यों को शीघ्र और प्रभावी ढंग से पूरा करें। (अनंत ज्ञान)

### सरकार ने गिरवी रखी कर्मचारियों की भविष्य निधि : जयराम

**अनंत ज्ञान, शिमला।** नेता प्रतिपक्ष जयराम ठाकुर ने कहा कि सरकार ने कर्मचारियों की भविष्य निधि भी गिरवी रख दी। जो पैसा कर्मचारी अपने भविष्य के लिए संभाल कर रखते हैं मुख्यमंत्री सुखविंदर सिंह सुक्खू ने उसे भी गिरवी रखकर उसके बदले कर्ज ले लिया।

सरकार द्वारा कर्मचारियों को पांच तारीख को और पेंशनर को दस तारीख को पेंशन दिए जाने के निर्देश ट्रेज़री को दिए गए हैं ।

अगर ऐसा होता है तो कर्मचारियों पर बड़ी आफत आएगी क्योंकि कर्मचारी का एक एक पैसा भी निर्धारित होता है कि कहां खर्च करेगा, उसे ईएमआई देनी होती है बच्चों की फ़ीस देनी होती है घर का किराया देना होता है और सभी चीज़ें की 5 तारीख से पहले ही देनी पड़ती है ऐसे में उसे भी एक अलग तरह की कठिनाई का सामना करना पड़ेगा।

# प्री-प्राइमरी कक्षाओं की सामग्री तैयार करने के लिए कार्यशाला आयोजित

**अनंत ज्ञान, शिमला**

हिमाचल में प्री-प्राइमरी कक्षाओं की सामग्री तैयार करने के लिए चार दिवसीय कार्यशाला का आयोजन कृषि सहकारी कर्मचारी प्रशिक्षण संस्थान सांगटी, शिमला में किया गया।

स्टार प्रोजेक्ट के अंतर्गत समग्र शिक्षा द्वारा प्री-प्राइमरी कक्षाओं की सामग्री समीक्षा व विकास के लिए आयोजित की जाने वाली विभिन्न कार्यशालाओं के तहत यह पहली चार दिवसीय ( 28 अगस्त से 31 अगस्त तक) कार्यशाला थी। यह कार्यशाला बाल वाटिका 1 बाल वाटिका 2 एवं बाल वाटिका 3 के लिए आवश्यक शिक्षण-सह अधिगम सामग्री का निरीक्षण और सृजन के उद्देश्य से समग्र शिक्षा निदेशक राजेश शर्मा के मार्गदर्शन में आयोजित की गई। इस कार्यशाला का समन्वयन राज्य समन्वयक प्री-प्राइमरी समग्र शिक्षा दिलीप वर्मा ने किया।

### अर्थव्यवस्था में एमएसएमई का बड़ा योगदान

**अनंत ज्ञान, शिमला।** चार्टर्ड अकाउंटेंट्स ऑफ इंडिया (आईसीएआई) की हिमाचल प्रदेश शाखा द्वारा शिमला के पंथाघाटी में एक सेमीनार का आयोजन किया गया। एमएसएमई व सीए का भारतीय अर्थव्यवस्था में योगदान पर चर्चा की गई। आईसीएआई द्वारा एमएसएमई को बढ़ावा देने के लिए किए गए चर्चा हुई। आईसीएआई के शिमला ब्रांच चेयरमैन सीए नरेश विशिष्ट ने कहा कि एमएसएमई की वजह से देश के छोटे उद्यमियों और व्यापारियों को अच्छी समृद्धि प्राप्त हुई है और देश की अर्थव्यवस्था को आगे ले जाने में एमएसएमई का बहुत बड़ा योगदान है।

### एम्स चमियाणा के लिए बस सेवा आरंभ की जाए : प्रेम ठाकुर

**अनंत ज्ञान, जुन्गा ( शिमला )।** शिमला जिला भाजपा अध्यक्ष प्रेम ठाकुर ने सरकार से अटल सुपर स्पेशियलिटी चिकित्सा संस्थान (एम्स) चमियाणा के लिए विशेष बस सेवाएं आरंभ करने की मांग की है ।



प्रेम ठाकुर ने कहा कि सरकार ने आनन फानन में चमियाणा में सुपर स्पेशियलिटी चिकित्सा संस्थान खोल दिया गया है परंतु रोगियों एवं तिमारदारों के लिए कोई व्यवस्था नहीं की गई है । इनका कहना है कि आईजीएमसी शिमला से सुपर स्पेशियलिटी ओपीडी चमियाणा शिफ्ट कर दी गई है । चमियाणा के लिए विशेष बस सेवाओं का प्रावधान न होने से रोगियों को चमियाणा पहुंचने के लिए निजी वाहनों का भरकम किराया अदा करना पड़ता है ।

# जल क्रीड़ाओं के टेंडर को तुरंत रद्द करे प्रशासन

## टावर लाइन शोषित मंच और दी गोबिंदसागर जल परिवहन समिति ने उठाए कई सवाल

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, बिलासपुर**

बिलासपुर में गोबिंदसागर झील में शुरू की गई जल एवं साहसिक क्रीड़ाओं में स्थानीय लोगों के हितों को दरकिनार कर बाहरी लोगों को रोजगार देने पर टावर लाइन शोषित मंच और दी गोबिंदसागर जल परिवहन समिति भड़क गई है। चेतावनी दी है कि यदि 15 दिन के अंदर जिला प्रशासन ने इन क्रीड़ाओं को शुरू करने के लिए किए गए टेंडर का रद्द न किया तो दोनों समितियां सड़कों पर उतरकर विरोध करने पर विवश होंगी।

परिधि गृह बिलासपुर में आयोजित प्रेसवार्ता में टावर लाइन शोषित मंच के राष्ट्रीय अध्यक्ष अधिवक्ता रजनीश शर्मा ने कहा कि जिला प्रशासन ने गोबिंदसागर झील में शिकारे, क्रूज व स्टीमर आदि चलाने के लिए एक कंपनी को टेंडर दिया है तथा संबंधित कंपनी द्वारा झील में अपनी गतिविधियां शुरू कर दी हैं। उन्होंने बताया कि जिला प्रशासन ने चेहतों को लाभान्वित करने के लिए ऐसी शर्तें लगा दीं, ताकि स्थानीय लोगों को बाहर किया जा सके। इसके तहत प्रशासन ने 50 लाख रुपए सालाना टर्न ओवर, कंपनी का पंजीकृत होना और तीन साल का अनुभव होने की शर्त शामिल है। जिला में 165 रूटों पर पिछले 62 सालों से लोग मोटरबोट चला रहे हैं। इसके लिए हर साल जिला प्रशासन द्वारा बाकायदा रूट परमिट जारी किए जाते हैं। संबंधित लोगों के पास पुश्त दर पुश्त बोट चलाने का अनुभव है। इस अवसर पर मंच के राष्ट्रीय महासचिव अखिल शर्मा व मोटरबोट संचालक सुरेंद्र कुमार आदि भी मौजूद रहे।



**कहा, बाहरी लोगों को फायदा देने के लिए प्रशासन ने बदले नियम**

### मोटरबोट संचालकों से एनओसी तक नहीं ली

**दी** गोबिंदसागर जल परिवहन समिति ने आरोप लगाया कि प्रशासन ने टेंडर अवॉर्ड करने से पहले मोटरबोट संचालकों से एनओसी तक नहीं ली। प्रदेश व देश के इतिहास में बिलासपुर में ही ऐसा हुआ है कि यहां पर बाहरी लोगों को काम दिया गया जबकि डल झील में स्थानीय लोग शिकारे चला रहे हैं और कुल्लू में भी स्थानीय लोग रीवर राफ्टिंग का काम कर रहे हैं। मांग की है कि प्रशासन कोलडैम में भी वहां के स्थानीय लोगों को इसका काम आबंटित करे। आरोप लगाया कि प्रदेश में प्राकृतिक आपदा के कारण 15 जुलाई से 15 सितंबर तक साहसिक खेलों पर प्रतिबंध लगाया है, लेकिन बिलासपुर में पिछले डेढ़ महीने से साहसिक खेलों का झील में आयोजन किया जा रहा है।

# भूस्खलन से बाधित सड़क को यातायात के लिए किया बहाल

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, बिलासपुर**

दयोथ के समीप वीरवार रात को काली मिट्टी के पास भूस्खलन से मलबा सड़क पर गिरने से यह सड़क बाधित हो गई थी। इस कारण लोगों को आवागमन करने में भारी परेशानियों से जूझना पड़ा। गत वीरवार देर रात को बारिया के कारण भूस्खलन हो गया। इससे पहाड़ी का सारा मलबा सड़क पर गिर गया। जिस कारण शुक्रवार सुबह क्षेत्र के लोगों को आवागमन करने के लिए सड़क खुलने का इंतजार करना पड़ा। सड़क के बंद होने के कारण दोनों तरफ वाहनों की लंबी-लंबी कतारें लग गई। क्षेत्र के लोगों को अपना दूध पहुंचाने में भी काफी मशक्कत करनी पड़ी। दूध लेने के लिए रात को आई जीपें सड़क बंद होने के कारण फंस गई। इस कारण सड़क की दूसरी तरफ जीपें मंगवाकर दूध को उसमें पलटी किया गया और उसे गंतव्य तक पहुंचाया गया। सड़क बंद होने की सूचना मिलने के बाद हरकत में आए लोक निर्माण विभाग ने अपने कर्मचारी और जेसीबी को मौके पर भेजकर सड़क को कड़ी मशक्कत के बाद यातायात के लिए बहाल किया। सड़क करीब सुबह साढ़े नौ बजे यातायात के लिए बहाल हो पाई, जिस कारण कर्मचारी और कॉलेज के विद्यार्थी देरी से बिलासपुर पहुंचे। लोक निर्माण विभाग बिलासपुर डिवीजन नंबर-2 के अधिशासी अभियंता रंजन कुमार गुप्ता ने बताया कि सड़क को यातायात के लिए बहाल कर दिया गया है। बारिश के कारण भूस्खलन से पहाड़ी से मलबा सड़क पर गिर गया था।



### दघोल स्कूल में एचआईवी/एड्स पर लेक्चर का आयोजन

**अनंत ज्ञान, बिलासपुर।** स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण विभाग जिला बिलासपुर की तरफ से मुख्य चिकित्सा अधिकारी डॉ. प्रवीण चौधरी के दिशा निर्देश में सीनियर सेकेंडरी स्कूल दघोल में एड्स के बारे जागरूक किया गया। इस अवसर पर बच्चों से भाषण प्रतियोगिता, पोस्टर मैकिंग प्रतियोगिता करवाई गई। इसी के साथ जिला के आईटीआई बरठीं में रेड रिबन क्लब के सौंजन्य से संस्थान के समस्त प्रशिक्षणार्थियों हेतु एचआईवी/एड्स पर एक्सपर्ट लेक्चर का आयोजन किया गया। जानकारी दी गई कि एचआईवी संक्रमण के पश्चात मानवीय शरीर की प्रतिरोधक कमता घटने लगती है। एड्स का पूर्ण रूप से उपचार अभी तक संभव नहीं हो सका। एचआईवी को रोकने का एकमात्र तरीका लोगों को इस बारे में जागरूक करना है।

### घुमारवीं कॉलेज में प्रशिक्षुओं को वितरित किए प्रमाण पत्र

**नीरज शर्मा, घुमारवीं**

स्वामी विवेकानंद राजकीय महाविद्यालय घुमारवीं में इंग्लिश एम्प्लाईबिलिटी और एंटरप्रेन्योरशिप का प्रशिक्षण कोर्स पूरा होने पर प्रशिक्षुओं को प्रमाण पत्र वितरित किए गए। इस अवसर पर महाविद्यालय के प्राचार्य प्रो.रामकृष्ण ने मुख्य अतिथि के रूप में शिरकत की। इस कोर्स का संचालन स्वास्थ्य, शिक्षा, पर्यावरण एवं महिला विकास समिति द्वारा हिमाचल प्रदेश कौशल विकास निगम के तत्वावधान में किया गया। इस अवसर पर मुख्य अतिथि प्रो. रामकृष्ण ने कहा कि यह कोर्स हिमाचल प्रदेश विकास कौशल विकास निगम द्वारा विद्यार्थियों के लिए निशुल्क था तथा इसकी अवधि छह महीने की थी। युवाओं को सरकार द्वारा संचालित निशुल्क ऐसी योजनाओं का लाभ प्राप्त कर रोजगार के अवसर सृजित करने चाहिए। (अनंत ज्ञान)

# झंडूता अस्पताल में नहीं मिल रही आरसीटी की सुविधा

**निक्कू राम, बरठीं**

सामुदायिक अस्पताल झंडूता में दंत विभाग के पास पर्याप्त संसाधन नहीं होने के कारण अस्पताल में आ रहे मरीजों को रूट केनाल ट्रीटमेंट (आरसीटी) का लाभ भी नहीं मिल रहा है। आरसीटी नहीं होने के कारण पीड़ितों को निजी अस्पतालों की दौड़ लगानी पड़ रही है। जिसका सीधा असर उनकी जेब पर पड़ रहा है। सामुदायिक अस्पताल झंडूता में एक्स-रे मशीन नहीं है।



दंत विभाग में प्रति दिन 10 से 15 मरीज आते हैं। इनमें से अधिकांश को एक्स-रे की जरूरत होती है। मशीन खराब होने के कारण इन मरीजों को निजी अस्पताल की दौड़ लगानी पड़ती है। दंत विभाग में उपकरणों की कमी के चलते रूट केनाल ट्रीटमेंट (आरसीटी) की सुविधा भी मरीजों को उपलब्ध हो पा रही है। स्थानीय लोगों का कहना है कि हमें दंत एक्स-रे करवाने व रूट केनाल ट्रीटमेंट (आरसीटी) करवाने के लिए बिलासपुर या सुंदरनगर का रुख करना पड़ता है। इसमें हमारा ज्यादा समय व पैसे भी अधिक खर्च करने पड़ते हैं। प्रशासन से मांग है कि यहां पर एक्स-रे मशीन लगाई जानी चाहिए, ताकि हम झंडूता में ही अपना इलाज करवा सकें। (अनंत ज्ञान)

**स्वास्थ्य** | जिला कल्याण भवन के प्रांगण में किया पौधरोपण, आंगनबाड़ी केंद्रों में भी रोपे पौधे

# डीसी और एसपी ने किया पोषण माह का शुभारंभ

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, बिलासपुर**

जिला बिलासपुर में सामाजिक न्याय एवं अधिकारिकता विभाग के तहत उपायुक्त बिलासपुर आबिद हुसैन सादिक और एसपी बिलासपुर संदीप धवन ने जिला कल्याण भवन के प्रांगण में पौधरोपण कर राष्ट्रीय पोषण अभियान और एक पेड़ मां के नाम कार्यक्रम का शुभारंभ किया। इस दौरान जिला सहित सभी 1111 आंगनबाड़ी केंद्रों में एक बूटा लगाकर पोषण माह का विधिवत रूप से शुभारंभ किया गया।

पौधरोपण के उपरांत उपायुक्त ने बताया कि जिला में आज से 30 सितंबर तक पोषण माह मनाया जाएगा। पोषण अभियान के तहत किशोरों, बच्चों, गर्भवती महिलाओं और स्तनपान कराने वाली माताओं के स्वस्थ खानपान सहित खानपान में स्थानीय उत्पादों को शामिल करने के लिए जागरूक किया जाएगा और पोषण संबंधी परिणामों में सुधार लाने के का प्रयास किया जाएगा। पोषण माह के दौरान अलग-अलग गतिविधियों के जरिए पोषण पर जागरूकता बढ़ाई जाएगी। पोषण माह में एनीमिया प्रबंधन पर जोर होगा।



साथ ही ग्रोथ मॉनिटरिंग के माध्यम से विशेष अभियान चलाया जाएगा, जिसमें 0-6 वर्ष के सभी बच्चों की ग्रोथ मॉनिटरिंग की जाएगी। जिला में 30 सितंबर तक एनीमिया प्रबंधन पर परीक्षण,

**जिले में 30 सितंबर तक मनाया जाएगा पोषण माह**

उपचार, परामर्श और चर्चा, अनुपूरक आहार, ग्रोथ मोनिटरिंग स्वस्थ बालक प्रतिस्पर्धा, पोषण भी पढ़ाई भी गतिविधियों के माध्यम से जागरूकता बढ़ाई जाएगी। इसके अलावा, आंगनबाडी केंद्रों में या उसके निकट पोषक उद्यानों या पोषण बाटिका के लिए भी भूमि की पहचान की जाएगी। आंगनबाड़ी केंद्रों पर महिलाओं के बीच वर्षा जल संरक्षण के महत्व और स्वस्थ मां और बच्चे के लिए पारंपरिक खाद्य पदार्थों पर विशेष ध्यान दिया जाएगा।

# चंबा के जिला स्तरीय जातर मेला छतराड़ी में आकर्षण का केंद्र होता है पारंपरिक नृत्य आली-मली डंडारस









चंबा। माता शिवशक्ति का वार्षिक जातर मेला छतराड़ी इस बार 12 से 15 सितंबर तक मनाया जाएगा। इस ऐतिहासिक मेले में आकर्षण का केंद्र यहां का पारंपरिक नृत्य आली-मली डंडारस रहता है। इस पौराणिक नृत्य को देखने के लिए देश-विदेश से लोग यहां पर आते हैं।





चंबा। उत्तर भारत की प्रसिद्ध मणिमहेश यात्रा के दौरान श्रद्धालुओं की आवाजाही काफी संख्या में जारी है। ऐतिहासिक श्री दशनामी अखाड़ा चंबा की पवित्र छड़ी 4 सितंबर शाम साढ़े 4 बजे मणिमहेश के लिए रवाना होगी। यह अगले 7 पड़ावों में रुककर।। सितम्बर को डल झील पहुंचेगी।




जिला कुल्लू के मनाली में हिडिंबा देवी मंदिर एक प्राचीन गुफा मंदिर है, जो भारतीय महाकाव्य महाभारत के भीम की पत्नी हिडिंबा देवी को समर्पित है। यह मंदिर मनाली का सबसे लोकप्रिय मंदिर है, जिसे ढुंगरी मंदिर के नाम से भी जाना जाता है।



जिला ऊना में बाबा बाल आश्रम राधा कृष्ण मंदिर कोटला कलां में जन्माष्टमी का पर्व पूरे जोश के साथ मनाया गया।




चंबा के भरमौर स्थित शाम चौरासी में यमराज का इकलौता मंदिर है। यहां पर यमराज की कचहरी लगती है और मृत्यु के बाद यहां पर इंसान की आत्मा आती है और तय होता कि वह स्वर्ग लोक जाएगी या नरकलोक।

## सुकेत देवता मेला : दिव्य पुंज चक्र को घुमाता देवलू







जिला मंडी में राज्यस्तरीय सुकेत देवता मेले में देवता के आगे चलने वाले दिव्य पुंज चक्र को घुमाता एक देवलू तथा (नीचे) कन्या पूजन के लिए मेला स्थल की ओर प्रस्थान करती हुई कन्याएं।




जिला ऊना के महादेव मंदिर में 90 फुट ऊंची महादेव जी की मूर्ति श्रद्धालुओं के आकर्षण का केंद्र है। यहां दूर-दूर से लोग माथा टेकने के लिए आते हैं।

## ग्रामीण क्षेत्रों में 'डगैली' का विशेष महत्व





हिमाचल प्रदेश के सिरमौर, शिमला, मंडी, सोलन, कुल्लू आदि के ग्रामीण क्षेत्रों में डगैली का विशेष महत्व है। चूडेश्वर कला मंच द्वारा इस अदृष्य डगैली नृत्य पर काल्पनिक नृत्य तैयार किया गया है। डगैली का हिदी अर्थ है 'डायनों का पर्व'। यह ऐसा माना जाता है कि इन दिनों रात्रियों में डायने, भूत, पिशाच खुला आवागमन तथा नृत्य करते हैं। इस नृत्य को कोई आम आदमी नहीं देख सकता। इसे केवल तांत्रिक तथा देवताओं के गुर यानी घणिता ही देख सकते हैं। इस दिनों डायनों व भूत-पिशाच को खुली छूट होती है कि वह किसी भी आदमी व पशु आदि को अपना शिकार बना सकती हैं। इसके लिए लोग पहले ही यहां अपने बचने का पूरा प्रबंध यानी सुरक्षा चक्र बना कर रख लेते हैं।

## न्यूज ब्रीफ

### आर्मी स्कूल योल में हुई वाद-विवाद प्रतियोगिता



**अनंत ज्ञान, योल।** आर्मी पब्लिक स्कूल योल कैंट में अंतर एपीसी क्लस्टर-2 अंग्रेजी वाद-विवाद प्रतियोगिता का आयोजन किया गया, जिसमें आर्मी पब्लिक स्कूल योल कैंट ने उत्कृष्ट प्रदर्शन कर विजेता का खिताब अपने नाम किया। विद्यालय की छात्रा इंशिरा अहमद को विषय के पक्ष में तथा सानवी रणधावा को विषय के विपक्ष में बोलने के लिए सर्वश्रेष्ठ वक्ता घोषित किया गया। आर्मी पब्लिक स्कूल ऊंची बस्सी को इस प्रतियोगिता में उपविजेता का स्थान प्राप्त हुआ। वहीं, आर्मी पब्लिक स्कूल पठानकोट के छात्र आर्यन जम्वाल को सर्वश्रेष्ठ अवरोधक घोषित किया गया। प्रतियोगिता का आरंभ आर्मी पब्लिक स्कूल योल के संगीत विभाग द्वारा प्रस्तुत स्वागत गीत से किया गया। मेजवान विद्यालय के प्रधानाचार्य अर्जुन सिंह ने सभी मेहमान अध्यापकों व निर्णायक मंडल का धन्यवाद किया तथा विजेता दल के छात्रों और अध्यापकों को हार्दिक बधाई दी।

### ढलियारा कॉलेज में पीटीए का चुनाव टला

**अनंत ज्ञान, देहरा।** राजकीय महाविद्यालय ढलियारा में पीटीए गठन हेतु द्वितीय अधिवेशन रखा गया, ताकि वर्ष 2024-25 के लिए पीटीए कार्यकारिणी का गठन किया जा सके, लेकिन शनिवार को भी कोरम पूरा न होने के कारण पीटीए का चुनाव नहीं हो सका और न ही पीटीए कार्यकारिणी का गठन किया जा सका। अब 16/ सितंबर को दोपहर 12 बजे अंतिम अधिवेशन रखा गया है। महाविद्यालय प्राचार्या ने सभी अभिभावकों से इस अधिवेशन में भाग लेने तथा अपना पीटीए कार्यकारिणी गठन हेतु अपना बहुमूल्य सहयोग प्रदान करने का आग्रह किया है। यह अधिवेशन अब अंतिम अधिवेशन होगा तथा इस बार जितने भी प्रतिनिधि उपस्थित होंगे उन्हें लेकर पीटीए अध्यक्ष व कार्यकारिणी का चुनाव कर दिया जाएगा। महाविद्यालय में हर वर्ष पीटीए कार्यकारिणी का गठन किया जाता है ताकि महाविद्यालय प्रबंधन और अभिभावकों के बीच उत्तम समन्वय स्थापित किया जा सके।

### ट्रेजरी ऑफिसर राकेश शर्मा सेवानिवृत्त



**अनंत ज्ञान, पालमपुर।** राकेश शर्मा शनिवार को ट्रेजरी ऑफिसर पालमपुर के पद से सेवानिवृत्त हो गए। इस अवसर पर कोषाधिकारी कार्यालय के अधिकारियों-कर्मचारियों ने उनके सम्मान में विदाई समारोह आयोजित किया और उनके सुखद भविष्य एवं स्वस्थ जीवन की कामना की। राकेश शर्मा ने वर्ष 1988 में डिस्ट्रिक्ट ट्रेजरी कुल्लू से सेवा आरंभ की और लगभग 36 वर्षों तक विभाग में विभिन्न पदों पर सेवा की। उन्होंने कुल्लू, धीरा, खुंडिया, जोगिंद्रनगर, नाहन, हमीरपुर तथा पालमपुर में सरहानीय सेवाएं प्रदान कीं और शनिवार को पालमपुर से कोषा अधिकारी के पद से सेवानिवृत्त हुए हैं। विदाई समारोह में राकेश शर्मा की धर्मपत्नी प्रतिभा शर्मा, बेटा प्रियांशु और भाई राजेश शर्मा सहित अन्य परिजन उपस्थित रहे। कार्यालय के अधिकारियों और कर्मचारियों ने उनकी उत्कृष्ट सेवा के बधाई दी और सेवानिवृत्त होने पर उनके उत्तम स्वास्थ्य की कामना की।

# बच्चों के भविष्य को स्वस्थ-सशक्त बनाने के लिए पोषाहार जरूरी : डीसी

## कुपोषण भगाने के लिए महिलाओं की जागरूकता रैली को हरी झंडी दिखाकर किया रवाना

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, धर्मशाला**

उपायुक्त हेमराज बैरवा ने कहा कि पोषण अभियान के अंतर्गत छह वर्ष की आयु वर्ग तक के बच्चों में अल्प पोषण, अनिमिया व कम वजन और किशोरियों, गर्भवती महिलाओं व धात्री माताओं की समस्याओं का निराकरण करने की दिशा में कार्य किए जाएंगे। शनिवार को आईसीडीएस कार्यालय परिसर में पोषण जागरूकता रैली को हरी झंडी दिखाने के उपरांत उपायुक्त हेमराज बैरवा ने कहा कि 1 से 30 सितंबर तक कांगड़ा जिला में चलने वाले इस अभियान के तहत बच्चों के भविष्य को स्वस्थ और सशक्त बनाने लिए पोषाहार की जरूरत को लेकर नागरिकों को जागरूक किया जाएगा।

इससे पहले डीपीओ अशोक शर्मा ने मुख्यातिथि का स्वागत करते हुए पौषण अभियान के बारे में विस्तार से जानकारी दी। उन्होंने कहा कि 4226 आंगनबाड़ी केंद्रों के माध्यम से पोषण अभियान संचालित किया जाएगा, जिसके तहत अन्नप्राशन दिवस, गोद भराई, गर्भवती महिलाओं की स्वास्थ्य जांच, समुदाय आधारित दिवस भी आयोजित करवाए जाएंगे। उन्होंने कहा कि पोषण और स्वास्थ्य के प्रति जागरूकता फैलाने के लिए विभाग की ओर से तीन रंग हिमाचली व्यंजन के विषय पर सोशन मीडिया पर एक कुकिंग प्रतियोगिता का आयोजन भी करवाया जाएगा।




### सरकार महिलाओं -बच्चों के सर्वांगीण विकास के लिए प्रतिबद्ध

**उपायुक्त** ने कहा कि कुपोषित बच्चों के स्वास्थ्य में सुधार के लिए कांगड़ा जिला प्रशासन के माध्यम से मिशन भरपूर अभियान भी चलाया गया है, जिसके तहत कुपोषित बच्चों को आंगनबाड़ी कार्यकर्ताओं की देखरेख में पौष्टिक आहार दिया जाता है, ताकि बच्चों का स्वास्थ्य बेहतर हो सके इसकी नियमित तौर पर मॉनिटरिंग भी सुनिश्चित की जा रही है। उन्होंने कहा कि सरकार महिलाओं और बच्चों के सर्वांगीण विकास के लिए प्रतिबद्ध है।

### 'एक पेड़ मां के नाम' अभियान का शुभारंभ

**उपायुक्त** ने आईसीडीएस कार्यालय परिसर में 'एक पेड़ मां के नाम' के तहत पौधरोपण के साथ एक पेड़ मां के नाम अभियान का शुभारंभ किया। इस अवसर पर पौषाहार किट्स भी वितरित कीं। उपायुक्त हेमराज बैरवा ने काह कि पोषाहार के साथ साथ पर्यावरण संरक्षण भी स्वस्थ जीवन के लिए अत्यंत जरूरी है तथा सभी नागरिकों को पौधरोपण तथा उनकी उचित देखभाल के लिए आगे आना चाहिए।



'एक पेड़ मां के नाम' के तहत पौधरोपण करते हुए डीसी हेमराज बैरवा।

# खजाना खाली तो वेतन में एक लाख की बढ़ोतरी क्यों : चक्षु

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, धर्मशाला**

आर्थिकी बदहाली का रोना रोने वाली प्रदेश कांग्रेस सरकार पर तीखा हमला बोलते हुए हिमाचल प्रदेश भारतीय जनता पार्टी प्रदेश मीडिया सह-प्रभारी विश्व चक्षु ने कहा कि मुख्यमंत्री सुखविंद्र सिंह सुक्खू विधानसभा व हिमाचल की जनता को गुमराह करने से बाज आएं। उन्होंने कहा कि मुख्यमंत्री सुक्खू छारा अपने मित्र कामगार कल्याण बोर्ड के अध्यक्ष का प्रतिमाह वेतन 30 हजार रुपए बढ़ाकर 1.30 लाख कर देने से स्पष्ट हो गया है कि पिछले 18 महीनों से सुक्खू सरकार आर्थिक संकट को लेकर ड्रामेबाजी करती आ रही है।

उन्होंने कहा कि सुक्खू ने अपने मित्र के वेतन में एक लाख रुपये की बढ़ोतरी कर उन कर्मचारियों के मुहं पर तमाचा मारा है, जो कर्मचारियों ने पहले ही पेंडिंग डीए और एरियर को लेकर सरकार के खिलाफ मोर्चा खोले हुए हैं। विश्व चक्षु ने कहा कि सुखविंद्र सिंह सुक्खू को मुख्यमंत्री पद से त्याग पत्र देकर किसी नाटक मंडली में शामिल हो जाना चाहिए जहां वे लोगों को मूर्ख बना सकें। उन्होंने कहा कि खजाना खाली होने की बात करने वाले मुख्यमंत्री का दोहरा



चरित्र जनता के सामने आ चुका है। उन्होंने कहा यह विडंबना है कि दो दिन पहले सुक्खू सदन में आर्थिक संकट का रोना रोते हैं और फिर अचानक से ये नोटिफिकेशन आ जाती है।

उन्होंने कहा कि मुख्यमंत्री मित्रों को खुश करने में लगे हुए हैं। अफसरों व मंत्रियों की ऐश में कोई कमी नहीं है, जबकि इसके विपरीत कर्मचारियों को उनके हक के लिए तरसाया जा रहा है। यदि अपने मित्र की एक लाख रुपए वेतन की बढ़ोतरी वाली नोटिफिकेशन सही है तो फिर सुक्खू आर्थिक संकट का रोना क्यों रो रहे हैं? क्यों मुख्यमंत्री कर्मचारियों व जनता को उनका हक नही दे पा रहे हैं? सुक्खू सरकार ने अपने मित्र के वेतन में की गई बढ़ोतरी को वापस नहीं लिया तो हमें मजबूरन सड़कों पर उतरना पड़ेगा और सुक्खू सरकार के खिलाफ आंदोलन करना पड़ेगा।

# आदर्श स्कूल परागपुर में सजी साइंस मॉडल्स की प्रदर्शनी

**शिवम शर्मा, परागपुर**

आदर्श विद्यालय परागपुर में वार्षिक विज्ञान मॉडल प्रतियोगिता का आयोजन प्रिंसिपल गगन सूद की अध्यक्षता में हुआ। इस प्रतियोगिया में विद्यालय के लगभग 150 छात्र-छात्राओं ने भाग लिया। इसमें विद्यार्थियों ने पर्यावरण, जैव विविधता,वैकल्पिक ऊर्जा, सूचना प्रौद्योगिकी, गणित भौतिक से संबंधित मॉडल प्रदर्शित किए। इस प्रदर्शनी में भाग लेकर बच्चों ने यह प्रदर्शित कर दिया कि यही बच्चे कल भविष्य में वैज्ञानिक डॉक्टर इंजीनियर बनकर देश के विकास में योगदान देंगे। मॉडल को विद्यालय की साइंस वर्ग के अध्यापक-अध्यापिका वर्ग की टीम में शामिल वीरेंद्र सिंह, सपना राणा, शालिनी



राणा, नितिका शर्मा, कंवलजीत राणा, मीना जैन, शिफाली शर्मा ने जांचा परखा और बच्चों से प्रश्न पूछे, जिसका बच्चों ने सटीक उत्तर देकर अपनी प्रतिभा का प्रदर्शन किया। प्रिंसिपल गगन सूद ने बताया कि विद्यालय में बच्चों के सर्वांगीण विकास हेतु वर्ष भर में इस प्रकार के अनेक कार्यक्रम आयोजित किए जाते हैं, ताकि बच्चों का सर्वांगीण विकास होता है। (अनंत ज्ञान)

# बिजली बिल जमा करने के लिए भेजे जा रहे फर्जी मैसेज

## विद्युत बोर्ड के अधिकारियों ने उपभोक्ताओं को सचेत और सतर्क रहने की दी सलाह

**अनंत ज्ञान, नूरपुर**

कांगड़ा जिले में साइबर अपराधी बिजली उपभोक्ताओं को बिजली बिल जमा नहीं होने पर विद्युत बोर्ड के नाम से फर्जी एसएमएस, व्हाट्सऐप मैसेज भेजकर चूना लगाने की फिराक में है। जिले की उपतहसील राजा का तालाब के अंतर्गत लोगों को विद्युत विभाग के नाम से फर्जी मैसेज मिल रहे हैं।

ऐसे ही एक मामले में वरोह के एक बिजली उपभोक्ता को हिमाचल प्रदेश राज्य विद्युत बोर्ड लिमिटेड के नाम से अंकित एक प्रिंट मैसेज की कॉपी व्हाट्सऐप के माध्यम से भेजी गई, जिसमें उन्हें बिजली का बिल जमा नहीं होने की बात कही गई थी और बिजली कनेक्शन रात 9:30 बजे काटने का



जिक्र किया था। साथ ही इस विषय में अधिक जानकारी के लिए एक मैसेज में अंकित अन्य मोबाइल नंबर पर बात करने के लिए कहा था। जब उपभोक्ता ने उस नंबर पर संपर्क किया तो दूसरी तरह से जवाब आया कि वह विद्युत मंडल रैहन से बोल रहा है।

उपभोक्ता ने जब पूछा कि उनका 3600 रुपए का बिल जमा होने के बावजूद उनके पास अपडेट नहीं हुआ है। ऐसे में फर्जी मैसेज भेजने वाले व्यक्ति ने बिल की कंज्यूमर आईडी मंगवा ली और अपडेट करने के लिए 100 रुपए भेजने की बात कही। इस पर उपभोक्ता को शक हुआ और उसने जान-पहचान वाले एक विद्युत अधिकारी से इस विषय में पूछा तो मालूम हुआ कि उक्त मैसेज फर्जी है। अधिकारी ने कहा कि ठग को अपनी जानकारी शेयर करने से आपके बैंक अकाउंट खाली हो सकता है।

इसके बाद उपभोक्ता ने तत्काल बैंक में फोन करके अपनी यूपीआई आईडी को ब्लॉक करवाया।

### बिजली बोर्ड ने कोई मैसेज जारी नहीं किए

**इस** विषय में जब विद्युत मंडल फतेहपुर के अधिशासी अभियंता रजनीश शर्मा से बात की गई तो उन्होंने कहा कि बिजली बोर्ड ने उपभोक्ताओं को ऐसे कोई मैसेज जारी नहीं किए हैं। उन्होंने लोगों को अनुरोध किया कि सूझबूझ से काम लेकर ऐसे फर्जी मैसेज से सचेत रहें। बिल की कंज्यूमर आईडी शेयर न करें और विशेष रूप से ओटीपी शेयर करने से बचें। उन्होंने कहा कि बिजली बिल से संबंधित ऐसे किसी कार्य के लिए विभाग उपभोक्ता को व्यक्तिगत नंबर से मैसेज नहीं भेजता है। बिल से संबंधित ऐसी किसी जानकारी के लिए उपमंडलीय अधिकारी से संपर्क करें। बता दें, उपभोक्ता ऐसे फर्जी मैसेज को देखकर अपनी व्यक्तिगत जानकारी शेयर करते हैं और साइबर ठगी का शिकार हो जाते हैं।

# श्री साई ग्रुप ऑफ इंस्टीट्यूट्स बधानी में स्टार्टअप ऐक्सप 1.0 कार्यक्रम आयोजित

**अशोक ठाकुर, पठानकोट**




श्री साई ग्रुप ऑफ इंस्टीट्यूट्स बधानी, पठानकोट और स्टार्टअप पंजाब ने मिलकर स्टार्टअप ऐक्सप 1.0 कार्यक्रम आयोजित किया। इसमें ग्रुप के चेयरमैन एसके पुंज, एमडी तृप्ता पुंज, सीएमडी कंवर तुषार पुंज और वाइस प्रसिडेंट रिया पुंज मौजूद रहे। इस कार्यक्रम का मुख्य उद्देश्य स्टार्टअप में तेजी लाने और राज्य में बड़े पैमाने पर उद्यमशीलता और नौकरी के अवसर प्रदान करने के लिए राज्य को स्टार्टअप और इनोवेशन के अग्रणी वैश्विक केंद्र के रूप में विकसित करना था।

साथ ही उद्यम, बाजार, उत्पाद, ज्ञान, विचार व संस्कृति में चुनौतियों का समाधान करके अनुकूल पारिस्थितिकी तंत्र विकसित करना, उद्यमशीलता गतिविधियों को बढ़ावा देने के लिए आवश्यक बुनियादी ढांचे और वातावरण का निर्माण करना, उद्यमशीलता संस्कृति के निर्माण में उद्योग अकादमी संबंधों को बढ़ावा देना, कानूनों, नियमों और विनियमों को सुव्यवस्थित करके स्टार्टअप अनुकूल वातावरण बनाना भी कार्यक्रम के उद्देश्य रहे। पंजाब राज्य अपने लोगों की उद्यमशीलता की भावना के लिए जाना जाता है। राज्य अब नवाचार और प्रौद्योगिकी संचालित उद्यम की एक नई संस्कृति में परिवर्तन की दहलीज पर है। राज्य सरकार मानती है कि अर्थव्यवस्था के भविष्य के विकास के लिए नवाचार और उद्यमिता महत्वपूर्ण हैं। स्टार्टअप और उद्यमिता पंजाब राज्य औद्योगिक नीति-2017 के आठ रणनीतिक स्तंभों में से एक है। नीति में केंद्र सरकार की स्टार्ट-अप इंडिया और स्टैंडअप इंडिया पहल के अनुरूप स्टार्ट-अप पंजाब शुरू करने की घोषणा की गई है। श्री साई ग्रुप ऑफ इंस्टीट्यूट्स और स्टार्टअप पंजाब ने मिलकर इस स्थान में पहला स्टार्टअप ऐक्स्प 1.0 पठानकोट में कार्बिया, जिसमें पहला पुरस्कार 31000 का श्री साई ग्रुप ऑफ इंस्टी्टयूट्स की तरफ से एर्गो स्टार्टअप को मिला दूसरा पुरस्कार 21000 का एग्रो स्तुब्ब्ले मैनेजमेंट प्राइवेट लिमिटेड को मिला। राइजिंग स्टार्टअप ऑफ पंजाब का अवार्ड चेमित्सो टेक्नॉलजीएस प्राइवेट लिमिटेड आईटीआई रोपड़ को मिला इस प्रोग्राम में इन्वेस्टर देश को अलग-2 जगह से आए थे डॉ. मुनीश जिनल और अनिमा लुधियाना से पीटीयू जालंधर मृगेंद्र सिंह बेदी और समीर शर्मा, चंडीगढ़ से पवन महाजन दिल्ली से स्टार्टअप पंजाब चंडीगढ़ से शाम सूंदर और उनके साथ अमृतपाल आए थे। इस प्रोग्राम में 100 से ज्यादा स्टार्टअप जगत के लोगों ने हिस्सा लिया। इस कार्यक्रम में डायरेक्टर रणजीत सिंह, डॉ. विपिन गुप्ता, डॉ. दिनेश महाजन, संजय पंडित, डायरेक्टर सुलक्ष्य कुमार, डॉ. चेतन मोहन, डॉ. नेहा तुली, अश्वनी शर्मा, स्टाफ तथा स्टूडेंट्स शामिल रहे। (अनंत ज्ञान)

### सिहोटू में लोकल वॉलीबाल टूर्नामेंट आज

**डरोह।** सिहोटू पंचायत में लोकल वॉलीबाल टूर्नामेंट का आयोजन किया जा रहा है। यह टूर्नामेंट एक सितंबर को सिहोटू के वार्ड नंबर एक के मैदान में होगा। इस टूर्नामेंट में एंट्री फीस 600 रुपए प्रति टीम रखी गई है। सिहोटू के युवा कुलजीत, मुकेश, विकास व प्रवीन कुमार ने बताया कि इस टूर्नामेंट में विजेता टीम को 5100 रुपए और उपविजेता टीम को 3100 रुपए व स्मृति चिन्ह देकर सम्मानित किया जाएगा।

# केंद्रीय संस्कृत विवि में टांकरी लिपि पर राष्ट्रीय कार्यशाला शुरू

**सालबिया शर्मा, गरली**

केंद्रीय संस्कृत विश्वविद्यालय के बलाहर स्थित वेदव्यास परिसर में शनिवार को सात दिवसीय टांकरी लिपि प्रशिक्षण राष्ट्रीय कार्यशाला का शुभारंभ किया गया। इसमें बतौर मुख्यातिथि राष्ट्रीय पांडुलिपि मिशन पर्यटन और संस्कृति मंत्रालय नई दिल्ली के निदेशक प्रोफेसर अनिर्वाण दास ने शिरकत की। उन्होंने कहा कि प्राचीन लिपियों में विद्यमान लोकोपयोगी विषयों का सर्वसाधारण जनमानस के लिए उजागर करना बहुत आवश्यक है। विशिष्ट अतिथि के रूप में भाषा शिक्षा विभाग राष्ट्रीय शैक्षिक अनुसंधान और प्रशिक्षण परिषद नई दिल्ली के प्रोफेसर जतिंद्र मोहन मिश्र उपस्थित रहे।

उन्होंने इस प्रकार के कार्यक्रमों का समय समय पर आयोजन करने का आग्रह किया, ताकि पुरानी चीजें बची रहें। वेदव्यास परिसर की



निदेशक प्रो.सत्यम कुमारी ने कहा कि इस प्रकार के कार्यक्रम बहुत ही विरले होते हैं और वर्तमान समय में इनकी बहुत आवश्यकता है।

कार्यशाला के संयोजक डॉ. यज्ञदत्त शर्मा ने सभी अतिथियों व आचार्यों का स्वागत व अभिनंदन किया तथा टांकरी लिपि की पृष्ठभूमि पर विस्तृत प्रकाश डाला। अन्य तीनों सत्रों में लिपियों के उद्भव और विकास पर विचार किया गया तथा ब्राह्मी लिपि का प्रशिक्षण छात्रों को प्रदान किया। इस अवसर पर निदेशक प्रो. सत्यम कुमारी सहित प्रो. शीशराम, प्रो. मंजूनाथ, डॉ. विजेंद्र कुमार शर्मा, डॉ. मनोज श्रीमाल आदि उपस्थित रहे। (अनंत ज्ञान)

# राजपुर कॉलेज के बीकॉम के छात्रों ने जानी ब्यूटी प्रोडक्ट्स बनाने की प्रक्रिया

## राष्ट्रीय लघु उद्योग दिवस पर आयुष हर्ब्स प्राइवेट लि. कंपनी का किया दौरा

**अनंत ज्ञान, पालमपुर**

गोस्वामी गणेश दत्त सनातन धर्म महाविद्यालय के बीकॉम तृतीय वर्ष के विद्यार्थियों ने राष्ट्रीय लघु उद्योग दिवस के तहत हिमाचल के कांगड़ा जिले में नगरोटा बगवां स्थित आयुष हर्ब्स प्राइवेट लिमिटेड कंपनी का दौरा किया।

नगरोटा बगवां स्थित कंपनी में विद्यार्थियों ने लघु उद्योग की महत्वपूर्ण भूमिका के तहत कंपनी में होने वाले कार्यों की प्रक्रिया को समझा। महाविद्यालय के बीकॉम विभाग के प्राध्यापक यशविंदर सिंह और आईना के नेतृत्व में विद्यार्थियों ने अपने पाठ्यक्रम से संबंधित कंपनी की गतिविधियों को जाना। कंपनी की हेड ऑफ क्वालिटी कंट्रोल उर्वशी मारिया ने विद्यार्थियों को ब्यूटी उत्पाद प्रोडक्शन की जानकारी देते हुए उन्हें ऑर्गेनिक पदार्थों की क्वालिटी टेस्ट की प्रक्रिया से रू-ब-रू करवाया और कार्बनिक हर्बल अर्क, इथेनॉल प्रसंस्कृत अर्क, कार्बनिक जड़ी बूटी, हर्बल निर्माण, हर्बल सौंदर्य प्रसाधन, आयुर्वेदिक तेल और आवश्यक तेल, खाद्य पूरक की जानकारी दी। फार्मास्यूटिकल विभाग में एचआर मैनेजर अमित कुमार ने ऑर्गेनिक दवाइयों की प्रोडक्शन क्वालिटी चेक और पैकेजिंग आदि के बारे में विद्यार्थियों को महत्वपूर्ण जानकारी व नियम समझाए। महाविद्यालय के निदेशक व प्राचार्य डॉ. विवेक शर्मा ने राष्ट्रीय लघु उद्योग दिवस पर प्रकाश डालते हुए बताया कि किसी भी देश के विकास में लघु उद्योगों की भूमिका हमेशा अहम होती है, औद्योगिक प्रशिक्षण और एक्सपोजर छात्रों में आत्मविश्वास पैदा करता है और करियर के साथ भविष्य में विद्यार्थियों के लिए सहायक होगा।






**स्वास्थ्य** | सिविल हॉस्पिटल कांगड़ा में निशुल्क स्वास्थ्य जांच के लिए आयुष्मान आरोग्य शिविर का आयोजन

# शिविर में 271 मरीजों का किया चेकअप, टेस्ट भी किए

**आशिष दमीर, कांगड़ा**

सिविल हॉस्पिटल कांगड़ा में स्वास्थ्य विभाग हिमाचल प्रदेश सरकार द्वारा निशुल्क स्वास्थ्य जांच आयुष्मान आरोग्य शिविर का आयोजन किया गया। सिविल हॉस्पिटल कांगड़ा में इस निशुल्क स्वास्थ्य शिविर का शुभारंभ एसडीएम कांगड़ा इशांत जसवाल ने किया।

उन्होंने स्वास्थ्य शिविर में एसएमओ डॉक्टर अल्पना, सभी डॉक्टर और कर्मचारियों द्वारा किए जा रहे इस कार्य की प्रशंसा की। इस निशुल्क स्वास्थ्य जांच आयुष्मान आरोग्य शिविर का आयोजन सीएमओ कांगड़ा के निर्देशानुसार एसएमओ कांगड़ा डाक्टर अल्पना व समस्त डाक्टरों ने मिलकर किया। इस जांच शिविर में मेडिसिन, सर्जरी, गायनी, आंख, कान, दांत और चमडी के रोगों की निशुल्क ओपीडी की गई साथ ही शुगर, एच.बी एवं एचआईवी की गोपनीय जांच और टीवी रोग की भी जांच इस शिविर में की गई। इस शिविर में आभा और नई दिशा केंद्र पंजीकरण भी किए गए और साथ ही लोगों को इसके बारे में जानकारी भी दी गई।

एसएमओ डॉक्टर अल्पना ने बताया कि इस निशुल्क शिविर में 271 मरीजों का चेकअप किया गया साथ ही जरूरत के अनुसार उनके फ्री मेडिकल टेस्ट भी किए गए।

उन्होंने बताया कि शिविर में स्किन के 37, मेडिसिन के 81, आंख के 59, कान के 46, सर्जरी के 13, गायनी के 28, दांतों के 7, हाइपरटेंशन के 26, डीएम के 27, डीएमसी बलगम जांच के 10, आईसीटीसी के 43, एचआईवी के 43, एचबीएसएजी के 43, एचसीवी के 43, एच बी के 16, और आरसीबी के 53 रोगियों का चेकअप किया गया। 7 आभा पंजीकरण और 27 नई दिशा केंद्र पंजीकरण भी इस शिविर में किए गए। उन्होंने बताया इन मरीजों के अतिरिक्त 450 मरीजों की सामान्य ओपीडी भी आज की गई। एसएमओ कांगड़ा ने इस स्वास्थ्य शिविर में कार्य करने वाले अपने सभी सहयोगियों का सहयोग के लिए धन्यवाद किया। (अनंत ज्ञान)

### मानसिक रोगों का इलाज संभव : डॉ. दिलावर

**अनंत ज्ञान, बैजनाथ**

सीएचसी बैजनाथ में स्वास्थ्य कार्यकर्ताओं व आशा वर्कर्स को मानसिक, स्नायु तंत्र एवं नशे संबधी विकार, प्रशामक देखभाल, वृद्धावस्था देखभाल के बारे में दिए जा रहे 6 दिवसीय प्रशिक्षण के अंतिम दिन शनिवार को खंड चिकित्सा अधिकारी महाकाल डॉ. दिलावर सिंह दियोल ने स्वास्थ्य कार्यकर्ताओं व आशा को कहा कि इस प्रशिक्षण के बाद आप सभी अपने-अपने क्षेत्र में लोगों को मानसिक विकारों के बारे में जागरूक करें। उन्होंने कहा कि आज भी अधिकतर लोग मानसिक रोगों को बीमारी ही नहीं मानते हैं, जबकि मानसिक रोगों का भी इलाज संभव है और नशे संबंधी रोगों के बारे में भी लोगों को जागरूक करें। इसके अलावा प्रशामक देखभाल व वृद्धावस्था देखभाल के बारे में परिवार के सदस्यों को करना सिखाए, ताकि वृद्ध लोगों को भी स्वास्थ्य सेवाएं घर द्वार तक पहुंच पाएं।



# भारत के मास्टर एथलीट राजेंद्रण का सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन

**विनोद शर्मा, लठियानी**



तमिलनाडु के मास्टर एथलीट राजेंद्रण (85) हिमाचल के अश्विनी (67) शर्मा के साथ।

स्वीडन के गोवर्धन वर्ग शहर में आयोजित वर्ल्ड मास्टर एथलीट चैंपियनशिप में भाग लेने के लिए भारत के मास्टर एथलीट भी चैंपियनशिप में भाग लेने के लिए गए थे, जो कि वापस अपने देश व प्रदेश में पहुंच चुके हैं। ये सभी अपने अपने खर्चे पर प्रतियोगिता में हिस्सा लेने गए थे। अपने खर्च पर देश के लिए प्रदर्शन करने वाले इन मास्टर एथलीटों का कोई योगदान खेल विभाग और सरकार ने नहीं किया है।

गोवर्धन वर्ग शहर में भारत के मास्टर एथलीटों ने अच्छा प्रदर्शन किया। भारत की ओर से 85 वर्षीय के पांच मास्टर एथलीटों ने भाग लिया। भारत के 85 वर्षीय एथलीटों ने 400 मीटर रिले में गोल्ड मेडल लिया। तमिलनाडु के गांव प्रेमदासी के रहने वाले 85 वर्षीय राजेंद्रण ने बहुत बढ़िया ही प्रदर्शन किया।

उन्होंने 2000 मीटर में सिल्वर पदक जीता व 100 मीटर रिले में स्वर्ण पदक जीतकर भारत का मान सम्मान बढ़ाया। इस वर्ल्ड मास्टर एथलीट चैंपियनशिप में अमेरिका ने 110 गोल्ड 73 ब्राउन ट्रेड सिल्वर मेडल हासिल कर पहला स्थान हासिल किया, परंतु भारत 25वें स्थान पर रहा। इस चैंपियनशिप में हिमाचल प्रदेश के तीन मास्टर एथलीट ने भारत का प्रतिनिधित्व किया।

इस चैंपियनशिप में हिमाचल प्रदेश के अश्विनी कुमार शर्मा जिला ऊना के उपमंडल बंगाणा के कोहड़रा गांव के निवासी हैं और उन्होंने 2000 मीटर में 13वां स्थान ,8 किलोमीटर यानी क्रॉस कंट्री 21वां स्थान, 800 मीटर में 23वां स्थान, 1500 मीटर में 16वां स्थान हासिल किया। भारत ने इस चैंपियनशिप में छह गोल्ड, 6 ब्राउन, 5 सिल्वर मेडल हासिल किए। (अनंत ज्ञान)

# हरोली में आतंक मचा रहे डकैत पकड़े

## पंजाब से आए डकैतों ने एक ही दिन में 5-6 घटनाओं को दिया था अंजाम

**अनंत ज्ञान, टाहलीवाल**

ऊना के समूरकलां और हरोली की वारदातें सुलझ गई हैं। जिला पुलिस अधीक्षक राकेश सिंह के कुशल नेतृत्व में हरोली पुलिस ने कड़ी मेहनत के बाद डकैती के केस को हल करने मे सफलता हासिल की है। गत 27 अगस्तको पोलियां के एक बुजुर्ग व्यक्ति ने हरोली पुलिस मे शिकायत दर्ज करवाई कि 6 लड़कों ने इसे 26 तारीख को पोलियां के पास घेरा तथा हथियार दिखाकर व डराकर जाने से मारने की धमकी देते हुए 5000 रुपए छीन लिए।

इस पर पुलिस ने तुरंत मामला दर्ज करके मामले को गंभीरता से लेते हुए कार्रवाई शुरू की। पुलिस थाना प्रभारी सुनील कुमार ने उपपुलिस अधीक्षक मोहन रावत के निर्देशों पर कार्य करते हुए मामले को 96 घंटे के अंदर सुलझा लिया है।

आरोपियों को पहचान करना पुलिस के लिए एक बड़ी चुनौती थी, जिससे हरोली पुलिस ने जल्द ही पार पाकर केस की परत को खोल दिया है। मामले में पुलिस की अलग-अलग टीमों ने इलाका में लगे कैमरों, सर्विलांस, मुखवर से जानकारियां जुटाकर सभी आरोपियों की पहचान की तथा पिछली रात अमृतसर मे जाकर 2 आरोपियों को गिरफ्तार करके हरोली थाना मे पहुंचाया। आरोपियों से पूछताछ अमल मे लाई जा रही है । आरोपियों ने वारदात को कबूल कर लिया है।




अमृतसर से पकड़े गए दो आरोपियों के साथ पुलिस की टीम।

### तीन दिन के बाद अमृतसर से दो गिरफ्तार

हरोली में हुई अन्य वारदातों मे भी पुलिस को इन आरोपियों के शामिल होने के प्रमाण मिल रहे हैं। पुलिस टीम मे थाना प्रभारी सुनील संख्यान, उपनिरीक्षक चेतन सिंह, मुख्य आरक्षी नरेंद्र, मुख्य आरक्षी महिंद्र, आरक्षी विजेश, अंकुश, रोहित, बलजीत शामिल रहे हैं। उपपुलिस अधीक्षक मोहन रावत तथा थाना प्रभारी सुनील ने बतलाया की आम जनता को बिलकुल भी भयभीत होने की आवश्यकता नहीं है, जल्द ही सभी आरोपियों को गिरफ्तार कर लिया जाएगा।

आम जनता किसी भी अप्रिय घटना की जानकारी या कोई भी गोपनीय सूचना तुरंत थाना के नंबर या पुलिस थाना प्रभारी के नंबर 7018995910 पर दे सकती है।

पुलिस अधीक्षक राकेश सिंह ने कहा है कि अराजक तत्वों पर पुलिस कड़ी कार्रवाई अमल में लाएगी। पकड़े गए आरोपियों की पहचान भूपिंद्र भूपाल पुत्र ओंकार भूपाल गांव व डा. भारटा गणेशपुर तहसील गढशंकर जिला होशियारपुर पंजाब व उम्र 18 साल, अर्शदीप सिंह पुत्र जतिंद्र सिंह निवासी गांव ठोआणा डाकघर बिन्जो तहसील गढ़शंकर जिला होशियारपुर व उम्र 23 साल के रूप में हुई है।

# पंचायतीराज संस्थानों में रिक्त पदों के लिए उपचुनाव 29 सितंबर को

**अनंत ज्ञान, ऊना**

ऊना जिले में पंचायतीराज संस्थानों में किन्हीं आकस्मिक कारणों से रिक्त हुए प्रधान, उपप्रधान व पंचायत सदस्यों के रिक्त पदों के लिए उप चुनाव करवाए जाएंगे।

सहायक जिला निर्वाचन अधिकारी (पंचायत) नीलम कटोच ने बताया कि उपचुनाव को लेकर 11, 12 व 13 सितंबर को प्रात: 11 बजे से सायं 3 बजे तक नामांकन भरे जाएंगे। 16 सितंबर को प्रात: 10 बजे के बाद नामांकन पत्रों की जांच की जाएगी। 18 सितंबर सुबह 10 बजे से सायं 3 बजे उम्मीदवार अपने नामांकन वापस ले सकते हैं। नामांकन वापस लेने की प्रक्रिया के उपरांत उम्मीदवारों को चुनाव चिन्ह आवंटित किए जाएंगे। 29 सितंबर को प्रात: 8 से सायं 4 बजे तक वोट डाले जाएंगे।

उन्होंने बताया कि वोटिंग प्रक्रिया पूर्ण होने पर उसी दिन ग्राम पंचायत मुख्यालय में प्रधान, उपप्रधान व पंचायत सदस्यों के चुनावी नतीजे घोषित किर दिए जाएंगे। उन्होंने बताया कि प्रधान और उपप्रधान पद के चुनाव के लिए संबंधित पूरी पंचायत और पंचायत सदस्य पद के लिए संबंधित वार्ड में चुनावी प्रक्रिया पूर्ण होने तक आदर्श आचार संहिता लागू रहेगी।

### यहां होने हैं उपचुनाव

नीलम कटोच ने बताया कि विकास खंड अंब के तहत ग्राम पंचायत नारी चिंतपूर्णी में उपप्रधान, ग्राम पंचायत अंब टिल्ला के वार्ड 3 में पंचायत सदस्य और ग्राम पंचायत अंदौरा अप्पर के वार्ड 4 में पंचायत सदस्य के पदों के लिए उपचुनाव होंगे। विकास खंड ऊना के तहत ग्राम पंचायत बसोली के वार्ड 2 में पंचायत सदस्य, ग्राम पंचायत अरनियाला लोअर के वार्ड 5 में पंचायत सदस्य और ग्राम पंचायत भटोली के वार्ड 6 में पंचायत सदस्य पदों के लिए उप चुनाव करवाएं जाएंगे। विकास खंड गगरेट के अंतर्गत ग्राम पंचायत जाडला कोइडी के वार्ड 3 में पंचायत सदस्य और ग्राम पंचायत घनारी में प्रधान पद के लिए उपचुनाव करवाए जाएंगे। इसके अलावा विकास खंड बंगाणा की ग्राम पंचायत छपरोह कलां के वार्ड 4 में पंचायत सदस्य पदों के लिए उपचुनाव होंगे। वहीं, विकास खंड हरोली में ग्राम पंचात पंजावर के वार्ड 5 में पंचायत सदस्य के रिक्त पद के लिए उपचुनाव होगा।

# नए तरीकों से लूट रहे साइबर अपराधी

**राजेश शर्मा, ऊना**

आजकल साइबर क्राइम करने वाले गिरोह सक्रिय हैं। इन दिनों साइबर ठग आपको बैंक लोन का झांसा दे रहे हैं। आपकी लिमिट 5 या 7 लाख है, कुछ भी बताकर आपसे आपके खातों की जानकारी लेकर कोई फ्रॉड कर सकते हैं। ऐसे अनजान नंबर से कॉल आ रहे हैं और आपकी आधार और पैन कार्ड की जानकारी ले रहे हैं। ऐसे लोगों से सावधान रहने की जरूरत है।

बता दें कि साइबर क्राइम से जुड़े लोग आपको कॉल करके धमकी भी दे रहे हैं। ऊना की एक युवती को फोन कॉल करके गिरोह के सदस्य खुद को डाक विभाग का आला अधिकारी बताकर धमका रहे हैं कि युवती के नाम से एक पार्सल विदेश पहुंचा है। उसमें कुछ आपत्तिजनक सामग्री पाई गई है। अगर मामले का निपटारा करना है तो इतना पैसा उन्हें भरना होगा, अन्यथा उनके खिलाफ कार्रवाई हो सकती है। ऐसा भय बनाकर लूट करने की कोशिश की जा रही है। ऐसे लोगों से भी सावधान रहने की जरूरत है। जब युवती के परिजनों ने उपरोक्त नंबर की जांच करवाई तो वह राजस्थान का निकला, जबकि व्यक्ति खुद को मुंबई डाक विभाग के हेड ऑफिस का अधिकारी बता रहा था।

### कभी लोन तो कभी ओटीपी मांगकर कर रहे ठगी

साइबर ठग व्हाट्सऐप, मैसेज एवं मोबाइल पर कॉल के जरिए क्रेडिट कार्ड लिमिट बढ़ाने का झांसा दे रहे हैं। शातिर खुद को निजी बैंक का कर्मचारी बताकर लोगों को ठग रहे हैं। साइबर पुलिस ने साइबर ठगों से बचने के लिए एडवाइजरी जारी की है। क्रेडिट कार्ड लिमिट बढ़ाने को लेकर हिमाचल में भी लोगों को इस बारे फोन आ रहे हैं। साइबर शातिर आम लोगों को जाल में फंसाने के लिए नए-नए तरीके से खोज रहे है। लोन, बिजली बिल, फास्टैग के अलावा अब साइबर ठग क्रेडिट कार्ड लिमिट बढ़ाने के नाम पर लोगों के साथ ठगी का प्रयास कर रहे हैं। देश के विभिन्न राज्यों में लगातार आ रहे मामलों के चलते साइबर पुलिस ने हिमाचल की जनता को अलर्ट किया है। साइबर पुलिस का मानना है कि हिमाचल में भी लोगों को इस बारे फोन आ रहे हैं। शातिर ठग सबसे पहले व्हाट्सएप, मैसेज या मोबाइल पर कॉल के माध्यम से क्रेडिट कार्ड लिमिट बढ़ाने की बात कहते हैं।

इसके तहत शातिर अपने आप को निजी बैंक का कर्मचारी बताते हैं। शातिर इन सभी बातों से लोगों को विश्वास में ले लेते हैं। उसके बाद शातिर क्रेडिट कार्ड लिमिट बढ़ाने की बात करते हैं। इसको लेकर ओटीपी शेयर करने को कहा जाता है। व्यक्ति ओटीपी शेयर करते ही उसके क्रेडिट कार्ड का विवरण शातिर प्राप्त कर लेते हैं और कुछ ही देर में क्रेडिट कार्ड से पैसा निकाल लिया जाता है।

डीआईजी साइबर क्राइम मोहित चावला का कहना है कि साइबर ठग लोगों को अपने जाल में फंसाने के लिए आए दिन नए-नए तरीके अपना रहे हैं। उन्होंने कहा कि ऐसे में लोगों को जागरूक रहने की जरूरत है। डीआईजी ने कहा कि किसी से भी अपना ओटीपी नंबर को शेयर न करें। (अनंत ज्ञान)

# माता श्री चिंतपूर्णी महोत्सव की तैयारियां जोरों पर

**अनंत ज्ञान, ऊना**

ऊना जिले में पहली बार आयोजित होने जा रहे तीन दिवसीय माता श्री चिंतपूर्णी महोत्सव को लेकर तैयारियां जोरों पर हैं। जिला प्रशासन इस आयोजन को दिव्य और भव्य रूप में प्रस्तुत करने की हरसंभव कोशिश कर रहा है।

उपायुक्त जतिन लाल ने इस संबंध में सभी विभागों को आवश्यक निर्देश जारी किए हैं। 14 से 16 सितंबर तक आयोजित होने वाले इस महोत्सव में धर्म, भक्ति, लोक आस्था और मनोरंजन का अद्‌भुत संगम देखने को मिलेगा। महोत्सव में विभाग अपनी विकास प्रदर्शनी भी लगाएंगे। इसके अलावा सांस्कृतिक संध्याएं इसकी मुख्य आकर्षण होंगी।

उपायुक्त ने बताया कि महोत्सव के सांस्कृतिक कार्यक्रमों में भाग लेने के लिए कलाकारों के ऑडिशन 2 से 4 सितंबर तक अंब कॉलेज के सभागार में आयोजित किए जाएंगे। इच्छुक कलाकार अपने आवेदन ईमेल पर भेज सकते हैं। उन्होंने बताया कि नामी कलाकारों और राष्ट्रीय स्तर की प्रतियोगिताओं के प्रतिभागियों तथा पुरस्कार विजेताओं को ऑडिशन से छूट दी जाएगी।

### स्मारिका के लिए भेजें लेख

**इसके** अलावा उपायुक्त ने माता श्री चिंतपूर्णी महोत्सव की बहुरंगी स्मारिका के लिए कला और साहित्य प्रेमियों से अपने लेख भेजने का आग्रह किया है। स्मारिका में माता श्री चिंतपूर्णी मंदिर के इतिहास, परंपराओं, धरोहरों, सांस्कृतिक और साहित्यिक विरासत पर आधारित लेखों समेत अन्य ज्ञानवर्धक सामग्री प्रकाशित की जाएगी। इच्छुक व्यक्ति अपने लेख 7 सितंबर तक इस ईमेल shrichintpurnimahotsav 2024@gmail.com पर भेज सकते हैं।

### बंगाणा कॉलेज में पौधरोपण



राजेश ठाकुर, बंगाणा। अटल बिहारी वाजपेयी राजकीय महाविद्यालय बंगाणा की एनएसएस, एनसीसी और रोवर रेंजर इकाई ने एक पौधा मां के नाम अभियान का शुभारंभ महाविद्यालय के प्राचार्य डॉ. रमेश ठाकुर के कर कमलों के द्वारा किया गया। महाविद्यालय परिसर में पौधरोपण भी किया गया। इस इस अवसर पर महाविद्यालय के प्राचार्य ने कहा कि यह अभियान केंद्रीय मंत्रालय के द्वारा चलाए जा रहा है। हर भारतीय नागरिक उत्साह के साथ इस अभियान में अपनी सहभागिता सुनिश्चित करने के लिए आतुर है। इसमें कोई संदेह नहीं कि 'एक पेड़ मां के नाम' अभियान आक्सीजन की मात्रा बढ़ाने, धरती का तापमान कम करने, भूजल स्तर को ऊपर लाने और प्रदूषण नियंत्रण में महत्वपूर्ण योगदान करने में समर्थ होगा। उन्होंने सभी छात्रों से अपील की की पर्यावरण संरक्षण को बढ़ावा देने के लिए अधिक से अधिक पेड़ लगाने का आह्वान किया। इस अवसर पर महाविद्यालय के प्राचार्य डॉ. रमेश ठाकुर, प्रोफेसर रेखा शर्मा, एनएसएस प्रोग्राम ऑफिसर प्रोफेसर सिकंदर नेगी, एनसीसी ऑफिसर डॉ. विनोद कुमार, रोवर हैड कमलेश महाजन आदि मौजूद रहे। (अनंत ज्ञान)

# युवाओं को दी स्वास्थ्य संबंधी जानकारी

**अनंत ज्ञान, अंब**

राजकीय वरिष्ठ माध्यमिक पाठशाला रिपोह मिसरां में राष्ट्रीय किशोर स्वास्थ्य कार्यक्रम के अंतर्गत राष्ट्रीय किशोर दिवस का आयोजन किया गया। इसमें लगभग 100 किशोर व किशोरियों ने भाग लिया और इस कार्यक्रम में स्वास्थ्य शिक्षक राजेश शर्मा और प्राथमिक चिकित्सा केंद्र चकसराय के प्रभारी डॉ. शुभम जसवाल ने किशोर किशोरावस्था से जुड़े हुए प्रत्येक पहलू पर विस्तृत जानकारी दी। किशोर को अपने जीवन के तौर तरीके स्वास्थ्यवर्धक रखने के लिए प्रेरित किया। इस अवसर पर स्कूल के प्रधानाचार्य तरसेम लाल धीमान औषधि निरीक्षक रजत शर्मा, स्वास्थ्य पर्यवेक्षक रामपाल शर्मा तथा स्कूल के समस्त अध्यापक और अध्यापिकाएं उपस्थित रहीं।

# अंब में अंडर-19 खेलकूद प्रतियोगिता कल से

**अनंत ज्ञान, अंब।** राजकीय वरिष्ठ माध्यमिक पाठशाला अंब के प्रधानाचार्य विनोद वनियाल ने बताया कि इस बार स्कूलों की अंडर-19 तीन दिवसीय खेलकूद प्रतियोगिता का आयोजन स्थानीय पाठशाला अंब में 2 से लेकर 4 सितंबर 2024 तक किया जा रहा है। इस प्रतियोगिता का शुभारंभ स्थानीय विधायक सुदर्शन सिंह बबलू करेंगे। इस दौरान बच्चे अपनी प्रतिभा का प्रदर्शन करेंगे।

# बेहतर सेवाओं के लिए चमेल सिंह सम्मानित



**अनंत ज्ञान, ऊना।** उपायुक्त कार्यालय ऊना में गत 40 वर्षों से सेवादार के पद कार्यरत चमेल सिंह को सम्मानित किया गया। शनिवार को उपायुक्त कार्यालय की ओर से स्थानीय बचत भवन में आयोजित समारोह में सहायक आयुक्त उपायुक्त वीरेंद्र शर्मा ने उन्हें सम्मानित किया। समारोह में एसडीएम विश्वमोहन देव सहित उपायुक्त कार्यालय के अधिकारी, कर्मचारी व विभिन्न कर्मचारी संगठनों के प्रतिनिधियों ने चमेल सिंह को सेवानिवृत्ति की बधाई दी तथा भविष्य में अच्छे स्वास्थ्य की कामना की।

# इवान सिक्योरिटी फंक्शन में भरे जाएंगे 215 पद

**ऊना।** मैसर्ज इवान सिक्योरिटी फंक्शन प्राइवेट लिमिटेड शिमला द्वारा 215 पद अधिसूचित किए गए हैं। इनमें सुरक्षा गार्ड के 100 पद, सिक्योरिटी सुपरवाइजर के 20 पद, उत्पादन इकाई (वर्धमान) में 60 पद और सेल्ज एग्जिक्यूटिव के 35 पद शामिल हैं। जिला रोजगार अधिकारी ऊना अक्षय शर्मा ने बताया कि इन पदों के लिए साक्षात्कार 3 सितंबर को प्रात: 10.30 जिला रोजगार कार्यालय ऊना, 4 सितंबर को उपरोजगार कार्यालय अंब, 5 सितम्बर को उपरोजगार कार्यालय हरोली और 6 सितंबर को उपरोजगार कार्यालय बंगाणा में आयोजित किए जाएंगे।

अक्षय शर्मा ने बताया कि इन पदों के लिए शैक्षणिक योग्यता 10वीं, 12वीं और ग्रेजुएशन निर्धारित की गई है। अभ्यर्थी की आयु सीमा 20 से 36 वर्ष तक होनी चाहिए। इसके अतिरिक्त चयनित अभ्यर्थी को 10 से 25 हजार प्रतिमाह वेतन दिया जाएगा। उन्होंने बताया कि इच्छुक अभ्यर्थी अपनी योग्यता प्रमाण पत्र, जन्म तिथि, रोजगार कार्यालय पंजीकरण कार्ड, आधार कार्ड नंबर, दो पासपोर्ट साइज फोटोग्राफ व मूल प्रमाण पत्र सहित साक्षात्कार में भाग ले सकते हैं। अधिक जानकारी के लिए 94182-17918, 82218-62918 पर संपर्क किया जा सकता है। साक्षात्कार में आने जाने का यात्रा भत्ता देय नहीं होगा।

# 21वीं पशुधन गणना पर राजगढ़ में लोगों को किया जागरूक



पशुधन जनगणना पर राजगढ़ में कार्यशाला का आयोजन किया गया।

**अनंत ज्ञान, राजगढ़**

21वीं पशुधन जनगणना पर एकदिवसीय कार्यशाला राजगढ़ में आयोजित की गई, जहां नोडल अधिकारी और एसवीओ डॉ. मानसी शर्मा ने सभी एसडीवीएच कर्मचारियों को जनगणना प्रक्रियाओं पर प्रशिक्षित किया।

कार्यशाला में एसडीवीएच राजगढ़ के पशु चिकित्सा फार्मासिस्टों के साथ-साथ डॉ. प्रवीन वर्मा, डॉ. अंकुर गुप्ता, डॉ. अंकिता शर्मा, डॉ. अक्षय, डॉ. सुरेंद्र, डॉ. नरेश और डॉ. राहुल ठाकुर सहित पशु चिकित्सा अधिकारियों ने भाग लिया। पशुधन जनगणना को प्रभावी ढंग से संचालित करने के लिए प्रतिभागियों को आवश्यक ज्ञान और कौशल से लैस करना।

कार्यशाला के बाद एक जलपान सत्र आयोजित किया गया, जिससे प्रतिभागियों को जनगणना से संबंधित मामलों पर बातचीत करने और चर्चा करने का अवसर मिला। उन्होंने बताया कि 21वीं पशुधन जनगणना देश की पशुधन आबादी पर डेटा एकत्र करने के लिए एक महत्वपूर्ण अभ्यास है। यह प्रशिक्षण सत्र क्षेत्र में सटीक और कुशल डेटा संग्रह सुनिश्चित करेगा।

# सेवड़ा चंडी में पशुओं का स्वास्थ्य जांचा

**दाड़लाघाट।** पंचायत सेवड़ा चंडी में पशु पालन दाड़लाघाट की ओर से एक दिवसीय पशु स्वास्थ्य जागरूकता शिविर लगाया गया। इसकी अध्यक्षता उपमंडलीय पशु चिकित्सा अधिकारी अर्की डॉ. देवराज शर्मा ने की। शिविर में पशुओं के स्वास्थ्य की जांच की, साथ ही पशुपालकों को निशुल्क दवाइयां वितरित की। चिकित्सा अधिकारी अर्की डॉ. देवराज शर्मा ने बताया कि शिविर का उद्देश्य पशुपालकों को वैज्ञानिक पद्धति से अवगत करवाना, पशुपालन से संबंधित समस्याओं का निवारण करना रहा।

इस दौरान ग्रामीणों को योजनाओं का लाभ उठाने के प्रति प्रेरित भी किया। इस अवसर पर पशु चिकित्सा अधिकारी दाड़ला डॉ. मानवी चौधरी, पशु चिकित्सा अधिकारी डुमेहर डॉ. शिवानी पॉल, पशु औषधि संयोजक नीतीश भार्गव,प्रधान सेवड़ा चंडी नोखराम, उपप्रधान कश्लोग भागीरथ, प्रगतिशील कृषक हेमराज सहित अन्य मौजूद रहे।

### सूडोकु 0043 (सरल)

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 2 | 9 | | | 5 | | | | 4 |
| 4 | | | 2 | | 7 | | 8 | |
| | 1 | 6 | | 8 | | | | 3 |
| 8 | | 5 | | 9 | | | | 7 |
| 3 | 6 | | | 2 | | | 1 | 9 |
| 1 | | | | 3 | | 5 | | 2 |
| 5 | | | | 7 | | 6 | 3 | |
| | 3 | | 1 | | 8 | | | 5 |
| 9 | | | | 6 | | | 2 | 1 |

- प्रत्येक पंक्ति में 1 से 9 तक के अंक भरे जाने आवश्यक हैं।
- प्रत्येक आड़ी और खड़ी पंक्ति में एवं 3 गुणा 3 के वर्ग में किसी भी अंक की पुनवृत्ति न हो इसका विशेष ध्यान रखें।
- पहले से मौजूद अंकों को आप हटा नहीं सकते।
- पहेली का केवल एक ही हल है।

### सूडोकु 0042 का हल

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 7 | 8 | 1 | 6 | 9 | 4 | 2 | 5 | 3 |
| 2 | 6 | 4 | 5 | 3 | 6 | 1 | 7 | 9 |
| 5 | 3 | 9 | 1 | 2 | 7 | 4 | 6 | 8 |
| 9 | 5 | 8 | 7 | 4 | 1 | 3 | 2 | 6 |
| 1 | 2 | 3 | 9 | 5 | 6 | 7 | 8 | 4 |
| 4 | 7 | 6 | 3 | 8 | 2 | 9 | 1 | 5 |
| 3 | 9 | 7 | 2 | 6 | 5 | 8 | 4 | 1 |
| 6 | 4 | 2 | 8 | 1 | 9 | 5 | 3 | 7 |
| 8 | 1 | 5 | 4 | 7 | 3 | 6 | 9 | 2 |

अनंत ज्ञान

# आज का राशिफल

बॉबी गोस्वामी, पुजारी,श्री चामुंडा नंदीकेश्वर धाम

### आज का पंचांग

1 सितंबर, 2024, रविवार

**विक्रमी संवत :** 2081, **शक संवत :**1946 (क्रोधी), **मास :** श्रावण **तिथि** चतुर्दशी : (5:24): **नक्षत्र** आश्लेषा (09:49), **पक्ष :** कृष्ण **योग:** परिघ (5:49) **शुभ मुहूर्त :** अभीजित (11:55 - 12:46 तक, **राहुकाल** (5:06 -6:42)।

### विशेष दिन

» 1 सितंबर 2024 : अघोरा चतुर्दशी व्रत आज।
» 2 सितंबर : कुशाग्रहणी देव पितृ अमावस्या कल।

**मेष:** आज मन विचलित रहेगा। दोपहर बाद धन लाभ का योग है। धर्म कार्य में वृद्धि होगी। राजकाज में विशेष सफलता मिलेगी।

**वृषभ:** पराक्रम में वृद्धि होगी। परिजनों की समस्या रहेगी लेकिन निराकरण दोपहर बाद होगा। अच्छे कार्य में धन खर्च होगा।

**मिथुन:** दिन ठीक रहेगा। रोज के कार्य अनियमित समय से होंगे। परिवार से खिन्नता हो सकती है। धन का व्यय और आंशिक लाभ मिलेगा।

**कर्क:** समस्या से थोड़ी निजात मिलेगी। कारोबार से लाभ मिलेगा। राजकाज के कार्य में अच्छा परिणाम आएगा। साझेदारी से लाभ होगा।

**सिंह:** अकस्मात व्यय होगा। शत्रु पर विजय प्राप्त होगी। प्रतिष्ठा, यश, ख्याति प्राप्त होगी। समस्या का समाधान होगा।

**कन्या:** धन का लाभ होगा। किसी प्रियजन से मुलाकात होगी। पराक्रम प्रतिष्ठा में वृद्धि होगी। अफसरों से संबंध मधुर बनेंगे।

**तुला:** कारोबार में प्रगति होगी। कोई अच्छा समाचार मिलेगा। मित्रों से सहयोग प्राप्त होगा। राजकाज में सफलता प्राप्त होगी।

**वृश्चिक:** स्वास्थ्य लाभ होगा। अकस्मात व्यय होगा और दूर-समीप की यात्रा होगी तथा पारिवारिक सुख मिलेगा।

**धनु :** धन का लाभ होगा। परिवार का सहयोग मिलेगा। प्रॉपर्टी पर धन खर्च होगा। शिक्षा का लाभ मिलेगा।

**मकर:** घर में प्रसन्नता का समाचार मिलेगा। मन खुश रहेगा। कार्य में उत्साह बनेगा।

**कुंभ:** दिनचर्या अच्छी रहेगी। मन प्रसन्न रहेगा। दूर-समीप की यात्रा होगी। आंशिक धन लाभ होगा। व्यय अधिक होगा।

**मीन:** संतान से मन प्रसन्न रहेगा। कारोबार में धन लाभ होगा। व्यापार में विस्तार होगा। मित्रों का सहयोग मिलेगा। नई योजनाएं बनेंगी।

# भारतीय राज्य पेंशनर महासंघ इकाई दाड़लाघाट की बैठक 3 को

**दाड़लाघाट।** भारतीय राज्य पेंशनर महासंघ इकाई दाड़लाघाट की आम सभा की बैठक 3 सितंबर को शिव मंदिर दाड़लाघाट में सुबह 11 बजे होनी निश्चित हुई है। बैठक महासचिव भारतीय राज्य पेंशनर्स महासंघ इंद्रपाल शर्मा, जिला सोलन के अध्यक्ष बाबूराम कौंडल व सचिव केसी शर्मा विशेष रूप से उपस्थित होंगे।

इस बैठक में 23 सितंबर 2024 को 7 संगठनों की समन्वय समिति की बैठक बिलासपुर में हुई थी, उसके बारे में इंद्रपाल विस्तृत रूप सदस्यों को अवगत करवाएंगे तथा पेंशनरों के अन्य मुद्दों पर भी विचार विमर्श किया जाएगा। सचिव भारतीय राज्य पेंशनर महासंघ इकाई दाड़लाघाट ने सभी सदस्यों से आह्वान किया है कि उपरोक्त स्थान व समय पर अधिक अधिक संख्या में अपनी उपस्थिति सुनिश्चित करें।

**आयोजन** रेड रिबन क्लब ने दिया एड्स के खिलाफ जागरूकता भरा संदेश

# नुक्कड़ नाटक से बताए एचआईवी-एड्स के दुष्प्रभाव

**विवेक शर्मा, अंब**

राजकीय उत्कृष्ट महाविद्यालय अंब में शनिवार को रेड रिबन क्लब के सौजन्य से एड्स संबंधी जागरूकता कार्यक्रम करवाया गया। पूरे देश में राष्ट्रीय एड्स नियंत्रण संगठन और स्वास्थ्य विभाग के निर्देशानुसार एचआईवी एड्स के प्रति जागरूकता फैलाने के लिए एक सघन अभियान चलाया जा रहा है। इस मौके पर रेड रिबन क्लब के 75 विद्यार्थी उपस्थित रहे व रेड रिबन क्लब के प्रभारी प्रो. आशीष और डॉ. आशुतोष के निर्देशन में महाविद्यालय में नुक्कड़ नाटक का आयोजन किया गया।

इसमें महाविद्यालय के विद्यार्थियों ने नुक्कड़ नाटक के माध्यम से लोगों को एड्स के प्रति जागरूकता का संदेश दिया। विद्यार्थियों ने नाटक के माध्यम से एड्स के फैलने और इसके बचाव का संदेश दिया। कॉलेज प्राचार्य प्रो. दर्शन कुमार ने कहा कि इन गतिविधियों का उद्देश्य छात्रों में एचआईवी एड्स के प्रति जागरूकता फैलाना और समाज में सही जानकारी का प्रचार करना है।




रेड रिबन क्लब के सदस्य कॉलेज के छात्रों के साथ।

उन्होंने अपने वक्तव्य में कहा कि नुक्कड़ नाटक का उद्देश्य यही रहा है कि समाज इससे जागरूक हो। एड्स हाथ मिलाने, साथ खाने व एक-दूसरे का कपड़ा पहनने से नहीं फैलता। उसके प्रति जो समाज में गलतफहमी फैली हुई है, उन्हें इस नाटक के माध्यम से दूर करने का प्रयास किया गया।

नुक्कड़ नाटक के अंत में प्रो. आशीष ने क्लब के सभी सदस्यों को एड्स के प्रति जागरूक करते हुए कहा कि एड्स लाइलाज बीमारी है। इससे बचाव का एकमात्र उपाय जागरूकता है।

उन्होंने कहा कि पिछले कुछ सालों में हिमाचल प्रदेश में एड्स रोगियों की संख्या में कमी आई है। दुनिया के इस लाइलाज रोग से बचने का एकमात्र उपाय जागरूकता है। इस अवसर पर प्रो. रेखा शर्मा सहित समस्त स्टाफ सदस्य उपस्थित रहे। (अनंत ज्ञान)

कुछ लोग सफलता का सपना देखते हैं, जबकि अन्य लोग हर सुबह उठकर इसे पूरा करते हैं। -वेन हुइजेंगा

## संपादकीय

# शिवाजी की मूर्ति गिरने पर बवाल

महाराष्ट्र के सिंधुदुर्ग में छत्रपति शिवाजी महाराज की मूर्ति गिरने पर देशभर में बवाल मचा है। मूर्ति कैसे गिर गई, क्या हवा ही एकमात्र कारण था या मूर्ति के निर्माण में कोई कमी रह गई थी? मूर्ति गिरने से राज्य सरकार निशाने पर आ गई है, क्योंकि इसे राज्य सरकार की तरफ से बनवाया गया था। अभी तक यह समझा जा रहा था कि नौसेना दिवस पर इसका उद्घाटन हुआ। कार्यक्रम नौसेना का था तो मूर्ति भी नौसेना की तरफ से बनवाई गई होगी। मूर्ति बनवाते समय नौसेना से सब कुछ साझा किया गया था। नौसेना ने एसेंबल की गई मूर्ति को केवल चबूतरे पर स्थापित किया। वैसे राज्य सरकार ने भी इस मामले में एफआईआर दर्ज की है और नौसेना भी जांच कर रही है। खंडित मूर्ति को ढक तो दिया गया, लेकिन इस मूर्ति को लेकर महाराष्ट्र की राजनीति में उबाल आ गया है। अक्तूबर 2022 में उज्जैन में जिन देवी-देवताओं की मूर्तियों का उद्घाटन प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने किया था, अगले साल मई 2023 में आई आंधी में गिर गईं और वह भी तब जब दौर में देशभर में इतनी बड़ी मूर्तियां स्थापित की जा रही हैं। हजारों करोड़ की मूर्तियों के इतिहास के नायकों के सम्मान को लेकर विरासत की स्थापना से जोड़ा जा रहा है। वहां मूर्तियों का महत्व राजनीतिक नहीं होना चाहिए। हमें यह भी नहीं भूलना चाहिए कि इन सब में छत्रपति शिवाजी महाराज की मूर्ति का मामला अलग है। उनकी मूर्ति एक साल के भीतर गिर जाए तो निश्चित रूप से सवाल तो उठेंगे ही।

महाराष्ट्र में छत्रपति शिवाजी महाराज आराध्य की तरह पूजे जाते हैं। शिवसेना उद्धव ठाकरे, कांग्रेस, राकांपा, समाजवादी पार्टी, एआईएम समेत सभी दलों ने इसके लिए राज्य सरकार की आलोचना की है और भ्रष्टाचार के आरोप लगाए हैं। राजनीतिक दलों की ओर शिवाजी का आह्वान अलग पहलू तो है ही, लेकिन आप महाराष्ट्र के किसी भी कोने में जाइए, शिवाजी की मूर्ति जरूर मिलेगी। उनके नाम पर दुकानें, मैदान, संगठन, संस्थाएं, स्कूल, कॉलेज तमाम चीजें मिलेंगी इसकी कोई गिनती नहीं है। यहां तक कि महाराष्ट्र सरकार की जो बसें चलती हैं उन्हें शिवनेरी कहा जाता है। मुंबई विक्टोरिया टर्मिनल का नाम बदला गया तो छत्रपति शिवाजी टर्मिनल हो गया। मुंबई का एयरपोर्ट छत्रपति शिवाजी एयरपोर्ट कहलाता है। राज्यभर में कितने ही स्टेडियम शिवाजी महाराज के नाम पर बने हैं, इसकी कोई गिनती नहीं। यहां पता चलता है कि इस राज्य में शिवाजी आज के समय में भी किस तरह व्याप्त हैं। यह तभी होता है जब जनता अपनी तरफ से किसी नायक को अपनाती है और सम्मान देती है, इसलिए महाराष्ट्र में शिवाजी की मौजूदगी और महत्व को राजनीतिक दलों की भावुकता से ज्यादा जनता के बीच उनकी उपस्थिति के रूप में देखा जाना चाहिए। छत्रपति के नाम पर आज भी गांव-गांव में नाटक खेले जाते हैं। अतीत के किसी भी नायक का इतना शानदार वर्तमान किसी भी राज्य में देखने को नहीं मिलेगा इसलिए शिवाजी की मूर्ति गिरने की घटना की प्रतिक्रिया केवल राजनीतिक ही नहीं होगी, कहना मुश्किल है। क्या वाकई इतनी तेज हवा चल रही थी कि मूर्ति सामना ही नहीं कर पाई।

हालांकि, मौसम विभाग ने महाराष्ट्र के तटीय इलाकों के लिए तेज हवाओं की चेतावनी जारी की थी। क्या मूर्ति भीतर से खोखली थी, ऐसी मूर्ति क्यों बनाई गई, जवाब तो तभी मिलेगा जब नौसेना इस पर विस्तृत बयान जारी करेगी कि मूर्ति स्थापित करते वक्त यहां हवाओं का ध्यान रखा गया था, की नहीं। लोग इसलिए भी आहत हैं कि शिवाजी महाराज की मूर्ति बनाने में भ्रष्टाचार हो सकता है। इस घटना से लोग नाराज हैं। इस मूर्ति का निर्माण जमीन से 15 फुट की ऊंचाई पर किया गया और इस पर शिवाजी महाराज की प्रतिमा स्थापित की गई। यह मुद्दा अन्य कारणों से भी उछल रहा है क्योंकि राज्यों में विधानसभा चुनाव भी होने हैं। बहरहाल, तीन महीने में बनी मूर्ति का विश्लेषण कारीगिरी और कल्पना के हिसाब से किया जाना जरूरी है। ■

## आज के दिन की प्रमुख हस्ती

### भारतीय सिनेमा के प्रसिद्ध खलनायक अभिनेता

कृष्ण निरंजन सिंह भारतीय सिनेमा के खलनायक अभिनेता थे। केएन सिंह ने लगभग 250 फिल्मों में धमाकेदार उपस्थिति दर्ज कराई है। केएन सिंह का जन्म देहरादून में हुआ था। उनके पिता चंडी दास एक जाने-माने वकील (क्रिमिनल लॉएर) थे और देहरादून में कुछ प्रांत के राजा भी थे। इकृष्ण निरंजन भी उनकी तरह वकील बनना चाहते थे, लेकिन अप्रत्याशित घटना चक्र उन्हें फिल्मों की ओर खींच ले आया। मंजे हुए अभिनय के बल पर केएन सिंह एक चरित्र अभिनेता बने व विलेन के रूप में स्थापित हुए। सुनहरा संसार (1936) इनकी पहली फिल्म थी। बागवान (1936) में इनका नेगेटिव रोल था। जनता को यह भूमिका बहुत भाई व लंबे समय तक विलेन के रूप में उनके नाम पर मुहर लग गई। केएन सिंह को अपने पिता द्वारा अपनी जागीर का ब्रिटिश सरकार से समझौता पसंद नहीं आया, तभी वह वकालत से मुंह मोड़कर खेल के मैदान में उतर गए। 1936 के बर्लिन ओलंपिक्स के लिए वह जेवलिन थ्रो व शॉट पुट स्पर्धाओं के लिए भारतीय टीम के लिए चुन लिए गए थे। एक बार कोलकाता में उनकी मुलाकात फेमिली फ्रेंड पृथ्वी राजकपूर से हुई, जिन्होंने केएन सिंह को देवकी बॉस से मिलाया। देवकी ने अपनी फिल्म सुनहरा संसार (1936) में सहायक की भूमिका दी। यहां से केएन सिंह फिल्मों में ऐसे जमे कि खेल का मैदान व सेना में भर्ती का विचार उड़न छू हो गया। ■



केएन सिंह
जन्म : 1 सितंबर, 1908
मृत्यु : 31 जनवरी, 2000

## अपनी बात

पूरे विश्व में आज विभिन्न देशों के नागरिकों में शांति का अभाव दिखाई दे रहा है एवं परिवार के सदस्यों के बीच भी भाईचारे की कमी दिखाई दे रही है। शादी के तुरंत बाद तलाक लेना तो जैसे आम बात हो गई है। आज कई विकसित देशों में तलाक की दर 60 प्रतिशत से भी अधिक है। बुजुर्ग माता-पिता की देखभाल करने वाला उनका अपना कोई साथ नहीं है। अमेरिका में तो लगभग 10 लाख बुजुर्ग नागरिक खुले में रहते हुए अपना जीवन-यापन करने को मजबूर हैं। इन देशों में तो जैसे सामाजिक तानाबाना ही छिन्न-भिन्न हो गया है। इसी प्रकार के अन्य कई कारणों के चलते आज सनातन हिंदू धर्म के प्रति विदेशी लोग आकर्षित हो रहे हैं, क्योंकि सनातन हिंदू धर्म का अपना एक अलग ही महत्व है। सनातन हिंदू धर्म में कुटुंब के प्रति वफादारी बचपन से ही सिखाई जाती है। भारत में आज भी संयुक्त परिवार की प्रथा प्रचलन में हैं, जिससे बच्चे अपने बचपन में ही अपने माता-पिता की सेवा करने के संस्कार सीखते हैं और उन्हें पूरे जीवन भर अपने साथ रखने का संकल्प लेते हैं। वहीं, दूसरी ओर विश्व में कुछ अन्य धर्मों में बच्चों को बचपन में ही कट्टरता सिखाई जाती है। -सुमित अवस्थी, बद्दी

**पाठकों से अनुरोध है कि वे अपनी प्रतिक्रिया, सुझाव, आलेख कविताएं और अपनी बात कॉलम के लिए सामग्री *editoranantgyaan@gmail.com* पर या व्हाट्सऐप नंबर 8894521702 पर भेज सकते हैं।**

# 'ग्लोबल साउथ' के बहाने भारत ने दिखाई अपनी ताकत

अभी हाल ही में भारत ने लगातार तीसरी बार वॉइस ऑफ ग्लोबल साउथ समिट या यूं कहें सम्मेलन की मेजबानी की। 'सतत भविष्य के लिए एक सशक्त वैश्विक दक्षिण' विषय पर आधारित इस बार के सम्मेलन का आयोजन किया गया। इस सम्मेलन में मुख्यत: खाद्य व ऊर्जा संकट, जलवायु परिवर्तन एवं पूर्व में हुए सम्मेलनों के नीतिगत कार्यों पर ध्यान केंद्रित किया गया। अपने संबोधन में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी द्वारा विकास के मुद्दों और प्राथमिकताओं पर बल देने हेतु ग्लोबल साउथ सम्मेलन की सराहना की गई। उन्होंने कहा कि ग्लोबल साउथ सम्मेलन एक ऐसा मंच है 'जहां हम उन लोगों की आवश्यकताओं और आकांक्षाओं को आवाज दे रहे हैं, जिन्हें अब तक अनसुना किया गया।' इस बीच भारत ने वैश्विक डिजिटल पब्लिक इंफ्रास्ट्रक्चर यानी डीपीआई में तेजी लाने हेतु सोशल इंपेक्ट फंड में 25 मिलियन डॉलर्स देने की भी पहल की। यहां पर ग्लोबल साउथ शब्द का अभिप्राय है, ऐसे विकासशील देश जो सतत विकास लक्ष्यों को प्राप्त करने हेतु प्रयत्नशील हैं। इसमें एशिया, अफ्रीका, लैटिन अमेरिका आदि देश वर्णित किए जाते हैं।

इस सम्मेलन की रूपरेखा पर ध्यान दिया जाए तो भारत ने विशेष रूप से सभी देशों को एक साथ जोड़ने की अनूठी पहल की और लगातार इस सम्मेलन की मेजबानी करना, 'विकसित भारत' की छवि के तौर पर देखा जा रहा है। इस सम्मेलन में भारत ने विकासशील देशों का प्रतिनिधित्व करके अन्य विकसित देशों को नए भारत के उदय का सीधा संदेश दिया है। यहां पर बताते चलें कि इस सम्मेलन में तकरीबन 123 देशों ने भाग लिया, जिसमें बांग्लादेश भी शामिल था। यह सम्मेलन प्रधानमंत्री के 'सबका साथ, सबका विकास, सबका विश्वास और सबका प्रयास' के नजरिये का पूरक भी प्रतीत होता है। उपर्युक्त कथनानुसार मुख्य मुद्दों की बात करें तो जलवायु परिवर्तन व खाद्य एवं ऊर्जा संकट पर बल दिया गया। ईएम-डीएटी के अनुसार जलवायु परिवर्तन की बात करें तो 2023 में, एशिया में 80 प्रतिशत से अधिक, जल और मौसम संबंधी घटनाएं रिपोर्ट में शामिल की गई हैं। इसमें ज्यादातर मौतें बाढ़ के कारण हुई हैं। वहीं, दूसरी ओर देश में खाद्य यथावत बड़ी चुनौती बनी हुई है। खाद्य संकट के लिए सभी देशों को एक साथ मिलकर आगे आना होगा।



लेखक : शिवालिक अवस्थी
शिला चौक, धर्मशाला

कोविड, आंतरिक युद्ध आदि ग्लोबल साउथ के लगभग सभी देशों की अर्थव्यवस्थाओं पर गहरा असर छोड़ गए हैं। सभी देशों पर इसका एक नकारात्मक प्रभाव दिखाई दिया है। भारत की बात करें तो डीजल, पेट्रोल, कोयला आदि की खपत को कम करके काफी हद तक कुछ समस्याओं का निवारण किया जा सकता है। हालांकि, इतनी सरलता से यह संभव हो पाना कठिन जरूर है, परंतु फिर भी समय की मांग को देखते हुए इस बाबत तुरंत प्रभाव से ठोस कदम उठाना अनिवार्य है। इसके लिए नवीन ऊर्जा स्रोतों पर विचार किया जाना चाहिए। नवीकरणीय ऊर्जा में 'सौर ऊर्जा' का विशेष महत्व है और यह महत्व इसलिए भी मायने रखता है क्योंकि मंत्रालय द्वारा स्पष्ट किया गया है कि 'अंतरराष्ट्रीय सौर गठबंधन (आईएसए) का लक्ष्य, सौर ऊर्जा की व्यापक स्थापना के लिए वर्ष 2030 तक आवश्यक 1000 बिलियन अमेरिका डॉलर से अधिक का निवेश जुटाना है।' आईएसए समझौते की बात करें तो 99 ऐसे देश हैं, जिन्होंने आईएसए समझौते पर हस्ताक्षर व मंजूरी प्रदान की है, जबकि 119 ऐसे देश हैं, जिन्होंने आईएसए फ्रेमवर्क समझौते पर हस्ताक्षर किए हैं। यह गठबंधन कृषि, स्वास्थ्य, परिवहन आदि में सौर ऊर्जा के उपयोग में वृद्धि लाने के लिए प्रयासरत है।

सौर ऊर्जा को वैश्विक साउथ के विकास का अहम हिस्सा माना जा रहा है। एक रिपोर्ट के अनुसार दुनिया की कुल आबादी में ग्लोबल साउथ का 56 प्रतिशत हिस्सा शामिल है, जबकि ग्लोबल साउथ की बिजली उत्पादन क्षमता कुल 18 प्रतिशत है। भविष्य के लिए यह भी एक चिंता का विषय बनकर न उभरे, इसलिए सौर ऊर्जा द्वारा विश्व भर में सशक्त बनने की राह पर भारत ने अभी से चलना आरंभ कर दिया है। भारत एक व्यापक मार्गदर्शक के तौर पर प्रकाशित होने की स्थिति में पहुंच चुका है। रही बात जलवायु परिवर्तन की तो वर्ल्ड इकोनॉमिक फोरम की रिपोर्ट की मानें तो इस वर्ष अधिक बारिश से भारत में बहुत सी फसलों को नुकसान हुआ है, जिसका सीधा असर आर्थिक वृद्धि दर पर देखने को मिलेगा और पिछले कुछ वर्षों में बढ़ती बारिश के कारण बहुत से क्षेत्र अत्यधिक प्रभावित भी हुए हैं। अकेले असम में ही लगभग 2.4 मिलियन के करीब लोगों पर इसका असर देखने को मिला है।

बहरहाल, अब बात वॉइस ऑफ ग्लोबल साउथ सम्मेलन की करें तो इस बार के सम्मेलन में अतिरिक्त 10 मंत्रिस्तरीय सत्रों को शामिल किया गया था। इसमें विदेश मंत्री का सत्र, स्वास्थ्य मंत्री का सत्र, युवा मंत्री का सत्र, वाणिज्य मंत्री का सत्र, सूचना एवं प्रौद्योगिकी मंत्री का सत्र, दूसरे विदेश मंत्री का सत्र, ऊर्जा मंत्री का सत्र, शिक्षा मंत्री का सत्र व पर्यावरण मंत्री के सत्रों को विशेष रूप से शामिल किया गया था। ये सभी सत्र 'विभिन्न विषयों' पर आधारित रखे गए थे। यह सम्मेलन वसुधैव कुटुंबकम 'एक पृथ्वी एक परिवार' से पूरी तरह प्रेरित है, कहना गलत नहीं होगा। इसी के मद्देनजर भारत की ओर से 'ग्लोबल डेवलपमेंट कॉम्पेक्ट' का प्रस्ताव रखना भी ऐतिहासिक पहल माना जा रहा है। इसके माध्यम से ग्लोबल साउथ देशों की समस्याओं का हर परिस्थिति में मिलकर समाधान किया जाएगा। इसके अलावा 'ग्लोबल डेवलपमेंट कॉम्पैक्ट' तकनीकी साझेदारी, व्यापार संबंधी और सतत विकास आदि को भी केंद्रित करेगा। इस सम्मेलन में, भारत ने पहलकदमी करते हुए व्यापार संवर्धन के लिए 2.5 मिलियन डॉलर्स व कैपेसिटी बिल्डिंग यानी क्षमता निर्माण के लिए एक मिलियन डॉलर के योगदान से ऐतिहासिक कदम उठाया है। इसके अलावा, वित्त संबंधी मूलभूत राहत, दवाइयां, प्राकृतिक खेती आदि में भी भारत द्वारा सभी देशों को भरपूर मदद करने का आश्वासन दिया गया।

अक्सर देखा गया है कि चीन अपने पड़ोसी देशों पर दबदबा बनाने में कोई भी मौका हाथ से नहीं जाने देता और व्यापारिक दृष्टिकोण से भी चीन ने साम्राज्यवाद को ही बढ़ावा देने की कोशिश की है, बावजूद इसके यदि इन सारे पहलुओं पर गौर फरमाई जाए तो यकीनन भारत एशिया में अपना वर्चस्व फैलाकर चीन को करारा जवाब देना चाहता है। न केवल एशिया, अपितु जिस प्रकार भारत के प्रधानमंत्री श्री नरेंद्र मोदी द्वारा ग्लोबल साउथ का सफल प्रतिनिधित्व किया गया, इससे जग जाहिर हो चुका है कि भारत ने इसी बहाने समूचे विश्व को अपनी विकसित मंशा से पहले ही अवगत करवा दिया है। बहरहाल, जिस तरह नीतिगत व्यापार आदि संबंधी प्रणालियों को भारत के प्रधानमंत्री द्वारा उजागर किया जा रहा है, वह दिन दूर नहीं जब प्रबल शक्ति बनकर एक 'नए भारत' के उदय का वृत्तांत स्वर्ण अक्षरों में लिखा जाएगा।

**( ये लेखक के निजी विचार हैं )**

नजरिया

# आत्मनिर्भर हिमाचल : राजनीतिक दल मुफ्त की योजना से करें परहेज

जैसा कि हम सभी को मालूम है कि देवभूमि हिमाचल प्रदेश में वर्तमान आर्थिक स्थिति अनुकूल नहीं है और यह आर्थिक स्थिति पिछले अनेक वर्षों से इसी तरह विपरीत चली हुई है। इस कारण हिमाचल प्रदेश की वित्तीय स्थिति बहुत ही विकट स्थिति में पहुंच चुकी है, तो वहीं प्रदेश सरकार को ऋण के रूप में करोड़ों रुपए चुकता करने प्रस्तावित हैं, तो वहीं हाल ही में आए सोलहवें वित्त आयोग के अध्यक्ष का बयान बहुत ही गंभीर स्थिति को दर्शाता है कि हर राजनीतिक दल मुफ्त की रैबड़ियां बांटने की परंपरा शुरू कर चुके हैं।

इसका मकसद राजनीतिक लाभ लेना बताया जाता है, जबकि हर राजनीतिक दल को भली-भांति मालूम है कि मुफ्त की परंपरा से प्रदेश की आर्थिक स्थिति और खराब होती जाएगी, क्योंकि वर्तमान स्थिति को देखकर जनता भी भली भांति परिचित होती है कि इस प्रकार की योजनाओं से वित्तीय स्थिति पर दिन-प्रतिदिन विपरीत प्रभाव पड़ता जा रहा है, तो वहीं कहीं न कहीं आत्मनिर्भरता की ओर कम रुझान भी देखने को मिलता है, इसलिए पुन: हम सभी युवाओं एवं समाज का निवेदन और आग्रह रहेगा कि भविष्य में हर राजनीतिक दल के मुफ्त की परंपरा पर पूर्णता रोक लगाई जानी चाहिए, ताकि देवभूमि हिमाचल प्रदेश की आर्थिक स्थिति को कहीं न कहीं पटरी पर लाई जा सके।



लेखक : हेमराज राणा
स्वतंत्र लेखक, सिरमौर

इसके लिए राजनीति से ऊपर उठकर हर राजनीतिक दलों के राजनेताओं को एकजुटता से काम करने और सहयोग करने की आवश्यकता है और प्रदेश को विकास की दृष्टि से देशभर में अव्वल बनाया जा सके परंतु यह सब तभी संभव होगा, जब सभी राजनीतिक दल इस प्रकार की परंपरा से तोबा करें, क्योंकि सरकार किसी भी दल की क्यों न हो परंतु प्रदेश की आर्थिक स्थिति और प्रदेश को विकास की दृष्टि से आगे बढ़ाने में राजनेताओं की ही हमेशा अहम भूमिका आंकी जाती है। इस प्रकार प्रदेश की किसी भी नीति निर्माण और केंद्र से संबंधित मुद्दों पर राजनेता ही प्रत्यक्ष रूप से भूमिका निभाते हैं। वर्तमान में सरकार द्वारा जरूर कुछ सकारात्मक कदम आर्थिक स्थिति से उभारने के लिए किए जा रहे हैं।

वहीं, इस आर्थिक स्थिति में आम आदमी और हर वर्ग को भी सहयोग करने और आत्मचिंतन करने की परम आवश्यकता है कि हमारा हिमाचल कितनी विपरीत आर्थिक स्थिति से गुजर रहा है। हिमाचल प्रदेश में पर्यटन के क्षेत्र में भी बेहतरीन सेवाएं एवं सरकार को अच्छी आय मिल सकती है, अगर प्रदेश सरकार पर्यटन के क्षेत्र में और बेहतर सुविधा उपलब्ध करवाने का प्रयास करती है तो, वहीं सरकार को हर क्षेत्र के फिजूलखर्चों पर भी लगाम लगाने की परम आवश्यकता है ताकि प्रदेश की आर्थिक स्थिति मजबूत और भविष्य में जल्द से जल्द आत्मनिर्भर हो पाए।

**( ये लेखक के निजी विचार हैं )**

गजल



### आदत

राजेंद्र पालमपुरी

*उन्हें कहने की आदत थी,*
*हमें सहने की आदत थी,*
*मगर फिर भी नहीं तन्हा ,*
*हमें रहने की आदत थी।।*
*दीवारें हो गईं ऊंचीं,*
*जिन्हें ढहने की आदत थी।।*
*मगर फिर भी नहीं तन्हा,*
*हमें रहने की आदत थी।।*
*वह लहरें रुक सकेंगी क्या,*
*जिन्हें बहने की आदत थी।।*
*मगर फिर भी नहीं तन्हा,*
*हमें रहने की आदत थी।।*
*उन्हें कहने की आदत थी ,*
*हमें सहने की आदत थी।।*
*मगर फिर भी नहीं तन्हा,*
*हमें रहने की आदत थी।।*

# प्रशिक्षु डॉक्टर के लिए चिकित्सा में नैतिकता बहुत ही जरूरी

बड़ा सवाल यह है कि कोलकाता रेप केस के बाद चिकित्सा में नैतिकता बहुत जरूरी हो गई है। कोलकाता रेप केस के मुख्य आरोपी संजय रॉय ने पॉलीग्राफ टेस्ट के दौरान सीबीआई को जो बताया होगा, वह छिपेगा नहीं। सच सामने आने पर मानवता का तांडव नितृ देखने को मिला, खासकर आरजी कर मेडिकल कॉलेज और अस्पताल में एक प्रशिक्षु डॉक्टर के बलात्कार और हत्या के बाद, क्या अब चिकित्सा को एक आदर्श समुदाय माना जाना चाहिए? इन सवालों के जवाब देने में चिकित्सा शिक्षा और अभ्यास के लिए क्या जोखिम हैं?

सबसे पहले एक आदर्श समुदाय की परिभाषा पर विचार करें। कैथोलिक धर्मशास्त्री पॉल ग्रिफिथ्स के अनुसार, एक आदर्श समुदाय 'सिद्धांतों या आचरण के नियमों का एक सेट स्थापित करता है, जिसका व्यक्तियों को उस समुदाय का सदस्य माने जाने के लिए पालन करना चाहिए। इसका उद्देश्य कुछ लोगों को बाहर करना और दूसरों को शामिल करना है। यानी स्थापित करना सामुदायिक सदस्यता और इसे बनाए रखने के लिए शर्तों को पूरा किया जाना चाहिए। इस परिभाषा के दो भाग हैं, सबसे पहले एक आदर्श समुदाय आचरण के सिद्धांत या नियम स्थापित करता है। यह नियम आस्था के बयानों (उदाहरण के लिए, निकेन पंथ) या सिद्धांतों (उदाहरण के लिए, किसी दान का मिशन वक्तव्य) का रूप ले सकते हैं। दूसरा, नीति या व्यवहार के ये मानदंड सामुदायिक सदस्यता के लिए सीमाएं निर्धारित करते हैं। मानक मान्यताओं और प्रथाओं का पालन करने से किसी व्यक्ति को समुदाय के भीतर दर्जा और यहां तक कि उसके भीतर अधिकार की स्थिति प्राप्त करने की अनुमति मिल सकती है, जबकि इन मानदंडों को तोड़ने से व्यक्ति के सामुदायिक संबंधों पर सवाल उठता है और यहां तक कि उसके निर्वासन का कारण भी बन सकता है।



लेखक : संजय गोस्वामी
स्वतंत्र टिप्पणीकार

ग्रिफिथ्स की परिभाषा के अनुसार, चिकित्सा एक विशेष रूप से कठोर प्रकार का वैचारिक समुदाय है। चिकित्सकों के लिए, मेडिकल लाइसेंसिंग और बोर्ड प्रमाणन प्राप्त करने के लिए अनगिनत घंटों के अध्ययन, प्रशिक्षण और अभ्यास की आवश्यकता होती है। हम कह सकते हैं कि यह प्रक्रिया एक गुणवत्तापूर्ण समुदाय सदस्य बनने के लिए आवश्यक प्रशिक्षण प्रदान करती है, न ही यह मानदंड केवल तकनीकी प्रकृति का है। उदाहरण के लिए, हिप्पोक्रेटिक शपथ चिकित्सकों पर जो दायित्व थोपती है, उसके मानवीय और वैज्ञानिक दोनों आयाम हैं। चिकित्सा उतनी ही विज्ञान है, जितनी कि यह एक कला है और गर्मजोशी, करुणा और समझ सर्जन के चाकू हैं या रसायनज्ञ की दवा है। जब जो चिकित्सक मरीजों की देखभाल प्रदान करते हैं, तो वे न केवल अपने क्षेत्र में तकनीकी विशेषज्ञता का प्रदर्शन करते हैं, बल्कि यह भी तय करते हैं कि उपचार की कोई विशेष विधि फायदेमंद है या हानिकारक, अच्छी है या बुरी, सही है या गलत, क्योंकि यह हिप्पोक्रेटिक शपथ से बंधा हुआ है।

चिकित्सा नैतिकता के साथ-साथ वैज्ञानिक या तकनीकी मानकों पर भी उतना ही ध्यान देने की आवश्यकता है जितनी कि बाद की, हालांकि, यह दावा कि चिकित्सा समुदाय नैतिक नियमों से बंधा हुआ है, इसका मतलब यह नहीं है कि इन नियमों को समझना आसान है हिप्पोक्रेटिक शपथ चिकित्सकों को कोई नुकसान नहीं पहुंचाने का आदेश देती है। यह निर्धारित करती है कि हिप्पोक्रेट्स के समय से इक्कीस अनुशासन की आवश्यकता रही है। हिप्पोक्रेट्स के अनुसार चार व्यक्तित्व प्रकार हैं 'क्रोधी, रक्तवर्णी, उदासीन और उदासीन।' इस प्रकार का व्यक्तित्व भावुक, मुखर, प्रतिस्पर्धी, दृढ़ निश्चयी, दृढ़ इच्छाशक्ति वाला और साहसी होता है। जब चिकित्सकों ने पहली बार 1950 के दशक में अपने मेडिकल लाइसेंस प्राप्त किए थे, इसे समकालीन संदर्भ में बनाए रखा जा सकता है, जहां मरीज विविध हैं धार्मिक, दार्शनिक और सांस्कृतिक पृष्ठभूमि से पता चलता है कि एक तरीका नैतिक नियमों के प्रश्न को इस जटिलता के साथ जोड़ना है। यह बिलकुल वही कदम है, जिसका जिक्र शुरुआत में विचारकों ने किया था, जो बेहद चिंताजनक है।

उदाहरण के लिए कार्लिन और टॉलेफसेन के लिए, चिकित्सकों के लिए खुद को मुख्य रूप से सेवा प्रदाता के रूप में देखना आम बात हो गई है, जबकि मरीज खुद के लिए सर्वोत्तम देखभाल खरीदने की कोशिश कर रहे हैं। यह मौलिक रूप से त्रुटिपूर्ण प्रणाली, जिसे कार्लिन और टॉलेफसेन ने 'सेवा प्रदाता' मॉडल के रूप में वर्णित किया है। रोगी-चिकित्सक संबंध को वस्तुओं और सेवाओं के एक सरल आदान-प्रदान के रूप में प्रस्तुत करता है, जो खरीददार को सही उत्पाद चुनने में समान रूप से मदद करता है, लेकिन यह 'सेवा प्रदाता' मॉडल को दर्शाने वाला एक साधारण लेनदेन नहीं है। यह मॉडल वास्तव में रोगी-चिकित्सक संबंध को आर्थिक और उपयोगितावादी बनाते हुए उपभोक्तावाद के सिद्धांतों को लागू करता है। यह चिकित्सकों को दक्षता और लाभ को अधिकतम करने के लिए अत्यधिक दबाव में रखता है। बोनर और कोलियर के शब्द रोगी को एक खंडित शरीर के रूप में देखने के लिए प्रोत्साहित करते हैं, जिसे ठीक करने की आवश्यकता है, न कि एक संपूर्ण व्यक्ति के रूप में जिसे उपचार की आवश्यकता है।

इस मॉडल के संदर्भ में मरीजों को चिकित्सक को चिकित्सा औद्योगिक परिसर की विशाल, अवैयक्तिक मशीनरी में सिर्फ एक अन्य तकनीशियन के रूप में देखने के लिए प्रोत्साहित किया जाता है, जहां से उन्हें देखभाल मिलती है। इसलिए, चिकित्सक और रोगी दोनों एक-दूसरे को पूर्ण विकसित इंसान के बजाय लक्ष्य के साधन के रूप में देखने के लिए बाध्य हैं। दवाएं बाजार के नियमों और रोगियों के अधीन हो जाती हैं, जिससे नैतिक मानकों पर सवाल उठते हैं। मेडिकल थैरेपी कैसी होनी चाहिए, इसके बारे में एक अलग दृष्टिकोण विकसित करने के लिए हम सभी को मिलकर चर्चा करनी चाहिए।

**( ये लेखक के निजी विचार हैं )**

# एक अवलोकन : इंदिरा गांधी प्यारी बहना सुख-सम्मान निधि योजना

स्वतंत्रता के पश्चात भले ही देश और प्रदेश में चहुंमुखी विकास हुआ हो, लाखों लोगों को सरकारी क्षेत्र में रोजगार मिला हो, सेवानिवृत्ति के बाद उन्हें जीवन निर्वाह के लिए पेंशन दी जाती रही है। इसके साथ ही लाखों लोगों को निजी क्षेत्र में भी रोजगार के अवसर मिले। जो व्यक्ति किन्ही कारणों से सरकारी सेवा या निजी क्षेत्र में रोजगार से वंचित रह गए, उन्हें रोजगार के अन्य कोई साधन अपनाने पड़े।

पहले ग्रामीण क्षेत्र में कृषि एवं पशुपालन मुख्य व्यवसाय था, लेकिन उसमें नौकरी की तरह नकद पैसा नहीं था, इसलिए जो सरकारी एवं निजी क्षेत्र में रोजगार पाने में पिछड़ गए। गांव या आसपास के क्षेत्र में सरकारी एवं ठेकेदारों द्वारा शुरू किए गए कार्यों में मेहनत मजदूरी करते थे। अब ग्रामीण स्तर पर काम न के बराबर हो गए हैं। रोजगार से वंचित परिवार की महिलाएं धनाभाव में अपना जीवन व्यतीत कर रही हैं। सुक्खू सरकार की यह अत्यंत सराहनीय योजना है। इससे साबित हो गया है कि इस सरकार की नजर गरीब से गरीब वर्ग पर भी है। पहले गरीब व्यक्ति खेतीबाड़ी व पशुपालन से अपना गुजारा कर लेता था, अब ग्रामीण क्षेत्र में खेतीबाड़ी का कार्य जंगली जानवरों, लावारिश पशुओं ने खत्म कर दिया है। रही सही कसर तेजी से फैल रहे जहरीले जहरीले घास ने पूरी कर दी है। पशुपालन का व्यवसाय भी खत्म होने के कगार पर है। ग्रामीण स्तर पर भी यह स्थिति हो गई है कि दूध व दहीं भी बाजार से खरीदना पड़ रहा है ।



लेखक : रामलाल पाठक
गांव निहारखन बासला (चिड़की)

वर्तमान कांग्रेस की सुक्खू सरकार का इंदिरा गांधी प्यारी बहना सुख-सम्मान निधि योजना एक सराहनीय प्रयास है। हालांकि चुनाव से पहले कांग्रेस पार्टी ने जो दस गारंटियां दी थीं, उसमें यह भी एक थी। जब घोषणा हुई थी, तब यह कहा गया था कि प्रत्येक महिला को 1500 रुपए प्रति माह मिलेंगे। बाद में जो फार्मूला बनाया गया, उसमें भले ही बहुत कम संख्या में महिलाएं आई हैं, लेकिन असल में वही जरूरतमंद महिलाएं हैं, उन्हें कहीं से भी नकद पैसा नहीं मिलता है, जिससे वे अपना जरूरी सामान खरीद सकें। शुरू में सामाजिक सुरक्षा पेंशन के अंतर्गत निर्धन वर्ग के वृद्धजनों, विकलांगों या असहाय लोगों को पेंशन दी जाती रही। समाज का एक ऐसा वर्ग धनाभाव के कारण अनेक समस्याओं से ग्रसित रहा। उन लोगों की संख्या बहुत कम थी।

इसके बावजूद कुछ ऐसे बुजुर्ग व महिलाएं रह गए थे, जिन्हें सीधे तौर पर लाभ नहीं मिल रहा था। इन लोगों को सरकारी या निजी क्षेत्र में रोजगार नहीं मिला था। बुढ़ापे में वे दूसरों के हाथ की ओर देखते थे। उन्हें काफी तंगी से गुजरना पड़ता था तथा रोजमर्रा के खर्च के लिए दूसरे के आगे हाथ फैलाना ही पड़ता था। अब हिमाचल की सुक्खू सरकार की इंदिरा गांधी प्यारी बहना सुख-सम्मान निधि योजना के शुरू होने से महिलाओं को आत्मनिर्भर होने में मदद मिलेगी। इस योजना से उन परिवारों को भी आर्थिक मदद मिलेगी, जो नकद राशि के लिए विभिन्न परिस्थितियों से जूझते रहते हैं, अर्थात जिन परिवारों के लिए सरकार की ओर से मासिक वेतन के नाम पर एक पैसा भी नहीं मिलता, उन परिवारों को तंगहाली में अपना जीवन यापन करना पड़ता है। इससे उनकी कई समस्याएं समय रहते हल नहीं हो पाती हैं। रोजमर्रा के सामान खरीदने के लिए उन्हें समय पर पैसा नहीं मिलता, नतीजतन उन्हें कई बुनियादी जरूरतों से वंचित रहना पड़ता है अथवा उधारी में सामान खरीदना पड़ता है।

भारत सरकार व प्रदेश सरकार ने कुछ ऐसी योजनाएं चलाई हैं, जिससे उस उपेक्षित वर्ग को सीधे तौर पर लाभ मिल हो। इनमें भारत सरकार की प्रधानमंत्री किसान सम्मान निधि योजना तथा प्रदेश सरकार की सामाजिक पेंशन योजना से सीधे तौर पर लोगों को लाभ मिला है। अब मुख्यमंत्री सुक्खू द्वारा इंदिरा गांधी प्यारी बहना सुख-सम्मान निधि योजना की घोषणा से उन महिलाओं को लाभ मिलेगा, जो घरेलू कामकाज में व्यस्त होने के बावजूद धनाभाव से जूझ रही है। इस योजना के लागू होने से समाज के किसी भी बुजुर्गों और महिला को रोजमर्रा के खर्च के लिए किसी दूसरे के हाथ की ओर नहीं देखना पड़ेगा।

**( ये लेखक के निजी विचार हैं )**

अनंत ज्ञान
प्रकाशक एवं मुद्रक डॉ. दिलीप धाकड़ द्वारा फोकस हिमाचल मीडिया प्रा. लि. के लिए बायोसर्ट इंटरनेशनल प्रा. लि. प्लॉट नंबर 8, फेज-2 इंडस्ट्रियल एरिया, नगरोटा बगवां, जिला कांगड़ा (हि.प्र.), पिन नंबर-176047 से मुद्रित एवं प्रकाशित। संपादक समरजीत, समस्त समाचारों के चयन एवं संपादन के लिए पीआरबी एक्ट के अंतर्गत उत्तरदायी
आरएनआई संदर्भ संख्या-HPHIN01099
ई-मेल : anantgyaanmedia@gmail.com
फोन नंबर : 01892-299098

## न्यूज ब्रीफ

### नरोला लखदाता मंदिर में मेडिकल कैंप आज

**अनंत ज्ञान, मंडी।** लखदाता मंदिर कमेटी के सदस्यों ने 'अमर अस्पताल मोहाली' के डॉक्टरों के सौजन्य से 1 सितंबर को गवर्नमेंट प्राथमिक पाठशाला नरोला में एक चिकित्सा शिविर का आयोजन किया है, जिसमें डॉक्टर पंकज गुप्ता एवं हड्डी विशेषज्ञ डॉक्टर उमंग वर्मा उपस्थित रहेंगे और अपनी सेवाएं मुफ्त इस शिविर में देंगे। शिविर 10 बजे से प्रारंभ हो जाएगा। लखदाता मंदिर कमेटी के प्रधान हरीमन तथा उप प्रधान बलदेव सिंह वर्मा ने बताया कि लोग कैंप का लाभ उठा सकते हैं।

### पौधरोपण से बेहतर कुछ नहीं : एसडीएम



**अनंत ज्ञान, पधर।** बाल विकास परियोजना द्रंग के सौजन्य से 'एक पौधा मां के नाम' अभियान के तहत उपमंडल पधर में एसडीएम पधर द्वारा पौधरोपण कर अभियान का शुभारंभ किया गया। इस अभियान के तहत एसडीएम पधर ने कहा कि पर्यावरण को हरा-भरा रखने के लिए बहुत अच्छी पहल है क्योंकि आज के समय में जलवायु परिवर्तन एक गंभीर समस्या बनकर सामने आया है।

### हिम साहित्य परिषद का सम्मान समारोह 14 सितंबर को

**अनंत ज्ञान, मंडी।** हिम साहित्य परिषद की बैठक अध्यक्ष डॉक्टर पीसी कौंडल की अध्यक्षता में संपन्न हुई। बैठक में निर्णय लिया गया कि हिंदी दिवस के अवसर पर 14 सितंबर को 11 बजे सुंदर नगर में साहित्यिक सम्मान समारोह 2023-24 व कवि सम्मेलन का आयोजन किया जाएगा। कार्यक्रम की अध्यक्षता उपायुक्त अपूर्व देवगन करेंगे। अध्यक्ष पीसी कौंडल के अनुसार इस आयोजन के पहले सत्र में डॉक्टर विजय विशाल को हिंदी साहित्य सम्मान से नवाजा जाएगा। जबकि पहाड़ी साहित्य सम्मान से कृष्ण चंद्र महादेविया को नवाजा जाएगा। उन्होंने बताया कि इस मौके पर नवोदित कवयित्री हरपिंदर कौर को भी प्रोत्साहन पुरस्कार दिया जाएगा।

### पौड़ाकोठी में प्राकृतिक खेती पर शिविर आयोजित



**अनंत ज्ञान, सुंदरनगर।** कृषि प्रौद्योगिकी प्रबंधन अभिकरण आत्मा जिला मंडी विकास खंड सुंदरनगर द्वारा ग्राम पंचायत पौड़ाकोठी के मनानू गांव में प्राकृतिक खेती खुशहाल किसान योजना के अंतर्गत सुभाष पालेकर प्राकृतिक खेती पर दो दिवसीय प्रशिक्षण शिविर का आयोजन किया गया जिसमें किसानों को प्राकृतिक खेती में उपयोग होने वाले सभी घटकों की जानकारी दी गई। तकनीकी प्रबंधक लेखराज और सहायक तकनीकी प्रबंधक योगराज ने खेती में उपयोग होने वाले घटकों को प्रयोगात्मक रूप से बताया गया।

### आंगनबाड़ी केंद्रों में साक्षात्कार 9 अक्तूबर को होगा

**अनंत ज्ञान, सरकाघाट।** बाल विकास परियोजना अधिकारी, गोपालपुर अनीता शर्मा ने बताया कि सामाजिक न्याय एवं अधिकारिता विभाग द्वारा संचालित समेकित बाल विकास सेवाएं योजना के अंतर्गत सेवाओं के सुचारू संचालन के लिए बाल विकास परियोजना अधिकारी कार्यालय गोपालपुर स्थित सरकाघाट में आंगनवाड़ी कार्यकर्ता व आंगनबाड़ी सहायिकाओं के पद भरे जाने हैं, जिनके लिए आवेदन आमंत्रित किए गए थे तथा साक्षात्कार की तिथि 27 सितंबर निर्धारित की गई थी। उन्होंने बताया कि आंगनबाड़ी केन्द्र हरण मझवाड़, बाग भाल्याना व सैन में आंगनवाड़ी कार्यकर्ताओं के पद जबकि आंगनबाड़ी केन्द्र डोल-1, बडोई, रखोह, गद्यारू, शैलग, बाल्हरा, नवानी, तुमराहण, गोपालपुर-2 व दलोली में आंगनबाड़ी सहायिकाओं के पदों के लिए आवेदन व साक्षात्कार की तिथि में बदलाव किया गया है। उन्होंने बताया कि पंचायत उपचुनावों के बाद इस पदों के आवेदन की अन्तिम तिथि 04 अक्तूबर होगी जबकि साक्षात्कार 9 अक्तूबर, 2024 को प्रातः 10 बजे से होंगे।

### पोषण अभियान के लिए हमें आगे आना चाहिए : नेहा

**अनंत ज्ञान, करसोग।** करसोग में सितंबर माह में चलाए जाने वाले पोषण अभियान और परियोजना के तहत कार्यान्वित की जा रही विभिन्न योजनाओं की समीक्षा के लिए बैठक का आयोजन उपमंडलाधिकारी नागरिक करसोग नेहा नेगी की अध्यक्षता में किया गया। बैठक में मुख्यमंत्री सुखाश्रय योजना, पोषण अभियान व मंडी जिला में चलाए जा रहे देई कार्यक्रम पर चर्चा करते हुए एसडीएम ने संबंधित विभागों को योजनाओं को धरातल पर उतारने और पात्र लोगों तक इन योजनाओं का लाभ पहुंचाने के निर्देश दिए। एसडीएम ने कहा कि पोषण अभियान को सही मायने में सफल बनाने के लिए हमें व्यक्तिगत रूप से आगे आना चाहिए।

### नौणा में चलाया पौधरोपण अभियान

**नूतन प्रकाश ठाकुर, बालीचौकी।** प्रधानमंत्री मोदी के देशव्यापी कार्यक्रम 'एक पौधा मां के नाम' कार्यक्रम का आयोजन थाची वन परिक्षेत्र के अंतर्गत आने वाले नौणा चलाया में आयोजित किया गया। इस अवसर पर सब जज गोहर प्रतीक गुप्ता ने पौधरोपण किया।



कार्यक्रम के दौरान वन मंडल अधिकारी गोहर एसएस कश्यप ने पौधरोपण के महत्व पर प्रकाश डाला। स्थानीय प्रशासन की ओर से कार्यवाहक उपमंडल अधिकारी बालीचौकी नीतेश ठाकुर ने पौधरोपण कार्यक्रम में भाग लिया। इस अवसर पर लोक निर्माण विभाग,जल रक्षा विभाग, शिक्षा विभाग, विद्युत विभाग, व सामाजिक न्याय एवं अधिकारिता विभाग द्वारा भी पौधरोपण किया गया। बालीचौकी के नौणा में इस दौरान प्रस्तावित सब जज कोर्ट के निर्माण के लिए सभी विभागों को साथ लेकर साझा निरीक्षण भी किया गया। इस दौरान सब जज गोहर प्रतीक गुप्ता विशेष रूप से निरीक्षण के लिए शामिल हुए।

### गवाली स्कूल में खेलकूद प्रतियोगिता का शुभारंभ



**अनंत ज्ञान, पधर।** द्रंग खंड द्वितीय अंडर-14 छात्रा वर्ग खेलकूद प्रतियोगिता राजकीय उच्च माध्यमिक पाठशाला गवाली में शुरू हुई, जिसमें पूर्व मंत्री एवं प्रदेश कांग्रेस के वरिष्ठ नेता कौल सिंह ठाकुर ने बतौर मुख्यातिथि शिरकत की। वहीं प्रतियोगिता के मार्च पास्ट में मेजबान उच्च पाठशाला गवाली विजेता और रावमापा साहल उपविजेता रहा। इस अवसर पर पंचायत समिति द्रंग के उपाध्यक्ष कृष्ण भोज, ब्लाक कांग्रेस अध्यक्ष बामन देव ठाकुर, वरिष्ठ उपाध्यक्ष भूप सिंह धरवाल, जिला कांग्रेस महासचिव जोगिंदर गुलेरिया आदि मौजूद रहे।

### चौक ने धनेड को हराकर किया खोखो पर कब्जा



**अनंत ज्ञान, सरकाघाट।** राजकीय उत्कृष्ट वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय टिक्करी सधवानी में गोपालपुर द्वितीय खंड की 14 वर्ष से कम छात्रों की खेलकूद प्रतियोगिता के समापन समारोह में पवन ठाकुर महासचिव हिमाचल प्रदेश कांग्रेस कमेटी ने मुख्यातिथि के रूप में शिरकत की। प्रतियोगिता में खो खो में चौक विजेता व धनेड़ उपविजेता, कबड्डी में पौंटा विजेता व समैला उप विजेता, वॉलीबॉल में कोट हटली विजेता व चौक उप विजेता, बैडमिंटन में कोट हटली विजेता व धनेड़ उप विजेता, भाषण प्रतियोगिता में त्रिफलघाट व समैला संयुक्त रूप से प्रथम, संस्कार स्कूल द्वितीय तथा मार्च पास्ट में धनेड़ विजेता रहा तथा ऑलराउंडर बैस्ट कोट हटली रहा। स्थानीय विद्यालय की प्रधानाचार्य कुलबीर सिंह तथा स्टाफ के सभी सदस्यों ने मुख्य अतिथि का स्वागत किया।

---

#### नौ माह से भुगतान न होने पर फोरलेन के ठेकेदार करेंगे प्रदर्शन

# फोरलेन पंडोह बाइपास टकौली प्रोजेक्ट का कार्य 3 माह से ठप

**अनंत ज्ञान, पंडोह**

फोरलेन पंडोह बाइपास टकौली प्रोजेक्ट का मेन कार्य पिछले तीन माह से ठप पड़ा हुआ है। एनएचएआई के क्षेत्रीय अधिकारी भी मौका कर चुके हैं। काम बंद होने के बारे में पूरा फीडबैक ले चुके हैं। मगर फिर भी काम शुरू नहीं हो पाया है। इसका कारण ठेकेदारों को नौ माह से पेमेंट नहीं मिली है।

ठेकेदारों का कहना है कि जब तक पेमेंट नहीं होती तब तक काम भी शुरू नहीं होगा। उन्हें गाड़ियों की किस्तें, चालकों का भुगतान व अन्य खर्चे अदा करना मुश्किल हो गया है। बैंक में डिफाल्टर होते जा रहे हैं। आर्थिक तंगी के चलते जीवनयापन भी तनावपूर्ण हो गया हैं।




उल्लेखनीय है कि प्रोजैक्ट का मुख्य कार्य निर्माणाधीन डयोड टनल है। जिसका एफकान कंपनी द्वारा इन स्थानीय ठेकेदारों की मदद से किया जा रहा था। मगर कंपनी लगभग दो दर्जन छोटे ठेकेदारों का लगभग 50 करोड़ रुपए दबा कर बैठी है। जिसके चलते ये पिछले 9 महिनों से कभी एफकान कंपनी, कभी शाहपुर जी पलौंजी कंपनी तो कभी एनएचएआई के कार्यालयों में चक्कर काट रहे हैं। सभी कंपनियां एक दूसरे पर देनदारी का ठीकरा फोड़ कर किनारा कर लेती हैं। वहीं ठेकेदारों ने शनिवार को एनएचएआई के परियोजना निदेशक को तीन दिनों का लिखित अल्टीमेटम दिया है। जिसमें इन्होंने उनकी पेमेंट मसले के स्थाई समाधान की मांग की है। तीन दिनों के बाद मंगलवार 3 सितम्बर से सभी ठेकेदार तीनों कंपनी कार्यालयों के बाहर धरना प्रदर्शन करेंगे। ठेकेदारों ने जिला प्रशासन, डीसी व एसपी को पहले ही धरने प्रदर्शन की सूचना दे दी है। इस संबंध में शहपलोजी पलौनी कंपनी के जीएम आदर्श ने बताया कि ठेकेदारों का एक प्रतिनिधिमंडल उनसे मिला है। उनकी पेमेंट का इश्यू है। मगर ये पैसा एफकानस कंपनी की देनदारी है।

एफकानस कंपनी के एचआर ज्ञान चंद का कहना है कि ठेकेदारों की देनदारी है। मगर सरकार से पैसा नहीं मिल रहा है। परियोजना अधिकारियों एनएचएआई वरुण चारी ने कहा कि ठेकेदारों का एक प्रतिनिधिमंडल उनसे मिला है और धरनें प्रदर्शन का अल्टीमेटम नदिया गया है।

### परमानंद राठौर बने किसानों के प्रधान

**धनोटू।** हिमाचल किसान यूनियन (अराजनैतिक) खंड धनोटू के त्रिवार्षिक चुनाव 2024-27 राज्य अध्यक्ष सीताराम वर्मा की देखरेख में संपन्न हुए। इसमें प्रधान परमानंद राठौर (कोट), महासचिव कर्मचंद चौहान (अप्पर बैहली) और कोषाध्यक्ष मस्तराम को सर्वसम्मति से चुना गया। इसके अलावा कार्यकारी सदस्य के रूप में हुकमचंद (स्यांजी), कृष्ण चंद्र (समकल), भजन सिंह (बैहली), गंगाराम चौधरी (रौ), लखीराम (पाली), पीआर भारद्वाज (सेरठ) व अशोक शर्मा (जुगाहन)चुने गए।

### विद्युत उपमंडल चौंतड़ा में बिजली बाधित

**जोगिंद्रनगर।** चौतड़ा में आज विद्युत 33/11 के.वी. सब-स्टेशन में आवश्यक रखरखाव के कारण बीर फीडर, चौंतरा फीडर, एहजू फीडर और राजा फीडर की बिजली पूरी तरह से बंद रहेगी। इससे टिक्करी मुशैहरा, चौगान, डुमेहड़, पातकू, सारली, योरा, गदियारा, गलू, बनाड़ चौंतड़ा, लोअर चौंतड़ा, पसल, भटेड़, कोहरा, सेंथल, भलारीहड़ा, खेतड़ सुकाबाग, मचकेहर, तलकेहर, बीड रोड, एहजू, मटरू, सुज्जा, मोहनघाटी, भजराला, पसल, राजा, सरोहली, खोली, संगनेहर, नागन और आसपास के क्षेत्रों में विद्युत आपूर्ति बाधित रहेगी।

### बनेरडी को ऑल राउंड बेस्ट का खिताब

**अनंत ज्ञान, सरकाघाट**



ऑलराउंडर बेस्ट का खिताब प्राप्त करने वाली टीम ।

राजकीय वरिष्ठ माध्यमिक पाठशाला सरी में अंडर 14 (बाल) खंड स्तरीय खेलकूद प्रतियोगिता का समापन समारोह धूमधाम से आयोजित किया गया इसमें बतौर मुख्य अतिथि खंड विकास अधिकारी धर्मपुर डॉ. विवेक गुलेरिया ने शिरकत की।

वहीं मार्च पास्ट प्रथम स्थान पर राजकीय वरिष्ठ माध्यमिक पाठशाला सरी द्वितीय स्थान पर राजकीय उच्च विद्यालय बनेरडी वॉलीबॉल में राजकीय वरिष्ठ माध्यमिक पाठशाला संधोल प्रथम पर रही। वहीं बनेरडी को ऑल राउंड बेस्ट खिताब भी मिला।

राजकीय वरिष्ठ माध्यमिक पाठशाला धर्मपुर द्वितीय स्थान पर रही कबड्डी में राजकीय वरिष्ठ माध्यमिक पाठशाला मंडप प्रथम पर रही। इसी तरह अन्य स्कूल भी विजेता रहे।

### पनारसा में अनीता बनी महाविद्यालय की अध्यक्ष

**अनंत ज्ञान, पंडोह**

राजकीय महाविद्यालय पनारसा में 2024-25 के लिए अभिभावक शिक्षक व छात्र संघ की बैठक प्राचार्या की अध्यक्षता में सम्पन्न हुई।

बैठक में नई कार्यकारिणी में सर्वसम्मति से अनिता को अध्यक्षा, हरि शर्मा उपाध्यक्ष, प्रो. हीरा सिंह सचिव, टोनी सह सचिव और खीरामणि को कोषाध्यक्ष चुना गया।

बैठक में महाविद्यालय के सर्वांगीण विकास पर विचार विमर्श किया गया, जिससे बच्चों को परेशानी न हो।



महाविद्यालय की नई पीटीए के पदाधिकारी प्राचार्य के साथ।

### दीक्षा मिस फ्रेशर और मुदित बने मिस्टर फ्रेशर

**अनंत ज्ञान, जोगिंद्रनगर**



समारोह के दौरान मिस पर्सनालिटी और मिस्टर पर्सनालिटी सामूहिक चित्र में ।

राजकीय महाविद्यालय लडभड़ोल में बीए, बीकॉम प्रथम वर्ष के विद्यार्थियों के लिए द्वितीय व तृतीय वर्ष के छात्र-छात्राओं द्वारा स्वागत समारोह का आयोजन किया गया। इस कार्यक्रम का शुभारंभ बीए व बीकॉम के वरिष्ठ विद्यार्थियों द्वारा स्वागत भाषण के साथ हुआ।

इन प्रस्तुतियों के आधार पर दीक्षा को मिस फ्रेशर और मुदित को मिस्टर फ्रेशर तथा दीपिका को मिस पर्सनालिटी तथा आरिफ को मिस्टर पर्सनालिटी चुना गया। कार्यक्रम के दौरान वरिष्ठ विद्यार्थियों ने भी विभिन्न प्रकार की सांस्कृतिक प्रस्तुतियां दी। इस अवसर पर महाविद्यालय के कार्यकारी प्राचार्य डॉ. मुनीष कुमार ने कहा कि इस प्रकार के आयोजनों से विद्यार्थियों में आत्मविश्वास तथा नेतृत्व क्षमता विकसित होती है।

विद्यार्थियों को सीखने के प्रति संकल्पशील होना चाहिए तथा महाविद्यालय द्वारा उपलब्ध कराए गए सभी प्रकार के अवसरों का लाभ लेते हुए अपने व्यक्तित्व का विकास सुनिश्चित करना चाहिए। इसके अलावा महाविद्यालय प्राचार्य ने सभी प्रतिभागियों व चयनित विद्यार्थियों सहित सभी आयोजकों को सफल आयोजन के लिए बधाई दी।

### कांग्रेस सचिव का बयान भ्रष्टाचार को देगा बढ़ावा : अजय



**अनंत ज्ञान, जोगिंद्रनगर।** भाजपा मंडल जोगिंद्रनगर के अध्यक्ष अजय सकलानी ने जारी बयान में कांग्रेस प्रदेश सचिव जीवन ठाकुर की प्रेस में दिए गए बयान की कड़ी निंदा की है, जिसमें उन्होंने भ्रष्टाचार की आवाज उठाने पर विधायक प्रकाश राणा पर ही मनगढ़त आरोप लगा दिए। सकलानी ने कहा कि कांग्रेस के नेता अपनी मर्यादा भूल गए है। अपनी ओछी राजनीति चमकाने के लिए जीवन ठाकुर को ऐसे अनाप शनाप बयान देने से बचना चाहिए।

### छात्र संघ चुनाव बहाल करने के लिए आंदोलन करेगी अभाविप

**अनंत ज्ञान, मंडी**



पत्रकार वार्ता करते हुए एबीवीपी के छात्र कार्यकर्ता।

अखिल भारतीय विद्यार्थी परिषद मंडी द्वारा शनिवार को प्रेस वार्ता का आयोजन किया गया, जिसमें प्रदेश कार्यकारिणी की बैठक के मुद्दों को साझा किया गया। इस दौरान विभाग संयोजक चिराग ठाकुर ने बताया कि इस बैठक में अगले एक वर्ष की पूरी योजना बनाई गई और प्रदेश के अन्य मुद्दों पर चर्चा हुई।

उन्होंने बताया कि मुख्य रूप से सरदार पटेल विश्वविद्यालय का दायरा कम करना प्रदेश सरकार द्वारा छात्र विरोधी फ़ैसले है। हिमाचल प्रदेश में लम्बे समय से छात्र संघ चुनाव बंद रहना एक तरह से छात्र राजनीति की हत्या है प्रदेश सरकार द्वारा इस पर कोई ध्यान नहीं है। जिसको लेकर जिला स्तरीय धरना प्रदर्शन किया जाएगा।

### आपदा पर प्रशिक्षण कार्यक्रम 2 से

**अनंत ज्ञान, सरकाघाट।** एसडीएम सरकाघाट स्वाति डोगरा ने बताया कि आपदा जोखिमों को कम करने के लिए बचत भवन सरकाघाट में आपदा प्रबंधन और प्रतिक्रिया कार्यक्रम चलाया जाएगा। यह कार्यक्रम 2 सितम्बर से 4 सितम्बर तक चलेगा।

इस तीन दिवसीय कार्यक्रम में ग्रांम पंचायत जंझैल, चौक ब्राड़ता, परसदा हवानी और चोलथरा के टास्क फोर्स युवा स्वयंसेवकों को प्रशिक्षित किया जाएगा। उन्होंने कहा कि लोगों को जागरूक व प्रशिक्षित करके ही प्राकृतिक आपदा के प्रभाव को कम किया जा सकता है।

**आरोप** | जोगिंद्रनगर के विधायक पर जीवन ठाकुर ने लगाए भ्रष्टाचार के आरोप

## जलशक्ति विभाग के 450 करोड़ रुपए की हो जांच

**अभिषेक शर्मा, जोगिंद्रनगर**

जोगिंद्रनगर के विधायक प्रकाश राणा पर लगाए गए भ्रष्टाचार के आरोपों के बीच प्रदेश कांग्रेस के सचिव जीवन ठाकुर ने एक प्रेस वार्ता में अपनी प्रतिक्रिया दी।

उन्होंने विधायक द्वारा उठाए गए मुद्दों की जांच का समर्थन किया, लेकिन साथ ही मांग की कि भाजपा शासनकाल के दौरान जल शक्ति विभाग चौंतड़ा में हुए भ्रष्टाचार की भी जांच होनी चाहिए।

जीवन ठाकुर ने कहा कि जल जीवन मिशन के तहत चौंतड़ा डिवीजन में 450 करोड़ रुपए खर्च किए गए थे, फिर भी आज तक पुरानी और खराब पाइपों से पानी की आपूर्ति की जा रही है। उन्होंने इस पर निष्पक्ष जांच की मांग करते हुए कहा कि यदि जांच सही ढंग से की गई तो चौंकाने वाले खुलासे हो सकते हैं। उन्होंने विधायक पर जानकारी के अभाव का भी आरोप लगाया, यह बताते हुए कि जो फाइबर केबल बिछाई गई थी, वह सड़क और नालियों के बीच की जमीन पर बिछाई गई थी और कहीं भी नालियां नहीं खोदी गईं। इसके अलावा, ठाकुर ने आरोप लगाया कि विधायक द्वारा लगाया गया वाटर कूलर सही तरीके से मेंटेन नहीं किया गया, जिससे दूषित पानी पीने से लोग बीमार हो गए।



प्रेस वार्ता के दौरान प्रदेश कांग्रेस सचिव जीवन ठाकुर और अन्य सदस्य।

जीवन ठाकुर ने कहा कि विधायक के कार्यकाल में चिट्टा (ड्रग्स) का प्रचलन बढ़ा, जिससे कई मौतें हुईं। उन्होंने दावा किया कि चिट्टे के खिलाफ लड़ाई में भी वे सफलता हासिल करेंगे और इसके लिए जागरूकता की आवश्यकता है। उन्होंने विधायक पर बेरोजगारों को रोजगार दिलाने के लिए उद्योग स्थापित करने के वादे को पूरा न करने का भी आरोप लगाया। (अनंत ज्ञान)

---

### प्रदेश पुलिस और मोक्ष मीडिया के माध्यम से बस स्टैंड सुंदरनगर में खुली पुलिस पोस्ट

**उमेश भारद्वाज, सुंदरनगर**




अंतरराज्यीय बस स्टैंड सुंदरनगर में पुलिस पोस्ट खोलने की वर्षों पुरानी मांग अब पूरी होने जा रही है। इसको लेकर एचआरटीसी के अंतरराज्यीय बस स्टैंड में हिमाचल प्रदेश पुलिस एवं मोक्ष मीडिया समूह के माध्यम से पुलिस सहायता केंद्र खुल गया है। जहां बस स्टैंड पर आने व जाने वाले यात्रियों की सुरक्षा और सहायता के लिए पुलिसकर्मी मौजूद रहेंगे।

मोक्ष मीडिया समूह के मैनेजिंग डायरेक्टर विमल शर्मा ने कहा कि अंतरराज्यीय बस स्टैंड सुंदरनगर में पुलिस पोस्ट खुलना यात्रियों की सुरक्षा में यह कदम मिल का पत्थर साबित होगा। विमल ने लोगों को किसी भी सहायता के लिए सुंदरनगर बस स्टैंड में इंक्वायरी काउंटर के साथ बनी पुलिस पोस्ट कक्ष में संपर्क करने की अपील की है।(अनंत ज्ञान)

### बच्चों ने सीखी पारंपरिक लोक नृत्य की बारीकियां

**अनंत ज्ञान, पंडोह**



पारंपरिक लोक नृत्या के उपरांत सामूहिक चित्र में ।

पीएम श्री जवाहर नवोदय विद्यालय पंडोह में पारंपरिक लोक नृत्यों पर मासिक कला शिक्षा कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इस कार्यशाला में उमेश भारद्वाज, ईशा और जेएनवी पंडोह के संगीत अध्यापक पवन ठाकुर ने बच्चों को पारंपरिक लोक नृत्य और कत्थक की बारीकियां सीखाई। जवाहर नवोदय विद्यालय पंडोह के प्राचार्य एसडी शर्मा ने बधाई दी।

### भाषण प्रतियोगिता में आकांक्षा प्रथम



प्रतियोगिताओं में विजेता छात्राएं प्रधानाचार्य के साथ।

**अनंत ज्ञान, मंडी**

राजकीय कन्या वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय में प्रधानाचार्य अनिल कटोच की अध्यक्षता में राष्ट्रीय अंतरिक्ष दिवस मनाया गया।

कार्यक्रम के तहत भाषण, चित्रकला व प्रश्नोत्तरी प्रतियोगिताओं का आयोजन किया गया। भाषण प्रतियोगिता में 12वीं कक्षा की आकांक्षा ने प्रथम स्थान पाया। चित्रकला प्रतियोगिता में दसवीं कक्षा की चाहत, नंदिनी व निलाशी ने क्रमशः पहला, दूसरा व तीसरा स्थान हासिल किया। प्रश्नोत्तरी प्रतियोगिता में टीम डी ने प्रथम और टीम ए ने द्वितीय स्थान प्राप्त किया। कार्यक्रम के दौरान कविता कपूर, मित्र देव, पूजा कपूर, नेहा, शिवाली, शशि, राजेश्वरी शर्मा व पूजा गुलेरिया भी उपस्थित रहे।

### 16 से शुरू होगा खयोड़ में जिला स्तरीय नलवाड़ मेला

**अनंत ज्ञान, गोहर**

उपमंडल गोहर के खयोड़ में जिला स्तरीय नलवाड़ मेला 16 सितंबर से 23 सितंबर तक पूरी श्रद्धा और परम्परा के साथ मनाया जाएगा। मेले के सफल आयोजन व विभिन्न तैयारियां सुनिश्चित करने के लिए शनिवार को एसडीएम गोहर लक्ष्मण सिंह कनेट की अध्यक्षता में बैठक का आयोजन किया गया।

मेले के दौरान 6 सांस्कृतिक संध्याएं भी आयोजित की जाएंगी। उन्होंने कहा कि मेले के सफल आयोजन तथा सुचारू संचालन के लिए प्रशासन द्वारा स्थापित प्रशासनिक कमेटी की देखरेख में पंचायत कमेटी द्वारा मेला संचालित किया जाएगा तथा मेले के आय-व्यय का विवरण भी प्रशासन की देखरेख में किया जाएगा। 16 सितंबर से 23 सितंबर तक आयोजित जिला स्तरीय नलवाड़ मेले के सांस्कृतिक कार्यक्रम के लिए 6 सितंबर को ग्राम पंचायत बासा के पंचायत घर में ऑडिशन लिए जाएंगे तथा 9 सितंबर को मेले में सफाई व्यवस्था, साउंड सिस्टम, बिजली की व्यवस्था, कैंटीन व्यवस्था पर कोटेशन की जाएंगी।

### भाजपा सदस्यता अभियान आज से होगा शुरू : पायल

**अनंत ज्ञान, मंडी**



सदस्यता बैठक के दौरान मौजूद भाजपा कार्यकर्ता ।

भाजपा मंडी मंडल की सदस्यता अभियान कार्यशाला विश्वकर्मा मंदिर परिसर में आयोजित की गई। कार्यशाला मंडल अध्यक्ष मनीष कपूर की अध्यक्षता में सम्पन्न हुई। इस कार्यशाला में प्रदेश उपाध्यक्ष पायल वैद्य, सदर विधायक अनिल शर्मा और सदस्यता प्रभारी ज्योति कपूर विशेष रूप से उपस्थित रहे।

भाजपा प्रदेश उपाध्यक्ष पायल वैद्य ने जानकारी देते हुए कहा कि सदस्यता अभियान पूरे हिमाचल में 1 सितंबर से शुरू किया जाएगा। यह पहला चरण 25 सितंबर तक चलेगा। दूसरे चरण का अभियान 1 अक्तूबर से 15 अक्तूबर तक चलेगा। 16 अक्तूबर से 31 अक्तूबर तक सक्रिय सदस्यता अभियान चलेगा। पायल वैद्य ने कहा कि भाजपा देश और समाज के लिये काम करने वाली पार्टी है। पूरे देश में 18 करोड़ सदस्यों की इस कार्यशाला में बूथ स्तर तक सभी कार्यकर्ताओं को ऑनलाइन और ऑफलाइन सदस्यता करना सिखाया गया। भाजपा के इतिहास और विकाश पर प्रकाश डाला गया।

इस कार्यशाला में नगर निगम के महापौर वीरेंद्र भट्ट, उपमहापौर माधुरी कपूर, पार्षद हरदीप सिंह राजा, सोमेश उपाध्याय, मांचली ठाकुर, मंडल उपाध्यक्ष अरुण कुमार आदि उपस्थित रहे।

### स्टांप वेंडर ने निर्धारित दरों से अधिक शुल्क लिया तो होगी कार्रवाई : एसडीएम

**अनंत ज्ञान, जोगिंद्रनगर**

उपमंडलाधिकारी नागरिक जोगिंद्रनगर मनीश चौधरी ने कहा कि डॉक्यूमेंट राइटर एवं स्टांप वेंडर द्वारा सरकार के निर्धारित दरों से अधिक शुल्क वसूलने की लगातार शिकायतें प्राप्त हो रही हैं। उन्होंने सभी प्राधिकृत डॉक्यूमेंट राइटर एवं स्टांप वेंडर को आगाह करते हुए कहा कि यदि निर्धारित दरों से अधिक कोई भी सामान्य जनों से दाम वसूलते हुए पाया जाएगा तो उसके विरूद्ध नियमानुसार कड़ी कार्रवाई अमल में लाई जाएगी।

एसडीएम ने कहा कि सरकार ने विभिन्न तरह के कार्यों के लिए डॉक्युमेंट राइटर के लिए दरें निर्धारित की हुई हैं, जिनमें किसी भी प्रकार की अर्जी या आवेदन के लिये 20 रुपये, संपत्ति के मूल्य संबंधी डॉक्यूमेंट के लिए 30 व 20 रुपए, स्पेशल पावर ऑफ अटॉर्नी के 30 रुपए, सामान्य पॉवर ऑफ अटॉर्नी इत्यादि के लिए एक सौ रुपए, एग्रीमेंट के 30 रुपए शुल्क निर्धारित है। इसी तरह स्टांप वेंडर के लिये भी दरें निर्धारित की हुई हैं।


एक सौ रुपए तक ई-स्टांप पर तीन रुपए, एक हजार रुपये तक पांच रुपये तथा एक हजार रुपए से अधिक मूल्य के ई-स्टाम्प पर 10 रुपये का शुल्क निर्धारित है। यदि कोई भी डॉक्यूमेंट राइटर व स्टांप वेंडर सरकार द्वारा निर्धारित दरों से अधिक दाम वसूलता है तो लोग इस संबंध में तहसील कार्यालय या फिर एसडीएम कार्यालय में शिकायत दर्ज करवा सकते हैं।



# मणिमहेश यात्रा



## महिमा अपरंपार...









**भरमौर ।** मणिमहेश यात्रा के लिए श्रद्धालुओं का जोश देखते ही बन रहा है। लोग मीलों ट्रैफिक जाम से निकलकर कठिन चढ़ाई चढ़ने के बाद मणिमहेश की पवित्र झील तक पहुंच रहे हैं। प्रशासन और लोगों ने श्रद्धालुओं की सुविधा के लिए जगह-जगह लंगर लगाए हैं। उनकी सुरक्षा के लिए चप्पे-चप्पे पर पुलिस और सुरक्षा कर्मी तैनात किए हैं।










## न्यूज ब्रीफ

### ड्राइविंग टेस्ट व वाहन पासिंग के लिए शेड्यूल जारी

**अनंत ज्ञान, चंबा।** जिला चंबा में सितंबर माह के दौरान 16 से 27 सितंबर तक वाहनों की पासिंग व ड्राइविंग टेस्ट लिए जाएंगे। यह जानकारी क्षेत्रीय परिवहन अधिकारी चंबा राम प्रकाश ने दी है। उन्होंने बताया कि आरटीओ चंबा के तहत 16 व 27 सितंबर को वाहनों की फिटनेस जांच तथा 17 सितंबर को ड्राइविंग टेस्ट का आयोजन किया जाएगा। आरएलए चंबा के तहत 18 सितंबर को ड्राइविंग टेस्ट का आयोजन किया जाएगा। आरएलए भरमौर के तहत 26 सितंबर को दोपहर 1:00 तक ड्राइविंग टेस्ट तथा बाद दोपहर 2:00 बजे के उपरांत वाहनों की फिटनेस जांच की जाएगी। आरएलए चुवाड़ी के तहत 20 सितंबर को दोपहर 1:00 तक ड्राइविंग टेस्ट तथा बाद दोपहर 2:00 बजे के उपरांत वाहनों की फिटनेस जांच की जाएगी। आरएलए तीसा के तहत 25 सितंबर को दोपहर 1:00 तक ड्राइविंग टेस्ट तथा बाद दोपहर 2:00 बजे के उपरांत वाहनों की फिटनेस जांच की जाएगी। आरएलए सलूनी के तहत 19 सितंबर को दोपहर 1:00 तक ड्राइविंग टेस्ट तथा बाद दोपहर 2:00 बजे के उपरांत वाहनों की फिटनेस जांच की जाएगी। आरएलए बनीखेत के तहत 24 सितंबर को दोपहर 1:00 तक ड्राइविंग टेस्ट तथा बाद दोपहर 2:00 बजे के उपरांत वाहनों की फिटनेस जांच की जाएगी। राम प्रकाश ने बताया कि सभी स्थानों पर निर्धारित तिथियों में शाम 4:00 बजे तक वाहनों की फिटनेस जांच की जाएगी।

### आज होंगी जिला स्तरीय प्रतियोगिताएं : तुकेश कुमार

**अनंत ज्ञान, चंबा।** हिन्दी भाषी गतिविधियों को बढ़ावा देने के लिए भाषा एवं संस्कृति विभाग हिमाचल प्रदेश का निरंतर प्रयासरत है। राजकीय कामकाज से लेकर स्कूल व कॉलेज की युवा पीढ़ी तक हिन्दी भाषा को प्रोत्साहित करना विभाग का ध्येय रहा है। इस उद्देश्य से विभाग हर वर्ष राज्य तथा जिला स्तर पर राजभाषा पखवाड़ा मनाता है। भाषा एवं संस्कृति विभाग चम्बा द्वारा राजभाषा पखवाड़ा के तहत 1 सितम्बर, 2024 को प्रातः 10:00 बजे से बचत भवन चम्बा में जिला स्तरीय प्रतियोगिताओं का आयोजन किया जा रहा है। इन प्रतियोगिताओं में नवपीढ़ी को हिन्दी भाषा के साथ सहयोजित करने के लिए स्कूली बच्चों की हिन्दी भाषा में भाषण प्रतियोगिता, निबन्ध लेखन प्रतियोगिता, प्रश्नोत्तरी प्रतियोगिता आयोजित करवाई जाएगी। यह जानकारी जिला भाषा अधिकारी चंबा तुकेश कुमार ने दी है।

### 6500 रुपए चोरी करने वाला आरोपी काबू

**अनंत ज्ञान, मंडी।** क्षेत्रीय अस्पताल मंडी में एक महिला जो काउंटर में पर्ची बनाने के लिए लाइन में लगी थी व अपना थैला वहीं लगे लोहे के बेंच पर रखा था और थैले से 6500 रुपए चोरी होने का मामला सामने आया। मामले सदर थाना में दर्ज किया गया था। पुलिस ने आरोपी नीरज कुमार पुत्र स्व. कृष्ण चन्द निवासी गांव व डॉ दयारगी, उम्र 30 वर्ष से चोरीशुदा 6500 रु बरामद किए।

### एचपी शिवा परियोजना से प्रदेश की आर्थिकी होगी सुदृढ़ : नेगी



**अनंत ज्ञान, मंडी।** राजस्व, बागवानी, जनजातीय विकास एवं जन शिकायत निवारण मंत्री जगत सिंह नेगी ने सदर विधानसभा क्षेत्र की धन्यारा पंचायत में एचपी शिवा परियोजना के अंतर्गत लीची पौधरोपण अभियान का शुभारंभ किया। इस क्लस्टर में 17 हेक्टेयर भूमि पर लीची के 13 हजार से अधिक पौधे लगाए जाएंगे। क्लस्टर से 65 परिवार लाभान्वित होंगे। बागवानी मंत्री ने बताया कि शिवा परियोजना से प्रदेश की आर्थिकी मजबूत होगी। उन्होंने क्लस्टर से जुड़ने वाले बागवानों से जागरूक रहने और अपनी सक्रिय भागीदारी सुनिश्चित करने का आग्रह किया, तभी यह परियोजना सफल होगी। उन्होंने कहा कि शिवा परियोजना के पूरा होने पर 15 हजार से अधिक बागवान परियोजना से जुड़ जाएंगे। एशियन विकास बैंक द्वारा वित्तपोषित इस परियोजना पर 1398 करोड़ रुपए खर्च किए जा रहे हैं और यह परियोजना प्रदेश के सात जिलों में चलाई जा रही है। उन्होंने कहा कि पिछले वर्ष आई भयंकर बाढ़ के कारण हुए नुकसान की भरपाई के लिए केंद्र सरकार से कोई अतिरिक्त राहत प्रदेश सरकार को नहीं मिली है। केन्द्र से वही राशि मिली है जो आपदा के लिए हर राज्य को देय होती है। प्रदेश सरकार ने अपने संसाधनों से 4500 करोड़ रूपए की राशि आपदा में राहत कार्यों पर खर्च की है। मकान के टूट जाने पर 7 लाख रुपये की राहत दी।

## भरमौर में बढ़ी मणिमहेश श्रद्धालुओं की तादाद

**ओपी शर्मा, चंबा**



मंदिर के बाहर लाइन में दर्शनों के लिए खड़े लोग।

मणिमहेश यात्रा 2024 के मद्देनजर वीकेंड पर भरमौर में फिर से एक मणिमहेश आने वाले श्रद्धालुओं की तादाद बढ़ गई है। शुक्रवार के बाद यहां पर हर दिन सैंकड़ों गाड़ियां श्रद्धालुओं की भगवान भोलेनाथ के दर्शन करने के लिए मणिमहेश को पहुंच रही है।

श्रद्धालुओं के आने के बाद भरमौर के सभी होमस्टे और रेस्ट हाउस पूरी तरह से पैक चले हुए हैं। व्यापारी व कारोबारी भी अच्छे खासे खुश नजर आ रहे हैं। यहां पर हर रोज हजारों श्रद्धालु भगवान भोलेनाथ के दर्शन करने के बाद मणिमहेश की ओर रुख कर रहे हैं। हालांकि शाही स्नान राधा अष्टमी के दिन होगा। शाही स्नान के दिन भी यहां पर हजारों लोगों के पवित्र डल झील में स्नान करने का अनुमान लगाया जा रहा है। अभी तक प्रयास लगाए जा रहे हैं कि इस दौरान यहां पर 2 लाख से अधिक लोग मणिमहेश की यात्रा कर चुके हैं और प्रशासन उम्मीद कर रहा है कि इन लगभग 10 दिनों के भीतर एक लाख से अधिक मणिमहेश यात्री यहां पर पवित्र डल झील में डुबकी लगाने आ सकते हैं। इस बार मौसम के साथ रहने वह गर्म न्हौण होने के चलते अब तक लाखों लोग पिछले तीन-चार महीने से यहां पर आकर पवित्र डल झील में डुबकी लगा चुके हैं।

जानकारी के मुताबिक हर रोज सैंकड़ों दोपहियां वाहन भरमौर से मणिमहेश की ओर रुख कर रहे हैं। शनिवार को पड़ोसी राज्य जम्मू से पैदल शिव भक्तों का जाता भी भरमौर की दुर्गेठी पहुंच गया है जिसमें दर्जनों शिव भक्त महिलाएं बच्चे शामिल है। (अनंत ज्ञान)

## कूंर पंचायत के लोग मोबाइल सिग्नल न होने के कारण परेशान

**अनंत ज्ञान, भरमौर**

भरमौर के ग्राम पंचायत कूंर में मोबाइल सिग्नल न होने के कारण लोगों को काफी परेशानियों का सामना करना पड़ रहा है। यहां पर पिछले कई दिनों से सिग्नल कम हो जाने के कारण लोगों के मोबाइल शो पीस बनकर रह गए हैं।

यहां पर लोगों को एक दूसरे से बातचीत करने के लिए गांव से दूर सिग्नल वाली जगह पर पहुंचकर बातचीत करनी पड़ रही है। मोबाइल सिंगल ना होने के कारण यहां पर लोग लोग इंटरनेट सुविधा का भी उपयोग नहीं कर पा रहे हैं। लोगों ने यहां पर सरकार से टावर लगाने की मांग की है ताकि लोगों को बातचीत करने में समस्या न हो।

हालांकि इस दौरान यहां पर पंचायत में लगातार मेले लगे हुए हैं जिसमें बाहर से दर्जनों लोग इन मेलों को देखने के लिए आए हैं। लेकिन मोबाइल सिग्नल न होने के चलते लोगों को अपने रिश्तेदारों से बातचीत करने में काफी परेशानियों का सामना करना पड़ रहा है।

## सम्मान समारोह में पलक सम्मानित

**अनंत ज्ञान, सरकाघाट।** भारतीय सेना में शॉर्ट सर्विस कमीशन हासिल कर लेफ्टिनेंट बनने वाली होनहार पलक ठाकुर के सम्मान में सरसकान पंचायत द्वारा एक समारोह आयोजित किया गया और प्रधान उमेश ललित ने उन्हें सम्मानित किया। पंचायत प्रधान ने कहा कि नर्सिंग मानव सेवा, वित्तीय सुरक्षा और आत्म संतोष का एक सुंदर सम्मिश्रण है। पलक ठाकुर ने सरकारी स्कूल रावमापा बरोटी में पढ़ाई पूरी कर आईजीएमसी से नर्सिंग में स्नातक डिग्री हासिल की ।

## बरसात के दिनों में जलभराव से लोगों को मिलेगी निजात

**बबलू पठानिया, चुबाड़ी**



जानकारी देते हुए स्थानीय लोग।

मुख्य बाजार में बरसात के दिनों में जलभराव जैसी स्थिति बनने से अब निजात मिलेगी। मुख्य मार्कीट के साथ पुराने समय से बनी सिंचाई कूहल को पुन: सुचारू करके मुख्य मार्कीट के बारिश के पानी को ठिकाने लगाने के लिए जल शक्ति विभाग ने कूहल का निर्माण कार्य शुरू कर दिया है। इसके बनने से बाजार में जलभराव व एकतरफ ही पानी का निकास बनने से होने वाले नुक्सान से भी लोगों राहत मिलेगी। जल शक्ति विभाग की सिहुंता मार्कीट के मध्य होते हुए ओथड़ा हार की तरफ के लिए पुराने समय से एक सिंचाई कूहल हुआ करती थी।

वहीं लोगों की मांग को देखते हुए हिमाचल प्रदेश विधानसभा अध्यक्ष कुलदीप पठानिया ने जल शक्ति विभाग को आदेश देकर जल शक्ति विभाग के एसडीओ दिनेश पठानिया के निर्देशों व स्थानीय सिहुंता पंचायत की उपस्थिति में जेसीबी से पुरानी कूहल के पुराने रास्ते का आधार बनाकर इस कुहल के पुनर्निर्माण का कार्य शुरू कर दिया है। विभाग का कहना है कि लोगों के सहयोग के साथ जल्द ही इस कूहल को बनाकर तैयार कर दिया जाएगा।

इस कार्य से सिहुंता मार्कीट की कुछ दुकानों के लिए बाहरी हिस्से व प्रवेश सीढ़ियों को भी मशीन की सहायता से कूहल निर्माण के लिए हटाया गया है, जिस कारण दुकानदारों को अस्थायी तौर पर फट्टे आदि की पुली बनाकर अपना व्यापार का काम चलाना पड़ रहा है। स्थानीय वासियों ने विधानसभा अध्यक्ष कुलदीप सिंह पठानिया का आभार जताया इसमें अनिल कुमार प्रधान मदन सिंह उप प्रधान ओंकार सिंह कुलदीप सिंह, राजीव कुमार, रिंकू मेहरा, सुदेश कुमारी सहित समस्त इलाकावासियों ने विधानसभा अध्यक्ष कुलदीप सिंह पठानिया का आभार जताया।(अनंत ज्ञान)

## राष्ट्रीय पोषण माह के रूप में मनाया जाएगा सितंबर माह

**अनंत ज्ञान चंबा ।** 1 से 30 सितंबर तक राष्ट्रीय पोषण माह में मनाया जाएगा, जिसमें रोजाना सरकार द्वारा सुझाई गई अनेकों गतिविधियों का आयोजन किया जाएगा। यह जानकारी जिला कार्यक्रम अधिकारी चंबा राकेश चौधरी ने दी है। इस दौरान पूरे महीने जिला चंबा के विभिन्न क्षेत्रों में एनीमिया से संबंधित जांच उपचार तथा जागरूकता, विकास निगरानी, पूरक आहार, पोषण भी पढ़ाई भी, बेहतर प्रशासन के लिए प्रौद्योगिकी, पर्यावरण संरक्षण, पोषण को प्रभावित करने वाले फैक्टर तथा आम जन को जागरूक करने से संबंधित विभिन्न विषयों पर अनेक आयोजन किए जाएंगे। राकेश चौधरी ने बताया कि जिला चंबा के समस्त बाल विकास परियोजना अधिकारियों को जरूरी दिशा निर्देश दे दिए गए हैं।

## अनियंत्रित वाहन पैरापिट से टकराया, लोग बाल-बाल बचे

**अनंत ज्ञान, भरमौर**



भरमौर पुराने बस अड्डे से चौरासी मंदिर हेलीपैड मार्ग पर एक अनियंत्रित वाहन के पैरापिट से टकरा जाने से दर्जनों लोग बाल बाल बच गए। घटना उस समय हुई जब इस मार्ग पर मणिमहेश यात्रियों तथा स्थानीय लोगो की भारी भीड़ थी। हेलीपैड की ओर जा रही एक कार अचानक अनियंत्रित होकर सड़क किनारे जा टकराई। गनीमत रही कि इस घटना में किसी को भी चोट नही पहुंची। बाद में स्थानीय दुकानदारों तथा यात्रियों ने बड़ी मुश्किल से वाहन को बाहर निकाला। स्थानीय दुकानदारों का कहना है कि आपातकाल में एंबुलेंस या सरकारी वाहनों को छोड़ कर सभी वाहनों की आवाजाही बंद की जाए। उन्होंने कहा कि बाहरी क्षेत्रों से आने वाले मणिमहेश यात्री अपने वाहनों को हेलीपैड तक ले जाते हैं,जो चौरासी मंदिर के मुख्य गेट बाली खड़ी चढ़ाई में अक्सर अपना नियंत्रण खो देते है,जिस कारण कई बार वाहन बैक आ जाता है,जो कभी भी किसी भी अप्रिय घटना का कारण बन सकता है।

## पार्किंग को लेकर बनीखेतवासी परेशान, प्रशासन करे समाधान

**मुकेश कुमार, डलहौजी**



बनीखेत में इन दोनों पार्किंग की समस्या ने एक बार फिर से सर उठाना शुरू कर दिया है। बताते चलें की क्षेत्र का सबसे अधिक व्यस्त रहने वाला बनीखेत बाजार में ज्यादातर लोगों के वहां स्थाई रूप से ही सड़क किनारे खड़े रहते हैं जिसको लेकर कई बार यातायात अवरूद्ध होने की स्थिति उत्पन्न हो जाती है, इसको समस्या को लेकर बनीखेत बसअड्डा, सुर्खीगला, बैकुंठ नगर, मुख्य बाजार बनीखेत, कॉलेज रोड पद्दर में यहां वहां आडी टेडी खड़ी गाड़ियां अक्सर जाम की स्थिति उत्पन्न कर ही देती हैं हालांकि स्थानीय पुलिस द्वारा मुस्तादी बरतते हुए कई बार चालान भी किए जाते हैं किंतु उसके बावजूद भी इस समस्या का कोई स्थाई हल नहीं निकलता नजर आ रहा है।

बनीखेत पंचायत पार्किंग की मौजूदा हालात किसी से छुपी नहीं है वह भी ज्यादातर भरी ही रहती हैं और गाड़ियां पार्किंग से बाहर खड़ी देखने को मिल ही जाती हैं।

मंत्री हिमाचल प्रदेश सरकार विक्रमादित्य के डलहौजी दौरे के दौरान पार्किंग की समस्या को लेकर अवगत करवाया था किंतु अभी तक न तो सरकार की तरफ से ही कोई रुख साफ हो पाया है और न ही स्थानीय प्रशासन ने इस समस्या को लेकर कोई ठोस कदम ही उठाए हैं। (अनंत ज्ञान)

## बिजली की कम वोल्टेज से लोग परेशान



**अनंत ज्ञान, भरमौर।** भरमौर के गांव कुगती में पिछले 7 दिनों से बिजली लो वोल्टेज की समस्या चली हुई है। बिजली डिम होने के कारण पूरी पंचायत अंधेरे में है। प्रधान ग्राम पंचायत कुगती अनु बाला ने कहा कि पिछले एक सप्ताह से पूरी कुगती में बिजली लो वोल्टेज होने के कारण लोगों के ना तो टीवी चल रहे हैं और न ही मोबाइल चार्जिंग हो रहे हैं।

उन्होंने विभाग से इस समस्या का स्थाई समाधान करने की मांग उठाई है। सहायक अभियंता विद्युत विभाग भरमौर तेजू राम ने कहा कि समस्या के समाधान के लिए निर्देश दे दिए गए हैं।

## चंबा में व्यापारियों पर मंदी की मार, ठप रहा व्यापार

**अनंत ज्ञान, चंबा**

जिला मुख्यालय चंबा के मुख्य बाजार में व्यापारी इन दिनों गंभीर मंदी का सामना कर रहे हैं। अंतरराष्ट्रीय मिंजर मेले के दौरान शहर के स्थानीय दुकानदारों का व्यापार पूरी तरह ठप हो जाता है, और मेला समाप्त होने के बाद भी उन्हें लंबे समय तक इस मंदी का सामना करना पड़ता है।

व्यापारियों को उम्मीद होती है कि मणिमहेश यात्रा के दौरान बाहर से आने वाले श्रद्धालु उनके व्यापार को बढ़ावा देंगे, लेकिन इस बार प्रशासन द्वारा यातायात को सुचारू रखने के लिए श्रद्धालुओं को बाईपास चामुंडा मार्ग से भेजे जाने के कारण शहर के मुख्य बाजार में श्रद्धालुओं की संख्या बहुत कम हो गई है।

स्थानीय दुकानदारों ने अपनी चिंता व्यक्त करते हुए बताया कि मिंजर मेले के बाद से उनका व्यापार बिल्कुल ठप पड़ा हुआ है। उन्होंने कहा कि मणिमहेश यात्रा उनके लिए एक महत्वपूर्ण समय होता है, जब वे उम्मीद करते हैं कि श्रद्धालुओं की वजह से उनका व्यापार कुछ हद तक बढ़ जाएगा, लेकिन व्यापारी काफी निराश हैं।

व्यापारियों ने प्रशासन से अपील की है कि श्रद्धालुओं को मुख्य मार्ग से आने की अनुमति दी जाए, ताकि वे शहर में प्रवेश कर सकें और उनके व्यापार को थोड़ी राहत मिल सके।

## पदक तालिक (टॉप-10)

| क्रम | देश | स्वर्ण | रजत | कांस्य | कुल |
|---|---|---|---|---|---|
| 01. | चीन | 14 | 09 | 05 | 28 |
| 02. | ग्रेट ब्रिटेन | 06 | 06 | 04 | 16 |
| 03. | ब्राजील | 05 | 01 | 08 | 14 |
| 04. | नीदरलैंड | 04 | 01 | 01 | 06 |
| 05. | ऑस्ट्रेलिया | 03 | 03 | 03 | 09 |
| 06. | इटली | 03 | 02 | 08 | 13 |
| 07. | उज्बेकिस्तान | 03 | 02 | 02 | 07 |
| 08. | फ्रांस | 02 | 05 | 05 | 12 |
| 09. | कोरिया | 02 | 02 | 04 | 08 |
| 10. | कोलंबिया | 02 | 01 | 01 | 04 |
| 18. | भारत | 01 | 01 | 02 | 04 |

# पैरालंपिक : रूबिना फ्रांसिस 10 मीटर एयर पिस्टल के फाइनल में

**एजेंसी, शेटराउ**

भारतीय निशानेबाज रूबिना फ्रांसिस शनिवार को यहां शानदार जज्बा दिखाते हुए 7वें स्थान पर रहकर पैरालंपिक खेलों की महिलाओं की 10 मीटर एयर पिस्टल (एसएच1) फाइनल के लिए क्वालीफाई किया जबकि पुरुषों की 10 मीटर एयर राइफल स्टैंडिंग (एसएच1) स्पर्धा में स्वरूप उन्हाल्कर प्रभावित करने में विफल रहे।

रूबिना (25 वर्ष) क्वालीफिकेशन दौर के ज्यादातर हिस्से में शीर्ष-8 निशानेबाजों से पिछड़ रही थीं लेकिन उन्होंने अंत में तेजी दिखाई और पदक दौड़ में पहुंची। वहीं इससे पहले अपने दूसरे पैरालंपिक में हिस्सा ले रहे स्वरूप पुरुषों की 10 मीटर एयर राइफल स्टैंडिंग (एसएच1) के क्वालीफिकेशन दौर में निराशाजनक 14वें स्थान पर रहे और आठ खिलाड़ियों के फाइनल में जगह बनाने में विफल रहे। तीन साल पहले टोक्यो पैरालंपिक में 38 वर्षीय स्वरूप कांस्य पदक से चूक गए थे। शनिवार को भी वह 18 निशानेबाजों में 613.4 अंक ही बना सके।



## अरशद शेख, ज्योति गडेरिया ने निराश किया

भारतीय साइकिलिस्ट अरशद शेख और ज्योति गडेरिया शनिवार को यहां पेरिस पैरालंपिक में अपनी ट्रैक साइकिलिंग स्पर्धाओं में प्रभावित करने में विफल रहे और क्वालीफिकेशन दौर में बाहर हो गए। पुरुषों के 1,000 मीटर टाइम ट्रायल सी13 के क्वालीफाइंग चरण में शेख 1:21.416 मिनट के समय से निराशाजनक निचले (17वें) पायदान पर रहे और फाइनल दौर में जगह बनाने में विफल रहे।

ज्योति भी महिलाओं की 500 मीटर टाइम ट्रायल सी1-3 क्वालीफाइंग स्पर्धा में 49.233 मिनट के समय से निचले (11वें) स्थान पर रहीं।

## मनदीप कौर एसएल3 के एकल क्वार्टर फाइनल में

**भारतीय** बैडमिंटन खिलाड़ी मनदीप कौर ने पेरिस पैरालिंपिक में महिला एकल एसएल3 स्पर्धा में शनिवार को यहां ऑस्ट्रेलिया की विनोट सेलीन औरेली को हराकर महिला एकल के क्वार्टर फाइनल में प्रवेश किया। मनदीप ने अपनी ऑस्ट्रेलियाई प्रतिद्वंद्वी के खिलाफ ग्रुप-बी में अपना आखिरी मैच 21-23, 21-10, 21-17 से जीता। वह अपना पहला मैच नाइजीरिया की बोलाजी मरियम से हार गई थीं। क्वार्टरफाइनल में पहुंचने के लिए भारतीय खिलाड़ी के लिए यह मैच जीतना जरूरी था। उन्होंने तीन खिलाड़ियों के ग्रुप-बी में दूसरा स्थान हासिल किया। मरियम ने ग्रुप में शीर्ष पर रहकर सेमीफाइनल में प्रवेश किया।

एसएल3 वर्ग निचले अंगों की गंभीर विकलांगता वाले खिलाड़ियों के लिए है। वे आधी चौड़ाई वाले कोर्ट पर खेलते हैं।



## स्पोर्ट्स विंडो

### समित द्रविड़ अंडर-19 टीम में शामिल

**नई दिल्ली।** भारत के पूर्व कप्तान और मुख्य कोच राहुल द्रविड़ के बेटे समित द्रविड़ को ऑस्ट्रेलिया के खिलाफ आगामी सीरीज के लिए भारत की अंडर-19 टीम में शामिल किया गया है। तीन मैचों की वनडे सीरीज 21, 23 और 26 सितंबर को पुडुचेरी में होगी, जिसमें भारतीय टीम का नेतृत्व उत्तर प्रदेश के मोहम्मद अमान करेंगे। इसके बाद इन दोनों टीम के बीच चेन्नई में 2 चार दिवसीय मैच खेले जाएंगे। पहला मैच 30 सितंबर से जबकि दूसरा मैच सात अक्तूबर से शुरू होगा। इन दोनों मैच में भारतीय टीम की कप्तानी मध्य प्रदेश के सोहम पटवर्धन करेंगे।



### शुभंकर ने कट में जगह बनाई

**बेल्फ्राइ (ब्रिटेन)।** डीपी वर्ल्ड टूर पर दो बार के विजेता भारत के शुभंकर शर्मा दूसरे दिन का समापन बोगी से करने के बावजूद ब्रिटिश मास्टर्स गोल्फ टूर्नामेंट के कट में जगह बनाने में सफल रहे। शुभंकर ने दूसरे दौर में इवन पार 72 का स्कोर किया। उन्होंने पहले दौर में एक अंडर 71 का स्कोर किया था। वह दूसरे दौर के बाद संयुक्त 37वें स्थान पर थे। इस प्रतियोगिता में भाग ले रहे एक अन्य भारतीय खिलाड़ी ओम प्रकाश (71-83) दूसरे राउंड में खराब प्रदर्शन के कारण कट से चूक गए। पहले दौर में 69 का कार्ड खेलने वाले इंग्लैंड के टायरेल हैटन ने दूसरे दौर में सात अंडर पार 65 का स्कोर बनाया, जिससे वह एक शॉट की बढ़त हासिल करने में सफल रहे।

### दीक्षा डागर संयुक्त 55वें स्थान पर

**डबलिन (आयरलैंड)।** भारतीय गोल्फर दीक्षा डागर दूसरे दौर में एक ओवर का कार्ड खेलने के बावजूद यहां केपीएमजी महिला आयरिश ओपन में कट में जगह बनाने में सफल रहीं। दो बार की लेडीज यूरोपियन टूर विजेता दीक्षा पर एक समय कट से चूकने का खतरा मंडरा रहा था, लेकिन उन्होंने 17वें होल पर बर्डी लगाकर दिन का समापन एक ओवर पर किया।



ओलंपियन दीक्षा ने पहले दौर में एक अंडर 72 का स्कोर किया था। वह अभी संयुक्त रूप से 55वें स्थान पर हैं। भारत की अन्य खिलाड़ियों में प्रणवी उर्स (73-74), त्वेसा मलिक संधू (76-78) और रिधिमा दिलावरी (79-76) कट से चूक गईं।

### नताशा ने शेयर की इंस्टाग्राम पोस्ट

**नई दिल्ली।** हार्दिक पांड्या की पूर्व पत्नी नताशा स्टेनकोविक ने अपने इंस्टाग्राम पर एक वीडियो पोस्ट किया है, जिसमें वह सड़क पर वॉक करती हुई दिखाई दे रही हैं। वीडियो देख लग रहा है कि किसी ब्रांड के लिए उन्होंने शूट करवाया है। वहीं नताशा के पोस्ट पर हार्दिक के फैंस ने कमेंटकर लिखा कि हार्दिक पांड्या की सबसे बड़ी गलती वॉक करती हुई।



# गत चैंपियन नोवाक उलटफेर का शिकार

## ऑस्ट्रेलिया के एलेक्सी पोपिरिन ने 6-4, 6-4, 2-6, 6-4 से हराया

**एजेंसी, न्यूयॉर्क**

गत चैंपियन नोवाक जोकोविच चार सेट तक चले मुकाबले में हारकर अमेरिकी ओपन टेनिस टूर्नामेंट से बाहर हो गए। जोकोविच को ऑस्ट्रेलिया के 28वीं वरीयता प्राप्त एलेक्सी पोपिरिन ने 6-4, 6-4, 2-6, 6-4 से हराया।

यह 2017 के बाद पहला अवसर है जबकि दूसरी वरीयता प्राप्त जोकोविच साल में एक भी ग्रैंड स्लैम टूर्नामेंट नहीं जीत पाए। इससे पहले 2010 में भी ऐसा हुआ था।

### प्वाइंट कार्ड

| पोपिरिन | | जोकोविच |
|---|---|---|
| 15 | एस | 16 |
| 06 | डब्ल फॉल्ट | 14 |
| 59% | पहली सर्व | 59% |
| 74% | पहली सर्व जीती | 71% |
| 52% | दूसरी सर्व जीती | 64% |
| 5/12 | ब्रेक प्वाइंट | 4/16 |
| 00 | टाइब्रेक जीता | 00 |
| 130 | प्वाइंट जीते | 127 |



"ईमानदारी से कहूं तो यह मेरा अभी तक का सबसे खराब प्रदर्शन है। यह मैच मेरे लिए किसी दुस्वप्न की तरह था। मैं अपने सर्वश्रेष्ठ के करीब भी नहीं खेल पाया।"
**-नोवाक जोकोविच**



## गत चैंपियन कोको गॉफ अगले दौर में

**महिला** वर्ग में पिछली चैंपियन और तीसरी वरीयता प्राप्त अमेरिका की कोको गॉफ पहला सेट गंवाने के बावजूद आगे बढ़ने में सफल रही। अमेरिका की इस खिलाड़ी ने 27वीं वरीयता प्राप्त एलिना स्वितोलिना को 3-6, 6-3, 6-3 से हराकर अपने खिताब का बचाव करने की तरफ मजबूत कदम बढ़ाए।

उनका अगला मुकाबला एम्मा नवारो से होगा, जिन्होंने तीन सेट तक चले मैच में जीत दर्ज करके अगले दौर में जगह सुरक्षित की। इस 13वीं वरीयता प्राप्त खिलाड़ी ने 19वीं वरीय मार्टा कोस्ट्युक पर 6-4, 4-6, 6-3 से जीत दर्ज की। महिला वर्ग में ही आर्यना सबालेंका ने पहला सेट हारने के बाद अच्छी वापसी की और 29वीं वरीयता प्राप्त एकातेरिना अलेक्जेंड्रोवा को 2-6, 6-1, 6-2 से हराकर चौथे दौर में जगह बनाई।

## बडोनी ने टी-20 की एक पारी में सर्वाधिक छक्कों का रिकॉर्ड तोड़ा

**नई दिल्ली।** आयुष बडोनी (165) ने 19 छक्कों के साथ किसी टी-20 पारी का नया रिकॉर्ड कायम किया तो वहीं प्रियांश आर्य (120) ने एक ओवर में छह छक्के लगाए जिससे साउथ दिल्ली सुपरस्टार्स ने दिल्ली प्रीमियर लीग (डीपीएल) में शनिवार को नॉर्थ दिल्ली स्ट्राइकर्स के खिलाफ पांच विकेट पर 308 रन बनाए। यह टी-20 मैच का दूसरा सबसे बड़ा स्कोर है।



भारतीय अंडर-19 टीम के खिलाड़ी आर्य ने साउथ दिल्ली की पारी के 12वें ओवर में छह छक्के लगाए लेकिन बडोनी ने उनसे ज्यादा आक्रामक बल्लेबाजी की।

इंडियन प्रीमियर लीग में लखनऊ सुपर जायंट्स के लिए खेलने वाले बडोनी ने 19 छक्के जड़े जो टी-20 क्रिकेट का नया रिकॉर्ड है। दाएं हाथ के इस बल्लेबाज ने अपनी 55 गेंद की पारी में आठ चौके भी लगाए। टी-20 मैच की किसी पारी में सबसे ज्यादा छक्के लगाने का रिकॉर्ड इससे पहले संयुक्त रूप से वेस्टइंडीज के क्रिस गेल और एस्टोनिया के साहिल चौहान के नाम था। दोनों बल्लेबाजों ने एक समान 18 छक्के लगाए थे।

# रोहड़ू की प्रज्ञा ने हिमाचल की बैडमिंटन टीम में बनाई जगह

**दशमी रावत, रोहड़ू**

रोहड़ू की 16 वर्षीय प्रज्ञा वर्मा पुत्री राकेश वर्मा व मोनाली वर्मा ने हिमाचल की बैडमिंटन टीम में जगह बनाई। प्रज्ञा वर्मा ने बिलासपुर में 28 से 30 अगस्त तक आयोजित राज्य स्तरीय बैडमिंटन प्रतियोगिता में अंडर-19 के एकल वर्ग में दूसरा, युगल में पहला व मिश्रित युगल में पहला स्थान हासिल किया। वहीं ओपन के एकल वर्ग में दूसरा, युगल में पहला स्थान व मिश्रित युगल में भी पहला स्थान हासिल किया है। (अनंत ज्ञान)



**रावलपिंडी टेस्ट** मेजबान की पहली पारी 274 रनों पर सिमटी

# मिराज के 'पंजे' में फंसा पाकिस्तान

**एजेंसी, रावलपिंडी**

मेंहदी हसन मिराज की शानदार गेंदाबीज से बांग्लादेश ने पाकिस्तान को दूसरे टेस्ट के दूसरे दिन पहली पारी में 274 रनों पर सिमेट दिया। इस मैच में पहले दिन का खेल बारिश की वजह से नहीं हो पाया था, लेकिन दूसरे दिन बांग्लादेश ने टॉस जीतकर पहले गेंदबाजी करने का फैसला किया।

पहली पारी में पाकिस्तान की टीम 85.1 ओवर में 274 रनों पर ऑलआउट हो गई। पाकिस्तान की तरफ से कप्तान शान मसूद ने 57 रन की पारी खेली जबकि सईम अयूब ने टीम के लिए अहम 58 रन बनाए। बाबर आजम पहली पारी में फेल रहे और वो 31 रन बनाकर आउट हुए।

आगा सलमान ने 54 रन की अहम पारी खेली। पहली पारी में बांग्लादेश की तरफ से मेंहदी हसन मिराज ने 5 विकेट लिए जबकि तास्कीन अहमद ने 3 विकेट झटके। बता दें कि दो टेस्ट मैच की इस सीरीज में पाकिस्तान 0-1 से पीछे है। दिन का खेल समाप्त होने तक बांग्लादेश ने 2 ओवर में बिना विकेट गवाएं 10 रन बना लिए थे।




दूसरे टेस्ट के दूसरे दिन तस्कीन अहमद की गेंद पर क्लीन बोल्ड होते पाकिस्तान के बल्लेबाज अब्दुल्ला शफीक।